मो.शमी ने 2023 विश्व कप में विकेट लेने... पेज 12 पर



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 08 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-52 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00




## गागर में सागर

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी

**रांची।** धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या के बाद राज्य के सभी जेलों में औचक निरीक्षण की कार्रवाई चल रही है। इसी कड़ी में गुरुवार सुबह करीब पांच बजे डीसी के निर्देश पर रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी की गई। यह छापेमारी करीब आठ बजे तक चली। जेल के अंदर प्रत्येक वार्ड एवं सेल की गहन तलाशी ली गई। छापेमारी का नेतृत्व डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने किया। इस दौरान जेल में मौजूद अस्पताल की भी गहन जांच की गई। साथ ही महिला पुलिसकर्मियों ने प्रत्येक महिला वार्ड की भी तलाशी ली। छापेमारी दल ने महिला कैदी वार्ड के अलावा जेल के हॉस्पिटल को भी खंगाला। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि छापेमारी के दौरान किसी भी तरह का कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है। हर वार्ड को बारीकी से खंगाला गया है।टीम में रांची सिटी एसपी राजकुमार मेहता, एसडीएम, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर भी शामिल थे।उल्लेखनीय है कि रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में कई कुख्यात अपराधियों और नक्सलियों के अलावा हाई प्रोफाइल कैदी भी बंद हैं। कई पावर ब्रोकर और जमीन के कारोबारी भी बंद हैं। पिछले दिनों इसी जेल के अधीक्षक और जेलर की कार्यशैली पर ईडी द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद दोनों का तबादला कर दिया गया था।

### राज्य के नए मुख्य सचिव एल. ख्यांगते ने संभाला पदभार

**रांची।** राज्य के नए मुख्य सचिव एल खियांगते ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रोजेक्ट भवन सचिवालय स्थित मुख्य सचिव कार्यालय में पूर्वाह्न 10:30 बजे सीएस पद का प्रभार लिया। नए मुख्य सचिव ने पत्रकारों से कहा कि राज्य का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा। विकास योजनाएं सभी तक पहुंचें इस पर जोर होगा।राज्य सरकार ने छह दिसंबर को ही मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को स्थानांतरित करते हुए उन्हें एटीआई का डीजी बनाया था तथा एल खियांगते को राज्य का नया मुख्य सचिव बनाया गया था। 1988 बैच के आईएएस अधिकारी एल खियांगते राज्य के 24वें मुख्य सचिव हैं।सरकार के इस फैसले के तुरंत बाद शाम में ही सुखदेव सिंह ने अपना प्रभार त्याग दिया था लेकिन एल. खियांगते रांची से बाहर थे। इस वजह से वे बुधवार को मुख्य सचिव पद पर योगदान नहीं दिए। सुबह ही उन्होंने इसका प्रभार लिया। इस अवसर पर मुख्य सचिव कार्यालय के अधिकारियों-कर्मियों ने उनका स्वागत किया।इस मौके प्रमुख रूप से सुनील कुमार, अमिताभ कौशल, अबूबकर सिद्दीकी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### पंकज मिश्रा सहित आठ लोगों के ठिकानों पर सीबीआई की रेड, अवैध खनन से जुड़ा है मामला

**साहिबगंज।** साहिबगंज में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश की बूंदा बांदी से मौसम में ठंडी हैं लेकिन आज साहिबगंज में सीबीआई की रेड ने बाजार में चर्चाओं में गर्माहट ला दी हैं। आज सीबीआई की 40 सदस्यीय आठ टीम अपने वरीय अधिकारी केके सिंह के नेतृत्व में पंकज मिश्रा, छोटू यादव, दाहू यादव सहित आठ ठिकानों पर छापे मारे हैं। बताया जाता हैं कि साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ के खनन घोटाले में ईडी की गवाह रहे विजय हांसदा के गवाही से मुकरने के मामले में यह छापे पड़े हैं। 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा जो ईडी केस में रांची के जेल में पिछले डेढ़ साल से बंद हैं। पंकज मिश्रा मुख्यमंत्री के काफी करीबी और जेएमएम के केंदीय सचिव हैं. विजय हांसदा जो अवैध खनन मामले में ईडी के गवाह थे जो बाद में अपने बयान से मुकर गए। इस मामले की जांच रांची हाई कोर्ट ने सीबीआई को सौंपा. इसी मामले में सीबीआई की आज की रेड बताई जा रही हैं।

### सारंडा में मिसिर बेसरा दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़, कई नक्सलियों के घायल होने की सूचना

**गुवा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में पुलिस नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ की खबर है। यहाँ सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान कई नक्सलियों को घायल कर दिया है और माओवादी अस्थाई कैम्प को भी ध्वस्त कर दिया है। सूत्रों की माने तो इस मुठभेड़ में माओवादी नेता मिसिर बेसरा और अनल उर्फ पतिराम माझी जैसे ईनामी नक्सली के दस्ते को पुलिस ने घेर रखा।मुठभेड़ को लेकर पूरे सारंडा में हाई अलर्ट जारी किया गया है। सभी चेक नाका से लेकर ओडिशा के बॉर्डर तक पुलिस की पैनी नजर है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुतबिक यह मुठभेड़ जराइकेला थाना क्षेत्र के कोलभंगा के पास घटी है। फिलहाल इस खबर की पुष्टि एसपी के द्वारा नहीं की जा रही है। एसपी ने केवल इतनी जानकारी दी है की ईलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह मुठभेड़ बुधवार दोपहर से रुक रुक कर चल रही है। मुठभेड़ में कोबरा, सीआरपीएफ और झारखण्ड जगुआर के जवान शामिल हैं। जानकारी मिल रही है की सुरक्षाबल एक बड़ी कामयाबी की ओर बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने 348.10 करोड़ रुपये की 452 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# सरकार की योजनाओं से जुड़कर बनें विकास में भागीदार : हेमंत सोरेन

**2 लाख 26 हजार 85 लाभुकों के बीच 204.11 करोड़ रुपये की बांटी परिसंपत्तियां**

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह सरकार घर-घर पहुंच रही है। जनता की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता से सुन रही है और उसका समाधान कर रही है। आप अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़ें और खुद को सशक्त और स्वावलंबी बनाने के साथ राज्य के विकास में भागीदार बनें।मुख्यमंत्री गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका के मानपुर पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर गरीब और जरूरतमंद को रोटी, कपड़ा और मकान के साथ पेंशन के तौर पर सामाजिक सुरक्षा दे रही है। हमारी सरकार ने 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन स्वीकृत कर उन्हें अनाज दे रही है। सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत गरीबों को वर्ष में दो बार मात्र 10 रुपये में धोती या लूंगी तथा साड़ी उपलब्ध करा रही है। अब हमारी सरकार ने 8 लाख गरीबों के अपने आशियाना के सपने को पूरा करेगी। इसके लिए अबुआ आवास योजना शुरू की गई है। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांगों को पेंशन मिल रहा है। सबसे बड़ी बात है कि महीना शुरू होने के पहले ही पेंशन की राशि उनके खाते में डाल दी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार गरीबों, जरूरतमंदों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की सरकार है। इनके कल्याण और सशक्तीकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। व्यवसाय के लिए बिना गारंटी मिलेगी राशि मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार पूरी ताकत के साथ काम कर रही है अब तक सरकारी और निजी क्षेत्र में 60 हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरी दे चुके हैं। अभी भी बड़े पैमाने पर विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो नौजवान व्यवसाय करना चाहते हैं, उनके लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना है। इस योजना के माध्यम से व्यवसाय करने के लिए युवाओं को सरकार के द्वारा पूंजी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए आपको किसी गारंटर की जरूरत नहीं होगी। सरकार आपकी गारंटर बनेगी। मुख्यमंत्री ने नौजवानों से कहा कि आप इस योजना का लाभ लें और दूसरों की गाड़ी चलाने अथवा दूसरों की दुकान में काम करने की बजाय अपनी गाड़ी का मालिक बने और अपना व्यवसाय करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक बच्चे-बच्चियां भी डॉक्टर , इंजीनियर और अफसर बनेंगे। आर्थिक तंगी के कारण कोई बच्ची पढ़ाई नहीं छोड़े। इसके लिए सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से उन्हें जोड़ा गया है। विदेश में उच्च शिक्षा के लिए शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप देने की भी योजना सरकार ने शुरू की है। युवाओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ और जर्नलिज्म जैसे कोर्सेज को करने के लिए सरकार आर्थिक सहायता दे रही है।348 करोड़ का दिया सौगात मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 348.1 करोड़ रुपये की 452 योजनाओं की सौगात पूर्वी सिंहभूम को दी। इसमें 53.28 करोड़ रुपये की 100 योजनाओं का उद्घाटन और 294.82 करोड़ रुपये की 352 योजनाओं की नींव रखी गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 02 लाख 26 हजार 85 लाभुकों के बीच 204.11 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां बांटी।



# धीरज साहू के कई ठिकानों पर छापेमारी, 300 करोड़ जब्त

- बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के दफ्तर से नकद 150 करोड़ मिले
- कंपनी के संबलपुर में कॉर्पोरेट ऑफिस से भी 150 करोड़ से ज्यादा बरामद
- कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के पांच से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी
- 50 करोड़ रुपये की गिनती के बाद रुपये गिनने वाली मशीन ही खराब हो गई
- रामचंद्र रूंगटा के रामगढ़-रांची स्थित प्लांट व कार्यालय में सुबह से चल रही छापेमारी
- जमशेदपुर के विक्की भालोटिया के घर भी छापेमारी, कोलकाता से लिया हिरासत में



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में आयकर विभाग एक बार फिर पूरी आक्रमकता से सक्रिय है। इससे कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बुधवार को उनके रांची रेडियम रोड स्थित आवास सुशीला निकेतन, लोहरदगा स्थित आवास व ओडिशा के संबलपुर के दो शराब कंपनियों समेत 6 ठिकानों छापेमारी हुई है। उनके रिश्तेदारों और करीबियों की ओडिशा स्थित कई शराब कंपनियों पर छापेमारी के दौरान 300 करोड़ से ज्यादा नकद बरामद किया गया है। इनमें से कुछ कंपनियों में धीरज प्रसाद साहू भी डायरेक्टर हैं। बलांगिर स्थित बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के दफ्तर से 150 करोड़ से ज्यादा नकद और संबलपुर में कॉर्पोरेट ऑफिस से भी 150 करोड़ से ज्यादा नकद जब्त हुआ है। बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स में चोरी की वजह से यह छापेमारी हुई है। राज्यसभा सांसद धीरज साहू लोहरदगा में रहते हैं, उनके लोहरदगा आवास पर 6 दिसंबर को इनकम टैक्स की टीम पहुंची थी। लेकिन यहां आने से पहले उनके रिश्तेदारों और करीबियों द्वारा ओडिशा के संबलपुर और बलांगिर में संचालित शराब कंपनियों पर दबीश दी गई थी। सूत्रों ने बताया कि इतनी रकम देखकर इनकम शेष पृष्ठ 11 पर

# जनरल छात्रों को भी मिलेगी छात्रवृत्ति

**झारखंड कैबिनेट की बैठक में 27 प्रस्तावों पर लगी मुहर, धान खरीद पर 117 रुपये का अतिरिक्त बोनस**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें प्रमुख रूप से विधानसभा के शीतकालीन सत्र को 15 दिसंबर से आहूत करना है। सत्र 21 दिसंबर तक चलेगा। इसमें छह कार्य दिवस होंगे। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि बैठक में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले सामान्य वर्ग के छात्रों को भी एसटी-एससी, ओबीसी के छात्रों के बराबर छात्रवृत्ति देने की मंजूरी दी गयी। मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए संशोधन को भी स्वीकृति दी गयी। इसके तहत एसटी-एससी के बच्चों के बराबर ही सामान्य वर्ग के बच्चों को भी 4500 रुपये की छात्रवृति दी जाएगी। कक्षा एक से पांच के छात्रों को 1500 रुपये और कक्षा छह से आठ के छात्रों को 2500 रुपये छात्रवृत्ति दी शेष पृष्ठ 11 पर

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- कैबिनेट में 280 नव उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय में योजना मद में सृजित पदों को गैर योजना मद में सृजित किया गया। नवसृजित 1353 माध्यमिक स्कूल का पद परिवर्तित किया गया।
- धनवार और डोमचांच शहरी जालेपुर की योजना की मंजूरी दी गई।
- स्वास्थ्य पदाधिकारी रजनी देवी को सेवा से बर्खास्त किया गया। वह लंबे समय से अनुपस्थित थीं।
- 180 मदरसा और 11 राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मियों को पुरानी पेंशन मिलेगी। इसका विकल्प दिया जायेगा। इसमें 39 करोड़ रुपये का व्यय होगा।
- किसानों को धान खरीद पर 117 रुपये का अतिरिक्त बोनस दिया जायेगा।

कांग्रेस बैकफुट पर जाये न जाये

# जेएमएम के फ्रंट फुट पर आने का मार्ग प्रशस्त

**चार राज्यों के विधान सभा चुनाव परिणाम का झारखंड की राजनीति पर भी असर**

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** चार राज्यों के विधान सभा चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस भले ही बैक फुट पर न जाये। जेएमएम के प्रदेश में फ्रंटफुट पर आकर राजनीति करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वहीं परिणाम ने झामुमो नेतृत्व को अपनी रणनीति पर भी नये सिरे से विचार करने को भी विवश किया है। आसन्न लोकसभा चुनाव के ठीक पहले हुए पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव परिणाम पर आम जनता के साथ सभी राजनीतिक व क्षेत्रीय पार्टियों की पैनी नजर थी। विशेषकर आईएनडीआईए गठबंधन के घटक दलों की। झारखंड के परिप्रेक्ष्य में विधान सभा की सबसे बड़ी पार्टी झामुमो गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही है। लोक सभा चुनाव में भी बड़े भाई की भूमिका में रहने की हसरत समय-समय पर बाहर भी निकलती रही है। राजस्थान, मध्य प्रदेश के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार ने जेएमएम की संभावनाओं को काफी बल प्रदान किया है। राजनीतिक शेष पृष्ठ 11 पर



### भाजपा को मिल गई संजीवनी

लोकसभा चुनाव के पहले बीजेपी नेता जिस संजीवनी की तलाश में थे। विधान सभा चुनावों के परिणाम से उन्हें प्रदान कर दी है। पिछले विधान सभा में चुनाव में झारखंड के आदिवासी बाहुल्य सीटों पर करारी हार अभी तक प्रदेश बीजेपी के नेताओं को सालती रही है। यही कारण है कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद से ही बाबूलाल मरांडी पूरा फोकस आदिवासी बाहुल्य संथाल परगना व कोल्हान क्षेत्र में दिये हुए हैं। उन्होंने संकल्प यात्रा के साथ आदिवासी संकल्प यात्रा की शुरूआत भी यहीं से की है।

# पीओके छीनकर दिखाओ पूरा देश आपको देगा वोट!



सुनील बादल

**पाकिस्तान** के लिए कश्मीर सबसे प्रिय विषय रहा है और उनके चंद समर्थक भारत में भी कश्मीर राग अलापते रहे हैं। इधर भारतीय जनता पार्टी असंभव से लगते अपने दो वादों राम मंदिर निर्माण और कश्मीर के विशेष दर्जे वाले धारा 370 और अनुच्छेद 35ए को हटाकर उत्साहित है और गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की भूल बताते हुए जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो विधेयक जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 लोकसभा से पारित करा लिया । पहला विधेयक जम्मू कश्मीर आरक्षण अधिनियम 2004 में संशोधन करता है। यह अनुसूचित जाति और जनजाति के अलावा अन्य सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों को नौकरियों और व्यावसायिक संस्थानों में आरक्षण प्रदान करता है। दूसरी ओर जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 में संशोधन करता है। प्रस्तावित विधेयक से विधानसभा सीटों की कुल संख्या बढ़कर 83 से बढ़कर 90 हो जाएगी। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 7 सीटें और अनुसूचित जनजाति के लिए 9 सीटें आरक्षित हैं। साथ ही उपराज्यपाल कश्मीरी प्रवासी समुदाय से एक महिला सहित दो सदस्यों को विधान सभा में नामांकित कर सकते हैं। पीओके लिए 24 सीटें आरक्षित की गई हैं। जम्मू-कश्मीर राज्य के विभाजन से पहले विधानसभा में कुल 111 सीटें थीं। इनमें कश्मीर डिवीजन में 46, जम्मू डिवीजन में 37, लद्दाख में चार और बाकी 24 सीटें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके के लिए आरक्षित थीं। 4 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को



निरस्त कर दिया गया। इससे राज्य को मिला विशेष स्थिति का दर्जा खत्म हो गया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में 107 सीटें रह गईं। विधानसभा मानचित्र को फिर से तैयार करने के लिए 2020 में केंद्र सरकार ने परिसीमन आयोग का गठन किया। उसने जम्मू क्षेत्र के लिए छह अतिरिक्त सीटों (संशोधित 43) और कश्मीर घाटी के लिए एक (संशोधित 47) की सिफारिश की। इससे विधानसभा सीटों की कुल संख्या हो गई 90 हो गई। इसमें पीओके में रहने वाले लोगों के लिए आरक्षित 24 सीटें शामिल नहीं हैं। ये सीटें तब तक खाली रहेंगी जब तक कि इस क्षेत्र पर पाकिस्तान का कब्जा खत्म नहीं हो जाता। साथ ही वहां रहने वाले लोग अपने प्रतिनिधियों का चुनाव नहीं कर लेते। यह सरकार की पीओके को पाकिस्तान के कब्जे से खाली कराने की प्रतिबद्धता को भी जाहिर करता है।

1947 में हरिसिंह के विलय समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद भारतीय फौज कश्मीर में पहुंच गईं थीं तब तक कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा हो चुका था तब हमारी फौजें आसानी से पाकिस्तान को खदेड़ भी देती लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम का फैसला लिया और जम्मू-कश्मीर के मामले को संयुक्त राष्ट्र में लेकर चले गए। यह मामला वहां तभी से फंसा है। पाकिस्तान के कब्जे वाले इस क्षेत्र को ही पीओके कहते हैं। पीओके के भारत में मिलते ही चीन और पाकिस्तान के बीच सड़क मार्ग से होने वाले व्यापार पर विपरीत असर पड़ेगा, क्योंकि पाकिस्तान और चीन के बीच अधिकांश व्यापार के लिए सड़क मार्ग पीओके के बीच से ही निकाला गया है। चीन के ड्रीम प्रोजेक्ट सीपैक का भी बीच में ही लटकना तय है। इससे न केवल चीन बल्कि पाकिस्तान को भी भारी भरकम आर्थिक नुकसान होना तय है। ऐसे में पाकिस्तान तक पहुंचने के लिए चीन के पास समुद्री रास्ता ही बाकी बचेगा, जो चीन के लिए बेहद लंबा और खचीर्ला साबित होगा। इस बदलाव का भारत को पूरा पूरा लाभ मिलेगा क्योंकि वहां हाइड्रो पावर और सोना,प्लेटिनम, कोबाल्ट या अन्य बहुमूल्य प्राकृतिक धातुएं पाक अधिकृत कश्मीर की जमीन में मौजूद हैं जिस मोटी सालाना आय को चीन गंवाना नहीं चाहेगा।

अभी भारत ईरान और पाकिस्तान को पार किए बिना अफगानिस्तान तक भी सड़क मार्ग से नहीं पहुंच सकता शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### 15 करोड़ रुपये से बनेंगी मोहम्मदगंज की चार सड़कें

**हुसैनाबाद।** विस क्षेत्र की चीर प्रतीक्षित हैदरनगर के पंसा मोड़ से पंसा पथ के अलावा मोहम्मदगंज प्रखंड की अन्य तीन ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इस आशय की जानकारी हुसैनाबाद- हरिहरगंज विस क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत गांव की सड़क समस्या का निदान कर दिया गया है। छह माह के अंदर 20 प्रतिशत गांव की सड़कों को भी दुरुस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन सड़को की स्वीकृति मिली है। उसमे हैदरनगर के पंसा मोड़ से पंसा तक, जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ से बटउवा तक, जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ से बरदंडा स्कूल भाया कवलपुरा कररिया गोराडीह रोड तक व बीटी रोड भाली से मोहम्मदगंज पथ वाया बेगमपुरा तक पथ शामिल है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत सभी सड़कों की शीघ्र निविदा निकालने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इन सड़कों पर करीब 15 करोड़ रुपए खर्च आयेंगे। क्षेत्र में कहीं कोई समस्या हैं तो क्षेत्र का कोई भी नागरिक उन्हें जानकारी दे। उसका समाधान सम्मान के साथ किया जाएगा।

### छात्र-छात्राओं को मिले ड्रेस व गर्म कपड़े

**विश्रामपुर।** गुरुवार को बघमनवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मुखिया मंजू देवी व भाजपा नेता मनीष कुमार के नेतृत्व में विद्यालय प्रबंधन समिति ने 39 छात्र-छात्राओं को ड्रेस व गर्म कपड़ों का वितरण किया। इस दौरान 206 छात्र-छात्राओं के खाते में पैसा भी ट्रान्सफर किया गया। मौके पर शिक्षक अरविन्द कुमार,सतीश कुमार, वार्ड सदस्य पति प्रमोद चौधरी, कृष्णा विश्वकर्मा, कृष्णा यादव मौजूद थे।

### नुक्कड़ नाटक से लोगों को जल संचयन के प्रति किया जागरूक

**विश्रामपुर।** पेयजल विभाग द्वारा ऊंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत मलवरिया,जमडीहा, कूल्ही,डेवडर, बिंदुआ आदि गांवों में समन्वय संस्था कोडरमा द्वारा नल जल कनेक्शन,जल संचयन, स्वच्छता विषय पर लोक गीत, नुक्कड नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कलाकार प्रकाश ठाकुर,अमन मिश्रा, प्रभात तिवारी, कुंदन चौधरी, अरूण पासवान आदि ने भाग लिया। संचालन दयानिधि पाण्डेय ने किया।

### किशोर लापता, परिजनों ने दर्ज कराया सनहा

**विश्रामपुर।** पांडु थाना क्षेत्र के कजरू कला गांव से अल मुस्तफा का चौदह वर्षीय पुत्र सईद अख्तर दो दिनों से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चलने पर परिजनों ने थकहार कर पांडू थाने में गुमशुदगी की सनहा दर्ज कराई है। पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई है।

रोहतास की साबरीन को ससुराल वालों ने गला दबाकर मार डाला

# सास, ससुर, देवर व ननद के खिलाफ मामला दर्ज



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत केरपा गांव के बेलाल खान की 23 वर्षीय पुत्री साबरीन खातून की हत्या पलामू जिला के हैदरनगर थाना अंतर्गत बलडीहरी गांव स्थित ससुराल में बीती रात कर दी गई। बताया जाता है कि ससुराल के लोगों ने साबरीन खातून के मायके बुधवार की रात 11 बजे फोन कर सूचना दी कि उनकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। खबर मिलते ही पिता बेलाल खान, भाई हाफिज अफगान खान व अन्य बलडीहरी गांव पहुंचे। उन्होंने घर का दरवाजा खुलवाया, मगर किसी ने दरवाजा नहीं खोला। उन्होंने हैदरनगर थाना को सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। विवाहिता के पिता बेलाल खान ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2018 में अपनी पुत्री की शादी हैदरनगर के बलडीहरी गांव निवासी नफीस खान के पुत्र शाहबाज खान के साथ की थी। शादी के समय जितना संभव था, दहेज देकर बेटी को विदा किया था। बाद में दामाद शाहबाज खान ने सऊदी जाने के लिए डेढ़ लाख रुपए की मांग की। उन्होंने डेढ़ लाख रुपए देकर सऊदी अरब भेजा था। छह माह में ही वह वापस लौट गया। पुनः उसे पैसा देकर विदेश भेजा। इस बीच ससुर, सास, देवर लगातार साबरीन को प्रताड़ित व मारपीट करते थे। पति भी फोन पर गाली गलौज करता रहता था। दो बार इस मामले को लेकर पंचायती भी हुई थी। मगर ससुराल के लोगों में कोई सुधार नहीं हुआ। साबरीन खातून को दो पुत्र हैं। एक पुत्र बता रहा है कि उसकी मम्मी को दादा ने मारा है। बेलाल खान ने बताया कि बुधवार की रात करीब 9 बजे साबरीन खातून के ससुर नफीस खान ने फोन कर बताया था कि साबरीन की तबियत ज्यादा खराब है। रात में ही पुत्र व पत्नी के साथ वे बलडीहरी गांव पहुंचे तो घर के लोगों ने दरवाजा नहीं खोला। दूसरे के बरामदे में रात गुजारने के बाद हैदरनगर पुलिस को सूचना दी। सुबह प्रशासन ने दरवाजा खुलवाया तो साबरीन का शव मिला। उसके गले पर निशान पाया गया है। थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है।

लाखों का नुकसान, एक गंभीर

# साइकिल सवार को रौंदते हुए बाजार शेड से टकराया बेकाबू पिकअप



नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** पांकी थाना क्षेत्र के पांकी- मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित सगालीम बाजार के निकट गुरुवार दोपहर एक बेकाबू पिकअप साइकिल सवार को रौंदते हुए बाजार शेड जा टकराया। टक्कर इतना भयानक था कि बाजार शेड जहां पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। वहीं साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस घायल व्यक्ति को इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना के बाद वाहन चालक मौके से भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन (डब्लूबी 11 एफ 4258) पश्चिम बंगाल से नारियल लोड कर झारखंड के गढ़वा जा रहा था। शेड ध्वस्त होने से बाइक व ठेला के साथ पिकअप वाहन का पिछला हिस्सा भी मलबे में दब गया। बताया जाता है कि बारिश के कारण हादसे के समय कोई बाजार शेड में मौजूद नहीं था। वरना भीषण हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### सूरजवन में बस व पिकअप की टक्कर में कई गंभीर

**सगालीम** पांकी थाना क्षेत्र के पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर तेज रफ्तार का कहर जारी है। गुरुवार दोपहर सूरजवन के समीप शिवशंकर नामक यात्री बस व पिकअप वाहन में भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में पिकअप वाहन पर सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। साथ ही बस में सवार यात्रियों को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना पाकर पांकी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच घायलों को पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। पिकअप वाहन पर बैंड बाजा बजाने वाले लोग सवार थे। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है की सभी कहीं शादी समारोह में जा रहे होंगे। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## हाईवा व बाइक की टक्कर में चालक की मौत, एक जख्मी

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सतभूरवा नहर पुल के समीप एनएच 98 पर गुरुवार को हाईवा व बाइक की टक्कर में बाइक चालक पाटन थाना क्षेत्र के प्रिंस पांडेय 26 वर्ष पिता विजय पांडेय की जहां मौत हो गयी। वहीं बाइक सवार लवकुश पांडेय 30 वर्ष पिता सुनील पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों रिश्ते में साढ़ू बताये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति बाइक से बिहार के अम्बा चिल्की गांव स्थित एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी रास्ते में हाईवा ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया।

## रिमझिम बारिश ने नगर निगम की खोल दी पोल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में रिमझिम बारिश ने ही नगर निगम की पोल खोल दी है। बेमौसम बारिश के दौरान शहरवासी बीते कई वर्षों से जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। अब तक इसका स्थाई निदान नहीं हो सका है। इस साल भी जिले के शहरी क्षेत्र में लोगों को जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जल निकासी की व्यवस्था शहरी क्षेत्र में सुचारू ढंग से नहीं हो पा रही है। जिसके कारण स्कूलों के बच्चों,



बूढ़ों सहित अन्य लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के कोई ऐसा वार्ड न होगा जिसका हालात बदहाल नहीं है। हल्की बारिश के साथ नगर निगम क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था की पोल खुल गई। शहर के छः मुहान से लेकर कोई ऐसा गाली या चौक चौराहे या सड़क नहीं होगा की जलजमाव न देखने को मिलता है। जलजमाव वाले क्षेत्र में लोगों को पैदल आवाजाही में परेशानी हो रही है। बता दें कि जलजमाव वाले हिस्सों के अधिकांश नालियों के जाम रहने से जलनिकासी नहीं हो पा रही है।

पलामू सांसद ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से की मुलाकात

## टाटानगर से वाराणसी भाया डालटनगंज वन्दे भारत ट्रेन की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में चेयरमैन रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जया वर्मा सिन्हा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर-मुरी-रांची-लोहरदगा-डालटेनगंज-गढ़वा रोड-जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने की मांग की है। इसके अलावे कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह-चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन भी अविलंब शुरू कराने की मांग की। साथ ही व्यापक जनहित को देखते हुए रांची- चोपन एक्सप्रेस एवं पटना -सिंगरौली लिंक एक्सप्रेस का मेराल व रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव का भी आग्रह किया। इसके अतिरिक्त कोहरे के कारण बंद की गयी हटिया-आनंद विहार झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन जारी रखने एवं पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर ( एलएचएस) लो-हाई सबवे बनाने का भी अनुरोध किया है। सांसद श्री राम ने चेयरमैन को अवगत कराया कि प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन का परिचालन के लिए दो रूटों का सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे के सभी मानकों पर वंदे भारत का परिचालन डालटनगंज, जपला होते करना ही उपयुक्त है। इतना ही नहीं इस रूट पर पड़ने वाले चारो जिले लोहरदगा, लातेहार, पलामू एवं गढ़वा देश के 112 आकांक्षी जिलों में आते हैं। जिनको विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना भी है। सांसद के उपरोक्त मांगों पर चेयरमैन रेलवे बोर्ड द्वारा यथाशीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया है। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी है।

### बे-मौसम बारिश से किसानों की बढ़ी परेशानी

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल सह पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि दो दिनों से लगातार हो रही बे-मौसम बारिश से धान की फसल को भारी क्षति हो रही है। जिसके कारण किसान काफी मायूस व निराश हैं। उन्होंने कहा कि कभी सुखाड़ तो कभी अतिवृष्टि व बेमौसम बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस समय कई किसानों ने धान की फसल खेत में ही काटकर छोड़ दिया है। जबकि बहुत से किसानों का धान खेत में ही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार भी किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही सभी योजनाएं सिर्फ कागजी पन्ने पर ही दिखाई देती हैं। प्रतिकूल मौसम से किसानों पर दोतरफा मार पड़ रही है। यदि तत्काल किसानों की मदद नहीं की गयी तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### महापरिनिर्वाण दिवस पर नप कार्यालय में डा.भीमराव को किया नमन

**विश्रामपुर।** नप कार्यालय में महापरिनिर्वाण दिवस पर भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर को नमन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। नप कर्मियों ने भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि डा. अंबेडकर ने समाज के वंचित-शोषितों को संवैधानिक अधिकारों की ताकत दी। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम,प्रभात कुमार,जेई अजित टुडू,विभूति भूषण,मुकेश कुमार,रमेश कुमार,बिट्टू खान मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-16/2023-24(2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखण्ड मुख्यालय से अरू सिमाना जाने वाले पथ में फुलझर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 3,49,35,400.00 | 6,98,800.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 11.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.12.2023 से दिनांक 18.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.12.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाश संख्या :– 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 312903 Lohardaga(23-24)#D



**कार्यालय:- जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू**
**जेलहाता, मेदिनीनगर (पलामू)**
फोन न०:–9431138224 ईमेल आई०डी:–civilsurgeonpalamu@gmail.com

पत्रांक........................मेदिनीनगर ,दिनांक ..............................

**Walk in Interview**

सरकार के अपर सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–32(5)ब, योजना, दिनांक 25.05.2023 द्वारा पलामू जिले के शहरी क्षेत्र अन्तर्गत सचांलित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित संचालित "अटल क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सकों/MBBS चिकित्सक की Walk in Interview के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएँ प्राप्त करने हेतु निजी आयुष चिकित्सकों/MBBS चिकित्सक को सूचीबद्ध किया जाना है। इच्छुक निजी आयुष चिकित्सक/MBBS चिकित्सक से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क्रम | पद का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | पद संख्या | मानदेय | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चिकित्सक ( आयुष ) | मेडिकल काउसिल ऑफ इडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से Bachelor in Ayurved/Homoeopath/Unani की डिग्री | 06 | रू0 20000/– (कुल 26 कार्य दिवस हेतु) | 08.00AM To 12:00 PM Or 04:00 PM To 08:00 PM |
| 02 | चिकित्सक (MBBS) | मेडिकल काउसिल ऑफ इडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री | 01 | रू0 36400/– (कुल 26 कार्य दिवस हेतु) | 08.00 AM To 12:00 PM |
| 03 | सूचिबद्ध किये गये आयुष चिकित्सकों/MBBS चिकित्सक द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | | | |
| 04 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | | | | |
| 05 | उम्र सीमा– अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैद्यता एक वर्ष के लिए मान्य होगी। | | | | |

इच्छुक उम्मीदवार Walk In Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल–प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ DDC Chamber, DRDA, Block-C, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक 18.12.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.312900 District(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन S.C.A. योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन पथ कुरदाग से कुरदाग तक पथ संवेदक– मे0 एस0 के0 कॉन्ट्रेक्टर, ग्राम–मांडर, पोलडीह, पलामू, झारखंड को आवंटित है, का एकरारनामा संख्या F2-36/19-20 दिनांक 26.10.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 25.01.2020 द्वारा दिया गया। संवेदक को अनेको बार लिखित निर्देश देने के बाद भी अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।

दिनांक 07.08.2023 को उपायुक्त, पलामू के अध्यक्षता में तकनीकी विभागीय एवं जिला स्तर से स्वीकृति योजनाओं के प्रगति के समीक्षा बैठक के कार्यवाही के आलोक में उपायुक्त, पलामू का ज्ञापांक 1319/वि0, दिनांक 24.08.2023 के निर्देश के आलोक में उक्त पथ का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा विखंडन कर अग्रधन एवं जमानत की राशि को जप्त करना है। जिसके लिए उक्त कार्य का अंतिम मापी दिनांक 15.10.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में लेना निश्चित हुआ था परन्तु संवेदक स्वयं या उनके प्रतिनिधि कार्य स्थल पर उपस्थित नहीं हुए जिस कारण अंतिम मापी नहीं ली जा सकी। पुनः उक्त योजना की अंतिम मापी दिनांक 10.12.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में श्री संजीत कुमार, कनीय अभियंता, PMGSY, पलामू एवं श्री विजय कुमार राम, सहायक अभियंता, कार्य अवर प्रमंडल, छतरपुर के द्वारा अंतिम मापी ली जाएगी।

अतः उक्त तिथि एवं समय पर संवेदक मे0 मेसर्स एस0के0 कॉन्ट्रैक्टर, ग्राम–मांडर, पोलडीह, पलामू, झारखंड आप स्वयं या अपने प्रतिनिधि को कार्य स्थल पर उपस्थित रहेंगे। अगर अंतिम मापी के समय कार्य स्थल पर आप या आपके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं रहते हैं उस स्थिति में भी अंतिम मापी ली जाएगी एवं समझा जाएगा की आपको मापी मंजुर है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR.NO.312968 Rural Development(23-24):D



**कार्यालय- जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू**
**(जिला जनसम्पर्क कार्यालय, पलामू)**
**"आपकी योजना आपकी-सरकार आपके द्वार"**

**महत्वपूर्ण सूचना**

**"आपकी योजना–आपकी सरकार आपके द्वार"** कार्यक्रम के तहत पंचायत मुख्यालय एवं पंचायत के अन्य मुख्य ग्रामों में शिविरों का आयोजन कर, राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

अपरिहार्य कारणवश शिविरों की तिथि में निम्नरूपेण आंशिक संशोधन किया गया है :–

| क्र | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | पूर्व से निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 5 | 2 | 3 |
| 1 | मोहम्मदगंज | भजनिया के अन्य ग्राम | 20.12.2023 | 08.12.2023 |
| 2 | | गोड़ाडीह के अन्य ग्राम | 21.12.2023 | 22.12.2023 |
| 3 | हैदरनगर | विलासपुर | 21.12.2023 | 22.12.2023 |
| 4 | हुसैनाबाद | कोसी | 19.12.2023 | 10.12.2023 |
| 5 | | कुर्मीपुर | 20.12.2023 | 16.12.2023 |
| 6 | | बैरांव | 21.12.2023 | 24.12.2023 |
| 7 | पीपरा | बभन्डी के अन्य ग्राम | 20.12.2023 | 22.12.2023 |
| 8 | हरिहरगंज | खडगपुर के अन्य ग्राम | 20.12.2023 | 16.12.2023 |
| 9 | नौडिहा बाजार | डगरा | 21.12.2023 | 22.12.2023 |
| 10 | छत्तरपुर | चेराई –1 | 19.12.2023 | 10.12.2023 |
| 11 | | हुटुकदाग | 20.12.2023 | 16.12.2023 |
| 12 | | बगैया | 21.12.2023 | 24.12.2023 |
| 13 | पाण्डू | कजरू कला | 21.12.2023 | 22.12.2023 |
| 14 | उटॉरी रोड | मुरमाकला के अन्य ग्राम | 19.12.2023 | 13.12.2023 |
| 15 | | मुरमाखुंर्द के अन्य ग्राम | 21.12.2023 | 22.12.2023 |
| 16 | विश्रामपुर | भंडार मुख्यालय | 21.12.2023 | 22.12.2023 |
| 17 | नावाबाजार | तुकबेरा के अन्य ग्राम | 20.12.2023 | 16.12.2023 |
| 18 | पड़वा | पंडवा के अन्य ग्राम | 20.12.2023 | 16.12.2023 |
| 19 | चैनपुर | झरिवा | 19.12.2023 | 10.12.2023 |
| 20 | | भड़गांवा | 20.12.2023 | 17.12.2023 |
| 21 | | कंकारी | 21.12.2023 | 24.12.2023 |
| 22 | रामगढ़ | उलडन्डा के अन्य ग्राम | 20.12.2023 | 22.12.2023 |
| 23 | सदर मेदिनीनगर | लहलहे | 21.12.2023 | 22.12.2023 |
| 24 | पाटन | रूदीडीह | 19.12.2023 | 10.12.2023 |
| 25 | | कसवाखाड़ | 20.12.2023 | 16.12.2023 |
| 26 | | महुलिया | 21.12.2023 | 24.12.2023 |
| 27 | मनातू | पदमा के अन्य ग्राम | 20.12.2023 | 22.12.2023 |
| 28 | तरहसी | कसमार | 21.12.2023 | 22.12.2023 |
| 29 | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | पीपरा खुर्द | 20.12.2023 | 14.12.2023 |
| 30 | सतबरवा | घुटुवा | 21.12.2023 | 22.12.2023 |
| 31 | पांकी | अम्बावार | 19.12.2023 | 10.12.2023 |
| 32 | | नुरू | 20.12.2023 | 17.12.2023 |
| 33 | | केल्हवा | 21.12.2023 | 24.12.2023 |

कृपया अपने निकटतम शिविरों में आकर राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त करें।

उप विकास आयुक्त,
पलामू

PR 312931 Palamu(23-24).D

## गागर में सागर

### पांच दिन से युवक लापता, छानबीन में जुटी पुलिस

**मेदनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बोक्या गांव निवासी शंभू चौधरी के पुत्र छोटू कुमार उम्र 20 वर्ष 4 दिसंबर से अपने घर से लापता है। परिजनों द्वारा सभी संभावित स्थलों पर खोजबीन के बाद भी जब छोटू का कहीं पता नहीं चला तो इसकी सूचना चैनपुर पुलिस को दी गयी। मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गयी है। युवक के लापता होने से परिजन परेशान नजर आ रहे हैं।

### शहीद विष्णुदेव की तीसरी पुण्यतिथि मनी

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा पंचायत के लिधकी पूर्व में शहीद विष्णुदेव सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चैनपुर उत्तरी जिला परिषद सदस्य रामलव प्रसाद चौरसिया ने शहीद को याद करते हुए कहा कि कम उम्र में गरीब घर के लड़के ने देश के लिए अपनी जान न्यौछावर कर मिशाल पेश की है। इस दौरान लोगों ने शहीद को याद करते हुए भारत माता की जय एवं वंदे मातरम का जोरदार नारा लगाया। बारिश के मौसम में भी ग्रामीणों की कार्यक्रम स्थल पर भीड़ बनी रही। मौके पर पूर्वडीहा पंचायत के पंसस पति प्रदीप दूबे, पूर्व मुखिया धनंजय दूबे, विकास दूबे, अजय सिंह चेरो, त्रिपुरारी सिंह, रवि पाल, बबन सिंह, मनोरंजन चौधरी, अनुज ठाकुर, जितेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, जारद हुसैन, विरेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक संजीव तिवारी, मनोहर कुमार, अशोक प्रजापति सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### पर्यावरणविद् ने नवदंपति को विदाई में दिया पौधा



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल ने सोनभद्र जिले के विंढमगंज में आयोजित शादी समारोह में शामिल सभी बरातियों एवं नवदंपति को पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने सभी को संदेश दिया कि खुद के साथ भावी पीढ़ी को भी खुशहाल जीवन देने के लिए पर्यावरण का संरक्षण निहायत जरूरी है। पर्यावरणविद् ने आशीर्वाद स्वरूप सभी बारातियों व वर-वधू को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा देकर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए आधुनिक सुख-सुविधाओं का कम से कम उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वृक्ष शिव व पौधे ऑक्सीजन के सिलेंडर के समान हैं। समारोह में कंचन देवी, मधु देवी, पंडित शंभू मिश्रा, नंदलाल तिवारी, योगेंद्र प्रसाद,रघुवंश प्रसाद,दीनानाथ प्रसाद, गिरीश कुमार, रविंद्र प्रसाद, धीरज जायसवाल, संजय जायसवाल, रामजी प्रसाद आदि मौजूद थे।

# अब मेडिकल का सपना पूरा करेंगी स्मृति



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना विद्यार्थियों को लुभा रहा है। इस योजना के लाभ से विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में पंख लगाने को उत्साहित है। हम बात कर रहे हैं छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के बारो गांव निवासी उपेंद्र राम एवं सविता देवी की पुत्री स्मृति पासवान की। प्रचार -प्रसार के माध्यम से स्मृति को गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के संबंध जानकारी मिली। साथ ही अपने प्रखंड क्षेत्र में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर के बारे में पता चला। शिविर में वह अपने शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ इस योजना का लाभ लेने के लिए पहुंची व आवेदन किया। स्मृति ने बताया कि आवेदन स्वीकृत कर लिया गया है। योजना का लाभ मिलने से उत्साहित स्मृति ने बताया कि अब उसे अपने सपनों को साकार करने में सरकार की मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि परिवारजनों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण मेडिकल क्षेत्र में जाने का सपना चूर हो रहा था, लेकिन इस योजना के लाभ से अब मेडिकल क्षेत्र में पढ़ाई कर खुद के साथ- साथ समाज के लिए बेहतर करेगी।

### साइकिल से स्कूल जाएंगे उज्जवल

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में आयोजित शिविर में उज्जवल कुमार पासवान को निःशुल्क साइकिल योजना का लाभ मिला। हुसैनाबाद प्रखंड के कबरा कला गांव के उज्जवल को इस योजना के तहत 4500 रुपए का चेक प्रदान किया गया। उज्ज्वल ने बताया कि वह सरकारी स्कूल में पढ़ाई करता है। साइकिल नहीं होने के कारण पैदल स्कूल जाना पड़ता था। सरकार द्वारा साइकिल प्रदान किए जाने से अब उसे स्कूल जाने में सुविधा होगी। साथ ही समय का बचत होगा। समय के बचत होने से वह पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे सकेगा। इससे परीक्षा में अच्छे

### नवनिर्मित मंदिर में पुर्न प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

# श्री राणी सती दादी का मोहक श्रृंगार आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेड़मा चौक स्थित नवनिर्मित श्री राणी सती दादी मंदिर में आयोजित पुर्न प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन गुरुवार को श्री राणी सती दादी, भगवान बालाजी व श्रीगणेश सहित अन्य 12 सतियों की प्रतिमाओं का मोहक श्रृंगार किया गया। शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। सेवा समिति द्वारा शोभा यात्रा की तैयारियों को गुरुवार को अंतिम रूप दिया गया। माली मोहल्ला स्थित निर्माणाधीन श्याम मंदिर से निकल कर शोभायात्रा आर्य समाज रोड, आदत रोड, जय भवानी संघ चौक, पांच मुहान चौक, डाबर मोड़, चौहान चौक, एमजी रोड होते हुये रेड़मा चौक पहुंचेगी। इसके लिए हाथी, घोड़ा व पालकी की भी व्यवस्था की गयी है। मारवाड़ी समाज द्वारा 111 झंडा निशांत के साथ यात्रा की शोभा बढायी जायेगी। यात्रा में शामिल बच्चे, वयस्क, बूढ़े सभी सम परिधान से सुसज्जित रहेंगे। मुख्य संयोजक मनोज तुलस्यान ने बताया कि शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया है। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया जायेगा। इससे पूर्व गुरुवार की रात में कोलकाता से आई स्वाति अग्रवाल द्वारा मनोहारी भजन संध्या की प्रस्तुति की गई। वाद्य यंत्र पर गंगा पार्टी के कलाकारों ने संगत की। आयोजन में सुरेश भिवानिया, आलोक सांवरिया, गोपाल छावड़िया, संजय केजरीवाल, मंदिर ट्रस्ट के मनोज तुलस्यान, रोहित तुलस्यान, पीयूष तुलस्यान, सुशील तुलस्यान, गोपाल हाजीपुरिया, श्याम पोद्दार, भरत सांवरिया, भरत सांवरिया, बद्री सिंघानिया, मनोज भिवानिया, मनीष भिवानिया, संदीप केजरीवाल, दीपक नेमाला, अंशुल उदयपुरी, यश सर्राफ आदि तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

### घरों में दुबके लोग, आम जन जीवन प्रभावित

# पलामू में दूसरे दिन भी होती रही रिमझिम बरसात

**पिछले 24 घंटे में हुई 18.8मिमी वर्षा**

**'सड़क पर पैदल आने जाने वाले राहगीरों की संख्या इक्का- दुक्का ही रही**

**संजय कुमार पांडेय**

**मेदिनीनगर।** चक्रवाती तूफान मिचोंग का असर जिले में कायम है। तूफान के कारण हालांकि पलामू में तेज हवा तो नहीं चल रही है किन्तु पिछले दो दिनों से आसमान में छाये काले बादल बरसने लगे हैं। बुधवार के बाद गुरुवार को भी जिले में दिनभर रिमझिम बरसात होती रही। इस बरसात ने आम जन जीवन को प्रभावित कर दिया है। दिनभर हो रही रिमझिम बरसात ने अधिकांश आबादी को घरों में ही रोके रखा है। लोग घरों में दुबके रहे। नतीजा अन्य दिनों की अपेक्षा शहर में भीड़ भाड़ काफी कम रही। सड़क पर पैदल आने जाने वाले राहगीरों की संख्या इक्के दुक्के ही रही। सरकारी कार्यालयों में भी सन्नाटा पसरा रहा। कार्यालयों में पदाधिकारी व कर्मी तो पहुंचे लेकिन अन्य दिनों की तरह लगने वाली आम लोगों की भीड़ नहीं दिखी। बरसात के कारण अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटों में 6से 7डि. से. की गिरावट हुई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 23 डि. से. और न्यूनतम तापमान 13 डि. से. दर्ज किया गया है।हालांकि न्यूनतम तापमान में कोई गिरावट दर्ज नहीं की गई है । मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24घंटो में जिले में 18.8 मी मी वर्षा दर्ज की गई है। बताया गया है कि आसमान से बादलों के छटते न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी तो ठण्ड में इजाफा हो सकता है।




### मिचौंग की बरसात से रबी की फसलों को फायदा : कृषि वैज्ञानिक



मिचौग की बरसात से जिले में लगाई गई रबी की फसलों को तो फायदा होगा ही इसके अलावे गेहूं की बोवाई में भी मदद मिलेगी। इस बाबत चियांकी कृषि अनुसन्धान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने बताया की बुधवार को हुई बरसात से चना, मसूर, मटर, व सरसो, राई जैसी रबी की फसलों को फायदा होगा। इसके अलावे नमी के आभाव में जो किसान गेहूं की बोवाई नहीं कर पाये हैं वैसे किसान मौसम साफ होते अपनी खेतों में गेहूं की बोवाई कर सकेंगे। उन्होंने कहा जो धान की फसल काटकर खेत खलिहान में पड़ी है उसे बरसात नहीं खुलने की स्थिति में नुकसान हो सकता है। उन्होंने सब्जी की खेती करने वाले किसानों के लिए कहा कि अगर दोहर जैसे जल जमाव वाले जमीन में सब्जी की फसल लगी है तो बरसात बंद होते किसान अपनी खेतों में फफूँद नाशक दवाइयों का जरूर छिड़काव करें।

# पूजित अक्षत को महावीर मंदिर से बेनी मंदिर में स्थानांतरित किया गया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** श्रीरामजन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी सनातन धर्मावलंबियों को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत के कलश को शहर के महावीर मंदिर से आज समारोह पूर्वक जय भवानी संघ चौक के नजदीक स्थित बेनी मंदिर में ले जाया गया। गुरुवार को सुबह दस बजे तक यह कलश उसी मंदिर में दर्शन-पूजा के लिए रहेगा। तत्पश्चात अक्षत कलश को रेड़मा स्थित काली मंदिर में ले जाया जाएगा। शुक्रवार को अक्षत कलश राजेंद्र चौक के पास स्थित काली मंदिर में व शनिवार को शनि मंदिर में रखा जाएगा। इसी तरह अक्षत कलश को नगर के विभिन्न मंदिरों में क्रमशः सनातन धर्मावलंबियों के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए रखा जाएगा। 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा जिले के 1,25,000 हिंदू परिवारों तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावे 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव टेलीकास्ट विभिन्न मंदिरों में बड़ा स्क्रीन लगाकर दिखाया जाएगा। उस दिन विभिन्न मंदिरों में दिनभर धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। रात्रि में भव्य दिवाली का आयोजन पूरे देश भर में किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, पूर्व बजरंग दल संयोजक सह मेदनीनगर नगर निगम के प्रथम उप महापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, विभाग सहमंत्री महेंद्र नाथ, सहमंत्री अमित तिवारी, जिला विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पाण्डेय की सहभागिता रही।

### हाईवा व बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सतभूरवा नहर पुल के समीप एनएच 98 पर गुरुवार को हाईवा व बाइक की टक्कर में बाइक चालक पाटन थाना क्षेत्र के प्रिंस पांडेय 26 वर्ष पिता विजय पांडेय की जहां मौत हो गयी। वहीं बाइक सवार लवकुश पांडेय 30 वर्ष पिता सुनील पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों रिश्ते में साढ़ू बताये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति बाइक से बिहार के अम्बा चिल्की गांव स्थित एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी रास्ते में हाईवा ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए घायल को सीएचसी भेजवाया।

### ब्राइटलैंड स्कूल से शिक्षकों के नेतृत्व में गये हैं जगन्नाथ पुरी

# शैक्षणिक भ्रमण पर भुवनेश्वर पहुंचे विद्यार्थियों का देखते ही बना उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय ब्राइटलैंड स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों का शैक्षणिक भ्रमण पर गया दल भुवनेश्वर पहुंच गया है। सुहाने मौसम में सुहाना सफर का जहां छात्र-छात्राओं ने जमकर लुत्फ उठाया। वहीं दल में शामिल छात्र-छात्राओं का उत्साह देखते ही बना। मौसम के अचानक करवट बदल लेने से ठंड भले ही बढ़ गई है। इसके बाद भी शैक्षणिक यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं के उत्साह पर लेशमात्र भी असर नहीं पड़ा। बच्चों ने मोबाईल फोन पर बताया कि पलामू जिले से जैसे ही उन्होंने बस में ट्रैवलिंग शुरू की। अचानक शुरू हुई रिमझिम फुहारों ने उनके सफर को यादगार बना दिया। रास्ते में उन्होंने झारखंड के नैसर्गिक सौंदर्य का जमकर आनंद उठाया। विद्यालय की निदेशक रागिनी सिंह ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य राहुल सिंह के नेतृत्व में पांच दिवसीय शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों को दर्शनीयता का बोध कराते हुए वापस आएेगी। उन्होंने बताया कि 56 छात्र-छात्राओं की टीम की अच्छी तरह से देखभाल करने के उद्देश्य से साथ में विद्यालय के 13 शिक्षक भी इस शैक्षणिक यात्रा में शामिल हैं।



# बाइक के धक्के से फेरी लगाने वाले की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सतबरवा बाजार में बुधवार की रात घटित सड़क हादसे में बिहार के रफीगंज निवासी क्षेत्र में फेरी लगाकर सामान बेचने वाले की मौत हो गयी। बताया जाता है कि मुन्ना शाह सतबरवा में किराये के मकान में रहकर गली - मोहल्ले में घूम-घूम कर कपड़ा बेचने का काम करते थे। बुधवार की रात वे सतबरवा स्थित अपने किराये के मकान के पास टहल रहे थे। इसी बीच एक बाइक चालक ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें तत्काल इलाज के लिए सतबरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी। मौत की जानकारी मिलते ही शहर थाना के टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा के नेतृत्व में पुलिस कर्मी सदर अस्पताल पहुंच गये। पुलिस द्वारा मामले की जानकारी मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गये हैं। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**कार्रवाई** | पीटीआर प्रबंधन को मिली कामयाबी

# चार शिकारी गिरफ्तार, तीन भरठुआ बंदूक जब्त

**आरोपियों ने दो बंदूकों को अंबापानी जंगल में घास व पत्तियों के बीच छुपा दिया था**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गारु उत्तरी रेंज में चार स्थानीय शिकारी पकड़े गए हैं। इनके पास से तीन भरठुआ बंदूक भी बरामद किया गया है। पकड़े गये शिकारियों को गुरुवार को लातेहार जिला के मुख्य न्याय दंड अधिकारी की अदालत में पेश किया गया। इस बात की पुष्टि पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने की है। उन्होंने बताया कि इस समय पूरे पलामू टाइगर रिजर्व में जबरदस्त चौकसी बरती जा रही है। सभी ट्रैकर व वनरक्षक पूरी तरह सतर्क हैं। इसी का नतीजा है कि चार स्थानीय शिकारियों को तीन देशी बंदूकों के साथ पकड़ने में सफलता मिली है। आरोपियों ने दो बंदूकों को अंबापानी जंगल में घास व पत्तियों के बीच छुपा दिया था। जबकि एक बंदूक को महुआ के पेड़ पर छुपा कर रखा था। गारु पूर्वी के रेंज अधिकारी उमेश दुबे ने बताया कि आरोपियों के नाम अमर दयाल सिंह व कुलदीप सिंह निवासी बेगा टोली एवं रिंकू सिंह व कुशदेव सिंह निवासी कोटाम हैं। चारों ने स्वीकार किया है कि वे जाड़े के मौसम में जंगली शूकर का शिकार करने की नीयत से पीटीआर में आये थे। एक शिकार को उन्होंने मारने का प्रयास भी किया, किंतु वह संयोगवश बाल-बाल बच गया। बताया जाता है कि शिकारियों की गोली की आवाज पीटीआर सुरक्षा में तैनात टीम के सदस्यों ने भी सुनी थी।



### दो नर बाघों की सुरक्षा में चौकसी

बताते चलें कि इस समय पीटीआर में दो नर बाघों के होने के पुख्ता सबूत प्रबंधन को मिले हैं। जिनकी सुरक्षा के लिए कड़ी चौकसी की जा रही है। हालांकि उपनिदेशक कुमार आशीष ने यह बताने से इनकार किया कि यह दोनों बाघ इस समय किस प्रमंडल में हैं। सूत्रों के अनुसार पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने बाघों की सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर कैमरा ट्रैप लगाया है। जिसमें स्थानीय शिकारी की भी तस्वीर कैद हो गई। जिससे उन्हें तत्काल पकड़ा जा सका।

## गागर में सागर

### मुखिया पमी देवी ने मृतक के परिजनों को श्राद्ध कर्म के लिए किया सहयोग



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह के बंदूआ गांव में गुरुवार को गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह की धर्मपत्नी सह बरवाडीह पंचायत के मुखिया पमी देवी ने मृतक के परिजनों को श्राद्ध कर्म के लिए सामग्री देकर सहयोग किया। बताते चलें कि बंदूआ गांव के छतमनवा टोला निवासी फकीरा सिंह का आकस्मिक निधन बीते दिनों हो गया था। वहीं सूचना मिलते ही मुखिया पम्मी देवी ने अपने कार्यकर्ताओं द्वारा मृतक के परिजनों को 50 केजी आटा, रिफाइंड तेल सहित नकद राशि देकर सहयोग किया। बताते चलें कि पंचायत क्षेत्र में कहीं किसी गरीब घर की लड़की की शादी हो या किसी गरीब परिवार में मृत्यु मुखिया पमी देवी द्वारा लगातार लोगों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। लोग इस पुनीत कार्य की काफी प्रशंसा भी कर रहे हैं। मौके पर मौजूद मुखिया पम्मी देवी ने बताया कि हमें पंचायत के लोगों से काफी लगाव है। लोगों ने हमें अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है, जिस पर मैं खरा उतरने के लिए पूरी तरीके से कोशिश कर रही हूं। मैं अपनी पंचायत के लोगों के हर सुख दुख में साथ रहती हूं और आगे भी रहूंगी। हमें ऐसा करने से काफी सुकून भी मिलता है। मौके पर विनोद पासवान, रमाशंकर गुप्ता, भोला यादव, मुख्तार अंसारी, उमेश यादव, मिराज अंसारी, सत्यनारायण शाह, नीरज पासवान, कुलदीप यादव, नितेश सिंह, आफताब अंसारी, विनोद रवि, सुदामा सिंह, उदय सिंह, रामरतन सिंह, बिरेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

### बेमौसम बारिश से फसल को नुकसान

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं किसानों की धान फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों ने बताया कि इस बारिश से धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। धान की फसल के सड़ने की चिंता सता रही है। वहीं गेहूं फसल की बुवाई भी समय पर नहीं हो पायेगी।

### खरौंधी में दो दिन से रुक-रुक कर बारिश होने से फसलों को नुकसान



**खरौंधी।** प्रखंड में पिछले दो दिनों से हो रही रुक-रुक की बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान धान को हो रहा है। इसके अलावे सरसों, अरहर, चना, मटर, कुरथी, टमाटर आदि फसलों को नुकसान होने की संभावना है। प्रखंड के अधिकांश किसानों का धान की फसल तैयार हो गया है। सभी किसान धान की कटनी कार्य में जुटे हैं। कई किसानों ने धान तो काट लिया है, लेकिन उनका धान अभी भी खेत में ही है। इसके अलावे कई किसान धान को काटकर खलिहान में रखे है। बारिश में धान भीग रहा है। अगर बारिश आगे भी जारी रही तो धान अंकुरित हो जायेगा। राजी के किसान संतोष सिंह, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, चंदीप साह, खरौंधी के उमा शंकर रजक, मझिगावां पंचायत के अरविंद गुप्ता, सत्येंद्र यादव, जितेंद्र यादव आदि ने बताया कि अभी पिछले सप्ताह ही बारिश हुई थी। दो दिन धूप निकली लेकिन पुनः बारिश शुरू हो गयी। बारिश से ठंड बढ़ गई है। इसका असर बुजुर्ग और बच्चों पर ज्यादा पड़ रहा है। बच्चे विद्यालय भी नहीं जा पा रहे हैं।

### बरसात ने तोड़ी किसान की टूटी कमर

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र में दो दिन से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। साथ ही धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। मासियातू पंचायत के लक्ष्मीपुर गांव की गीता देवी, सुनीता देवी सहित कई किसानों ने बताया कि इस वर्ष कम बारिश होने से हम लोग अपने खेत में किसी तरहफसल को लगाए थे, लेकिन दो दिन तक लगातार बारिश से हमलोगों की फसल बर्बाद हो गई। इससे हम लोगों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। अब हम चिंता में है कि इस नुकसान की भरपाई कैसे करेंगे। मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश गंझू ने कहा कि किसानों का आर्थिक नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन से मदद दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### सर्दी कम पड़ने से शहर के व्यापारियों को सताने लगी पूंजी फंसने की चिंता

# गर्म कपड़ों के बाजार में सन्नाटा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

मौसम की मार से इस बार गर्म कपड़े का बाजार बेजार हो गया है। कपड़े की दुकानों पर सन्नाटा होने के कारण दुकानदार निराश नजर आ रहे हैं। व्यापारी इसकी वजह विलंब से ठंड पड़ने को बता रहे हैं। यही कारण है कि हाल के दिनों में कड़ाके की सर्दी पड़ने के बावजूद गर्म कपड़ों का बाजार उम्मीद के अनुसार गर्म नहीं हो पाया। व्यापारियों को पूंजी फंसने की चिंता सताने लगी है।



#### नवंबर के मध्य से ही सजने लगता है बाजार

शहर के प्रमुख बाजार पुरानी बाजार, पार्क के पास नवंबर से ही अस्थायी दुकान सजे हैं। इस दौरान लगन तेज होने के बाद भी गर्म कपड़ों की बिक्री उस तरह से नहीं हुई, जैसे आमतौर पर ठंड में होती है। गर्म कपड़ों के विक्रेता दीपावली के बाद से ही ऊनी कपड़ों का स्टाक मंगवा लेते हैं। लगभग नवंबर के मध्य से दुकानों में ऊनी कपड़े सजने लगते हैं। लेकिन इस वर्ष नवम्बर तथा दिसम्बर के पहले सप्ताह में भी गर्म कपड़ों की अधिक मांग न होने पर दुकानदारों के चेहरे मुरझाए हुए हैं। दुकानदारों को गर्म कपड़ों की बिक्री न होने की चिंता सता रही है। पिछले वर्ष भी बिक्री कम होने के कारण व्यापारी नुकसान उठा चुके हैं। इस बार स्टाक पर्याप्त है। अब आने वाले दिनों के मौसम पर ही बाजार निर्भर करेगा। व्यापारी मनोज ने बताया कि सर्दी न पड़ने की वजह से बाजार एक दम ठप पड़ा है। आने वाले दिनों में भी अगर मौसम के साथ ग्राहकों का रुख नहीं बदलता तो लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा। पिछले साल की तुलना में इस बार 40 फीसद भी गर्म कपड़ों की बिक्री नहीं हुई है।

#### काफी कम हुई है बिक्री

व्यापारी नसीम अंसारी ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री काफी कम है। इसका कारण समय से ठंड न पड़ना है। जब ठंड शुरू हुई तो जनवरी आ गई। जनवरी में वैसे भी गर्म कपड़ों की बिक्री कम होती है। नवंबर -दिसंबर में ठंड पड़ती तो बिक्री में तेजी आती और उसका लाभ भी हमें मिलता।

#### तीस फीसद ही बिक्री

व्यापारी संजय कुमार ने बताया कि उम्मीद थी इस बार ठंड अधिक पड़ेगी। इसलिए मैंने सात लाख का माल मंगाया था। इनमें कश्मीर से स्वेटर, लेडीज व पुरुष गाउन, शाल तथा मफलर शामिल हैं। पंद्रह नवंबर से दुकान लगाया हूं, लेकिन अभी तक सिर्फ 30 फीसद ही माल की बिक्री हुई है, जबकि शुरू से ही मैं खरीदारी पर 20 फीसद छूट भी दे रहा हूं।

#### गर्म कपड़ों के बाजार पर पड़ी है मौसम की मार

व्यापारी आकाश अग्रवाल ने बताया कि इस साल ज्यादा ठंड न पड़ने से गर्म कपड़ों का बाजार प्रभावित है। स्वेटर, जैकेट तो दूर मफलर, टोपी तक कम बिक रही है। बीते सालों में 15 दिसंबर के बाद फिर स्टाक मंगाना पड़ता था, लेकिन इस बार तो पहला स्टाक निकल जाए इसी की ढूकचता बनी हुई है। इस बार अभी तक 30 से 40 फीसद ही कारोबार हुआ है।

# 'तय लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें सभी बैंक'

### डीडीसी ने की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

समाहरणालय के सभागार में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति के द्वितीय त्रैमासिक (2023-24) की बैठक की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई।

इसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने गढ़वा जिला अंतर्गत सभी बैंकों का सीडी रेशियो, वार्षिक साख योजना (एसीपी) 2023-24, केसीसी, पीएमईजीपी, एमएसएमई, पीएमएफएमई, महिला लखपति किसान योजना, आरसेटी, फिनांसियल इनक्लूजन समेत अन्य योजनाओं एवं विषयों को लेकर गहन समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान पिछले बार के प्रथम त्रैमासिक बैठक की तुलना में सीडी रेश्यो में बढ़ोतरी पाई गई। पिछले बैठक में सीडी रेश्यो 40 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 45 प्रतिशत पर पहुंच गया है, जिसे लेकर उप विकास आयुक्त द्वारा बैंकिंग कार्य की सराहना करते हुए इसी प्रकार से आगे भी बैंकों को अच्छे प्रदर्शन करने को कहा गया एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि गढ़वा जिले के 189 पंचायतों में स्वयं सहायता समूह के चयनित और प्रशिक्षित सदस्य को बीसी प्वाइंट का अधिष्ठापन कराया जाना है, जिले में ऐसे 186 सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और जिन्होंने इस से संबंधित आईआईबीएफ की परीक्षा भी पास कर ली है। उक्त सभी बीसी सखी को पंचायतों में बीसी पॉइंट खोलने के लिए सभी बैंक को सहयोग करने हेतु उप विकास आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। उन्होंने सभी बैंकों के पदाधिकारियों को योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लाभुकों तक पहुंचाने हेतु सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने बैंकों को आगे आकर माइक्रो फिनांस करने की भी अपील की। केसीसी पीएम किसान को लेकर प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विभिन्न बैंकों एवं शाखाओं को पीएम किसान के लंबित आवेदन को प्राथमिकता से स्वीकृत करते हुए इसका पूर्णता लाभ लाभुकों को दिलाने का निर्देश दिया गया।

# भाजपा नेत्री ने की पलामू को उपराजधानी बनाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



नगर पंचायत अध्यक्ष सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजया लक्ष्मी देवी ने राष्ट्रपति को पत्र प्रेषित कर झारखंड प्रदेश अंतर्गत पलामू प्रमंडल को विकसित करने तथा झारखंड प्रदेश की उपराजधानी बनाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि झारखंड प्रदेश के पलामू प्रमंडल में बेरोजगारों की संख्या काफी बढ़ चुकी है। यहां के नौजवान अन्य प्रदेशों में रोजगार ढूढ़ने जाते हैं। मजदूरों का पलायन जारी हैं। आये दिन दूसरे प्रदेशों में रोजी रोटी की तलाश में गये मजदूरों के मौत की खबर आती रहती है। वे मजदूर सरकारी लाभ से भी वंचित रह जाते हैं.उन्होंने कहा है कि पलामू प्रमंडल को विकसित करने की असीम सम्भावनाएं हैं। चूनापत्थर, डोलोमाइट, आधारित फैक्ट्री, प्रत्येक विधानसभा स्तर पर उद्योग लगाकर नौजवानों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। ऐसा होने से पलामू ही नही बल्कि राज्य का भी उद्धार होगा। पलामू प्रमंडल आकांक्षी प्रमंडल के अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा है कि यह उग्रवाद प्रभावित जोन में होने के कारण उपेक्षित रहा है। आज भी कई गांवों में पुल पुलिया का निर्माण नहीं हो सका है, जिसके कारण विकास की किरणें वहां तक नही पहुंच पाई है।

# पाल्हे गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत बेता पंचायत के पाल्हे गांव में बुधवार रात करीब 12:00 बजे हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान कई किसानों के खेतों में काटकर रखे हुए धान को हाथियों ने पूरी तरीके से सफाचट कर दिया एवं उसे बिखेर दिया।

गांव निवासी अजोधनी देवी के खलिहान में काट कर रखे गए लगभग 100 बोझे धान को भी हाथियों ने सफाचट कर दिया। जिन किसानों को हाथियों ने क्षति पहुंचाई है उनमें रीता कुंवर उमा यादव, अजोधनी देवी आदि शामिल हैं। किसानों ने बताया कि दर्जनों की संख्या में हाथियों ने फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। पूर्व में भी हाथियों के द्वारा खेतों में लगे फसलों को नुकसान पहुंचाया गया था, लेकिन अभी तक वन विभाग हाथियों को क्षेत्र से भगाने में नाकाम साबित हुआ है, जिसका खामियाजा हम गरीब किसानों को उठाना पड़ रहा है। वहीं किसानों ने विभाग से अविलंब मुआवजे की मांग की है। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि हाथियों द्वारा पाल्हे गांव में किसानों की फसल को क्षति पहुंचाने की जानकारी मिली है। विभाग इसका मुआयना कर रहा है। पीड़ित किसानों को सरकारी प्रावधान के हिसाब से उचित मुआवजा जरूर मिलेगा।





# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों ने जमा किये 64 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

झारखंड सरकार के निर्देशानुसार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन वार्ड 11 एवं 12 में खजुरी विद्यालय के समीप किया गया।

इसका शुभारंभ कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने किया गया। तत्पश्चात जरूरतमंद लोगों के बीच 57 कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम में आमजनों भारी भागीदारी रही। आमजनों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। इसके उपरांत नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा उनकी समस्याओं से संबंधित त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं शेष शिकायतों के निष्पादन हेतु विभाग को अग्रसारित किया गया। कार्यक्रम में पेंशन 25, गुरु जी क्रेडिट 2, सावित्रीबाई फुले 16, राशन कार्ड 10, भूमि अभिलेख सुधार 4, आयुष्मान 4, अन्य 4 सहित कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए। इस कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, अनूप तिवारी, जितेश कुमार, विकास कुमार सिंह, नजीर अमित पाठक तथा कई कर्मचारी उपस्थित थे।



# झारखंड सीनियर महिला कबड्डी टीम के कोच नियुक्त किये गये अजय कुमार गुप्ता



**भवनाथपुर।** राष्ट्रीय सीनियर महिला कबड्डी चैंपियनशिप के लिए झारखंड सीनियर महिला कबड्डी टीम का कोच अजय कुमार गुप्ता को नियुक्त किया गया है। यह प्रतियोगिता लामरीन टीच स्किल यूनिवर्सिटी, रूपनगर, पंजाब आगामी 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित होगी। गढ़वा जिला के लिए गौरव की बात है कि भवनाथपुर प्रखंड के सुद्रवर्ती क्षेत्र कोनमंडरा के रहने वाले अजय कुमार गुप्ता को कोच बनाया गया है। उनकी कोचिंग में गढ़वा जिला हमेशा राज्य स्तर प्रतियोगिता में चैंपियन होता रहा है और 25 खिलाड़ी इनके अंदर में प्रशिक्षण प्राप्त करके नेशनल प्रतियोगिता में भाग ले ले चुके हैं। दो खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल भी प्राप्त कर चुके हैं। यह जानकारी गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास सोदेशी ने दी।

# काटे जा रहे हैं हरे-भरे पेड़ विभाग का बेपरवाह रवैया

### कभी पेड़-पौधों से हरा भरा दिखाई देने वाला दवना पहाड़ का अस्तित्व खतरे में

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

उत्तरी वन क्षेत्र के वन विभाग की अनदेखी और लापरवाही के कारण भवनाथपुर के कई जंगलों से हरे पेड़ों को जलावन में उपयोग के लिये अंधाधुंध काटा जा रहा है।

मंगलवार को रेलवे साईडिंग स्थित दवना पहाड़ से हरे पेड़ पौधों की कटाई स्थानीय युवक भरत रजक, बबलू चौधरी आदि ने बुधवार को दवना पहाड़ में लगे हरी लकड़ी काटते करीब आधा दर्जन महिलाओं तथा उनके द्वारा काटे गए हरे पेड़ पौधे को पकड़ कर इसकी सूचना वन कर्मियों को फोन पर देने की कोशिश की लेकिन कर्मियों द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। इसके बाद युवकों ने मोबाइल फोन से इसकी सूचना रेंजर को दी, लेकिन उन्होंने भी कर्मियों को मौके पर भेजने की बात कह बात टाल दी। वहीं वन विभाग के किसी भी कर्मी द्वारा मौके पर नहीं पहुंचने पर युवकों ने दवना पहाड़ में हरी लकड़ी काटने वाली महिलाओं को आगे से हरे पेड़ नहीं काटने की सख्त हिदायत देकर उन्हें छोड़ दिया।

युवकों ने बताया कि हम सभी पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जंगल बचाने में लगे हुए हैं, तो दूसरी तरफ वन विभाग की उदासीनता के चलते इन दिनों ग्रामीण महिला पुरुषों द्वारा दवना पहाड़ में लगे हरे पेड़ पौधो की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। कभी पेड़-पौधों से हरा भरा दिखाई देने वाला दवना पहाड़ का अस्तित्व अब समाप्त होने लगा है।

## अव्यवस्था

### बीडीओ बोले-मुखिया लिखित मांग करती हैं तो बलिगढ़ पंचायत में पुनः कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

# बारिश के कारण सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मची अफरा-तफरी

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत सचिवालय में गुरुवार को आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह से ही रुक-रुक कर हो रही बारिश से कार्यक्रम में अफरातफरी का माहौल बना रहा।

प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद, विधायक प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए, जबकि प्रखंड व अंचल कार्यालय के गिने चुने कर्मी ही कार्यक्रम में उपस्थित थे। वहीं कई विभागों के अधिकारी गायब दिखे। दोपहर करीब एक बजे के बाद बारिश रुकने के पश्चात ग्रामीण पंचायत सचिवालय में आकर राशन, पेंशन, अबुआ आवास, पशुपालन, मनरेगा, कृषि, केसीसी ऋण सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसी तरह आवेदन पत्र जमा किये। उक्त कार्यक्रम में दिव्यांग शीला देवी और झरी बैठा को ट्राइसाइकिल दी गई, जबकि दस लोगों की पेंशन स्वीकृत की गई। शिविर में अबुआ आवास के लिए सबसे ज्यादा 1065 आवेदन, पशुधन के लिए 124, पेंशन में 76, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में 52, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए 1, सिंचाई कूप के लिए 7 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुखिया ललिता कुमारी ने कहा कि ग्रामीणों से आवेदन लेकर आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। योग्य लाभुकों को अबुआ आवास, राशन, पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि मुखिया द्वारा पुनः कार्यक्रम कराने की लिखित मांग की जाती है तो बलिगढ़ पंचायत में पुनः सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मौके पर उप प्रमुख शम्भू सिंह खरवार, मुखिया ललिता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, बीपीओ मनोज कुमार, कनीय अभियंता अमर भारती, राजीव कुमार, सत्यम कुमार, पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, रामकुमार प्रजापति, दीपक जयसवाल, पंकज सिंह, पर्यवेक्षिका रिंकी आदि मौजूद थे।



#### कर्मियों व अफसरों की कार्यक्रम से दूरी पर उप प्रमुख ने जताई नाराजगी



**केतार।** बलीगढ़ पंचायत सचिवालय में गुरुवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अंचल निरीक्षक, कर्मचारी, वन विभाग, बैंक, कृषि विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर उपप्रमुख शम्भू सिंह खरवार ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार पंचायतवार शिविर लगाकर अंतिम व्यक्ति तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहती है। लेकिन उनके ही अधिकारी इस कार्यक्रम को सफल नहीं बना रहे हैं। अधिकारी लगतार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से दूरी बना रहे हैं। इससे संबंधित विभागों की शिकायत ग्रामीणों शिविर में नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बारिश होने के बाद भी सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पूरे दिन पंचायत सचिवालय में संबंधित विभाग के अधिकारियों का इंतजार करते रहे लेकिन अधिकारी कार्यक्रम से नदारद रहे। इससे ग्रामीणों को निराश होना पड़ा। उपप्रमुख शम्भू सिंह खरवार ने इसकी शिकायत उपायुक्त से करने की बात कही है।

# 'अंबेडकर ने मानवता के लिए काम किया'

**गढ़वा।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में विद्यालय के निदेशक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, विद्यालय के पदाधिकारी सहित सभी शिक्षक गण ने संयुक्त रूप से बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पांडेय ने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन के 65 साल में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, औद्योगिक, संवैधानिक आदि क्षेत्रों में अनगिनत कार्य करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह प्रतिदिन 18 घंटा पढ़ाई करते थे और सिर्फ 3 घंटा सोते थे और बाकी 3 घंटा वह नहाने, खाने, व्यायाम आदि गतिविधियों में लगाते थे।

## गागर में सागर

### लगातार हो रही बारिश के बीच माकपा ने सीएम से की स्कूलों में छुट्टी की मांग



**चंदवा।** माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने साईक्लोन मिचौंग के कारण लगातार हो रही बारिश को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर स्कूलों में एक सप्ताह की छुट्टी करने की मांग की है। उन्होंने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि बुधवार से साईक्लोन मिचौंग के कारण पूरे राज्य में मौसम खराब चल रहा है। इससे आम जनजीवन पर काफी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। दो दिन से लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा स्कूल कालेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राएं प्रभावित हैं। छात्र-छात्राओं को घर से शुबह नौ बजे हाड़ कंपाने वाली ठंड और पानी के बीच स्कूल के लिए निकलना पड़ रहा है। इससे वह पानी में भीग भी रहे हैं। ठंड से बच्चों को बचने के लिए कक्षा तीन और इसके ऊपर क्लास के बच्चों को शिक्षा विभाग ने स्वेटर की राशि उसके खाते में भेज दी है लेकिन अभी तक आधे से अधिक बच्चे स्वेटर खरीद नहीं पाए हैं। जिन बच्चों के पास स्वेटर हैं, जूत्ता मौजा हैं वह भी इस मौसम में नाकाफी साबित हो रहे हैं। ऐसे में एक सप्ताह तक स्कूल की छुट्टी किए जाने की मांग की है।

### एनटीपीसी प्रबंधन ने दिया क्रिकेट किट




**टंडवा।** एनटीपीसी परियोजना की टंडवा ईकाई प्रबंधन द्वारा गुरुवार को खेल विकास के लिए सीएसआर मद से टंडवा प्रखंड मुख्यालय में संचालित वनांचल महाविद्यालय को क्रिकेट किट का वितरण किया गया। किट में जर्सी, टोपी व टेनिस बॉल ,बैट आदि शामिल हैं। इस मौके पर एचआर प्रमुख अनिल चावला, सीनियर मैनेजर (आरएंडआर) रघुवीर मीणा, सीएसआर अधिकारी एनए शिपो, प्रो. प्रमोद कुमार पाठक,प्रो. प्रफुल्ल पांडेय,प्रो. नवल प्रसाद, विजय राम समेत अन्य मौजूद थे।

### भगवान शीतल नाथ की मूर्ति स्थापित



**इटखोरी।** साईकलोन बारिश के बिच जिले के इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर क्षेत्र अंतर्गत भदलपुर जैन मंदिर में भगवान सीतल नाथ की प्रतिमा विधि विधान से स्थपित किया गया। ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर परिसर क्षेत्र में अवस्थित शीतल नाथ जन्म स्थल पर नव निर्माणधीन मंदिर के गर्भ गृह में शीतल नाथ की मूर्ति को स्थापित किया गया। पूर्व में यह मूर्ति मंदिर निर्माण स्थल से बाहर थी। क्रेन की सहायता से उसे मंदिर के गर्भ गृह लाया गया और गुरुवार को विधि विधान से चबूतरे पर विराजमान किया गया। शीतलनाथ की यह मूर्ति लगभग 10 टन वजन की है। इसका निर्माण राजस्थान के मकराना में किया गया है और यह मूर्ति बिंजोलिया पत्थर की बनी हुई है। शीतल नाथ की मंदिर में सुजस सागर जी महाराज का आगमन भी हुआ। कार्यक्रम में हजारीबाग, कोडरमा, सिमरिया, चतरा, चौपारण, इटखोरी से गणमान्य पहुंचे थे।

### युवा महोत्सव के लिए किया गया चयन

**चतरा।** जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव (एनवाईएफ) प्रतियोगिता 2023 का आयोजन जिला खनिज निधि कौशल विकास केन्द्र चतरा के सभागार में जिला खेल विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय केदार राम एवं जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालय, विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया।प्रतिभागियों ने स्टोरी लेखन, फोक डांस, फोटोग्राफी, पेन्टिग, फोक सॉन्ग आदि प्रस्तुत किया। स्टोरी लेखन में सिमरन कुमारी, फोक डांस ग्रुप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस, फोक सॉन्ग सोलो में सुनिता कुमारी, फोक सॉन्ग ग्रुप में मनीषा एण्ड ग्रुप परसौनी इटखोरी, पेन्टिग में रोहित कुमार आदि ने अपने कला क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सभी प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 हेतु चयन हुआ। निर्णायक की भूमिका प्रकाश कुमार स्थानीय कलाकार एवं सिमरन साह, सिमरन डांस एकेडमी चतरा के द्वारा निभाया गया।

### चंदवा पुलिस ने दूसरे दिन भी चलाया अभियान, सैकड़ों वाहन पकड़े, महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया, जुर्माना

# बगैर हेलमेट व कागजात वाले वाहन चालकों पर सख्त हुई पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

लातेहार परिवहन विभाग के निर्देश पर क्षेत्र में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चंदवा थाना गेट के समीप गुरुवार को दूसरे दिन भी दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट व कागजात के परिवहन कर रहे सैकड़ों वाहन चालकों बिना हेलमेट व कागजात के पकड़ा गया। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों में चंदवा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। बीते एक सप्ताह में बालूमाथ थाना क्षेत्र में हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में चंदवा के छह लोगों की मौत हो गई है, जबकि सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोग घायल भी हुए हैं। प्रखंड क्षेत्र में बढ़ रही दुर्घटनाओ की मुख्य वजह शराब व तेज रफ्तार राइड बताई जा रही है।




### वाहन चेकिंग अभियान से हलकान रहे लोग

थाना गेट के समीप चल रहे वाहन चेकिंग अभियान से दो पहिया वाहन चालक दिनभर हलकान रहे। कई वाहन चालकों का कहना था कि महिलाओं को लेकर जा रहे वाहन को पुलिस रुकवा रही थी और महिलाओं को गाड़ी से उतार कर वाहन थाना के अंदर खड़ा कर दिया जा रहा था। महिलाओं द्वारा लाख मिन्नतें करने के बावजूद पुलिस गाड़ी छोड़ने को तैयार नहीं हुई। मजबूरन उन्हें भारी बारिश में भीग कर घर जाना पड़ा। लोगों का कहना था कि इससे पहले इस प्रकार की कड़ाई नहीं की गई थी। कम से कम महिलाओं के वाहन को जाने दिया जाता था लेकिन इस बार महिलाओं का भी ख्याल नहीं रखा गया। खबर लिखे जाने तक थाना परिसर में वाहन चालकों से जुर्माना वसूलने का कार्य चल रहा था। जांच के दौरान ज्यादा परेशानी दूरदराज के लोगों को हुई। उनका कहना था हम जुर्माना भरने के लिए तैयार थे। इसके बावजूद हमें दिनभर थाने पर समय बिताना पड़ा। जब ऑनलाइन फाइन भरने की व्यवस्था है तो दिनभर लोगों को परेशान करने का क्या मतलब बनता है।

# एमडीएम की गुणवत्ता का रखें ख्याल

## डीसी ने स्वास्थ्य केंद्र, उच्च व बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

उपायुक्त अबु इमरान ने गुरुवार को लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लावालौंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लावालौंग व कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधा, पेयजल, शौचालय, कार्यरत एवं प्रतिनियुक्त चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, ओपीडी व्यवस्था, उपस्थिति पंजी, इंफ्रास्ट्रक्रर, दवा की उपलब्धता, कोल्ड चेन, स्नेक एंटी वेनम इंजेक्शन समेत अन्य की जांच की एवं कई दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से भी उनके द्वारा दी जा रहे सेवाओं की जानकारी ली एवं ससमय उपस्थित रहने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने मरीजों से भी मुलाकात कर उन्हें दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके उपरांत उपायुक्त उत्क्रमित उच्च विद्यालय लावालौंग का औचक निरीक्षण कर उपस्थित छात्र-छात्राओं से मिलने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली और स्वयं भोजन की जांच की। वहीं विद्यालय के कक्षा में जा कर बच्चों से उसके पठन-पाठन की जानकारी लिया। उन्होंने पढ़ाई से संबधित प्रश्न पूछ छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कहा एमडीएम की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न हो इसका खास ख्याल रखा जाय और यह भी ध्यान रखा जाय कि पंजी में जितने भी छात्र नामांकित हैं सभी शत प्रतिशत उपस्थित रहें। वहीं कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय लावालौंग के निरीक्षण क्रम में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, वर्ग कक्ष समेत अन्य का जायजा लेते हुए कई नर्देश दिए।



### उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय लावालौंग का किया औचक निरीक्षण, निर्माणाधीन भवन को तय समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने गुरुवार को लावालौंग प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड कार्यालय की साफ-सफाई, पेयजल, पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। जांच कर उन्होने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय में समय पर उपस्थित रह कर अपने-अपने कार्यो का निष्पादन करेंगे। वहीं प्रखंड मुख्यालय में आये हुए आम जन से मिल उनकी समस्याओं को भी सुना। इसके पश्चात बन रहे प्रखंड कर्मचारियों के लिए आवासीय भवन का भी निरीक्षण कर कहा इसका खास ख्याल रखा जाय कि कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग हो और तय समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण हो।



### बारियातु में वन विभाग की टीम ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**बारियातु।** वन विभाग की टीम ने छापामारी अभियान चला कर थाना क्षेत्र के बानालात ग्राम स्थित पुल के समिप से बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया। जानकारी देते हुए क्षेत्र के वन रक्षी संतोष उरांव ने बताया कि वन क्षेत्र पदाधिकारी ननद कुमार राम को गुप्त सूचना मिली थी के बानालात ग्राम के नदी से ट्रैक्टर द्वारा अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है। सूचना के आधार पर एक टीम गठित कर अभियान चलाया गया, जहां बानालात नदी से बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। ड्राइवर भागने में सफल रहा। जब्त ट्रैक्टर को बालूमाथ वन विभाग परिसर में लाया गया, जहां विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं0– CWMPD–11–2023–24** **दिनांक 06–12–2023**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, प0 दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रुप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मो से ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा बंद होने की तिथि– 29–12–2023**

**1.कार्य का नाम एवं लोकेशन : CWMPD–11–2023–24 :** पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल के जमुई, बाढ, बख्तियारपुर, फतुहा, राजगीर, बिहार शरीफ, तारेगना, जहानाबाद, आरा, बिहिया, डुमराँव, रघुनाथपुर, चौसा और दिलदार नगर स्टेशनों पर 12 मीटर / 06 मीटर / 03 मीटर के फुट ओवर ब्रिज की आपूर्ति, निर्माण और परिवहन का कार्य। **CWMPD–12–2023–24 :** पूर्व मध्य रेल, सोनपुर मंडल के हाजीपुर, सोनपुर, दलसिंह सराय, मानसी, नवगछिया और खगडिया स्टेशनों पर 12 मीटर / 06 मीटर / 03 मीटर के फुट ओवर ब्रिज की आपूर्ति, निर्माण और परिवहन का कार्य। **CWMPD–13–2023–24 :** पूर्व मध्य रेल, धनबाद मंडल के गोमो, पारसनाथ, बरकाकाना, डाल्टनगंज, लातेहार और गढवा रोड स्टेशनों पर 12 मीटर/06 मीटर/03 मीटर के फुट ओवर ब्रिज की आपूर्ति, निर्माण और परिवहन का कार्य। **2. कार्य का अनुमानित लागत :** CWMPD–11–2023–24 : रू0 57,26,85,900.75 CWMPD–12–2023–24 : रू0 50,67,16,969.75 CWMPD–13–2023–24 : रू0 53,68,21,482.41 **3. जमानत राशि :** CWMPD–11–2023–24 : रू0 30,13,400.00 CWMPD–12–2023–24 : रू0 26,83,600.00 CWMPD–13–2023–24 : रू0 28,34,100.00 **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 29.12.2023, 12:00 बजे **5. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in**

**मुख्य कारखाना प्रबन्धक/बी0डव्ल्यू
प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**

**पीआर/01817/पीडीएम/यॉ०/टी/23–24/56**

### पीएनएमपीएल कंपनी के खिलाफ बेमियादी भूख हड़ताल पर बैठे मजदूर



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

थाना क्षेत्र स्थित सीसीएल के राजहरा एरिया द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी में आउटसोर्सिंग का कार्य कर रही पीएनएमपीएल कंपनी के प्रबंधक द्वारा पिछले दिनों कार्य से मुक्त करने के खिलाफ में मजदूरों ने गुरुवार से मजदूर नेता गिरधारी यादव के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन भुख हड़ताल पर बैठ गए। भूख हड़ताल की सूचना पर सीसीएल के मैनेजर दीपक कुमार धरना स्थल पहुंचे और भूख हड़ताल पर बैठे मजदूर नेता एवं मजदूरों से वार्ता करते हुए भूख हड़ताल समाप्त करने की अपील की। इस पर मजदूर नेता गिरधारी यादव ने कहा कि शुरुआती दौर में कंपनी द्वारा विस्थापितों के हित के लिए कई तरह के वादे किए गए थे लेकिन कंपनी द्वारा एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। इतना ही नहीं, विस्थापित 18 मजदूरों को कार्य से बिना कारण बताए हुए मुक्त कर दिया गया। यह हम विस्थापितों के लिए मान्य नहीं है, जबकि झारखंड सरकार द्वारा नियमावली बनाया गया है कि कोई भी कंपनी जिस क्षेत्र में कार्य कर रही है उस क्षेत्र के लोगों को कार्य पर रखना है। लेकिन इस नियम को ताक में रखकर कंपनी कार्य कर रही है जो गलत है। इसके बाद वार्ता विफल हो गई। बताते चलें कि मजदूर नेता सहित निष्कासित 18 मजदूर पिछले 18 नवंबर से कोलियरी परिसर के समीप धरने पर बैठे हुए थे। कंपनी द्वारा मांग नहीं माने जाने के बाद यह धरना 7 दिसंबर से भूख हड़ताल में तब्दील हो गया। मौके पर सुजीत यादव, नवीन उरांव, सुरेंद्र यादव, मानक महतो, संतोष यादव, झूना तूरी, पंकज कुमार, मोहन यादव, प्रकाश तूरी, रूपेश, बबलू यादव, संजीत उरांव, गणेश उरांव, रविंद्र यादव, विनोद यादव, मंदेश उरांव, बलराम उरांव, संजीत उरांव मौजूद रहे।

### सरकार आपके द्वार शिविर में आए 2775 आवेदन, 579 का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले के हंटरगंज प्रखंड के डुमरीकला व लावालौंग प्रखंड के लावालौंग पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। दोनों प्रखंडों में आयोजित शिविर में भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं व लाभ को लेकर आवेदन दिया। इनमें कई का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। डुमरीकला पंचायत के कार्यक्रम में कुल 1393 आवेदन आए, जिनमें 321 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया व लावालौंग पंचायत में 1382 आवेदन आए, जिनमें 258 का निष्पादन किया गया। वहीं स्टॉलों का निरीक्षण उपायुक्त अबु इमरान ने कया। इसके पश्चात उन्होंने असहाय, गरीब व वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। आमजनों को पौधा देकर उनका स्वागत किया। वहीं जेएसएलपीएस की महिलाओं के बीच चेक व लाभुकों के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र का वितरण किया। वहीं प्रखंड के बांदू गांव में गरीब,



असहाय व वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। हाउस टू हाउस जा कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात लावालौंग प्रखंड के बिरहोर टोला में जा कर बिरहोर परिवार के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया और परिवारों के बीच कंबल का भी वितरण किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनि कुमारी को बिरहोर टोला समीप आंगनबाड़ी केंद्र का रिपेयरिंग करने का निर्देश दिया।

### झामुमो नेता की माता का 85 वर्ष की उम्र में निधन, शोक

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा की मां व जमीरा मुखिया दुर्गावती देवी की सास पनुवा देवी(85) का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार जमीरा स्थित देवनद छापर टोली तट पर किया जायेगा। झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, जिला सचिव शमशुल होदा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष वारिश अंसारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, चंदवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, प्रखंड सचिव मो इजहार आदि ने शोक व्यक्त किया है।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (समाज कल्याण शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

समेकित बाल संरक्षण योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्यालय ज्ञापांक–1403/स0क0 दिनांक–07.10.2022 द्वारा नियुक्ति से संबंधित प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदनों में से आपत्तिविहीन/आंशिक आपत्ति वाले उम्मीदवारों का नाम WWW.chatra.nic.in के website पर प्रकाशित किया गया है।

संबंधित उम्मीदवारों के मूल प्रमाण पत्रों की जॉच एवं कम्प्यूटर/टंकण दक्षता की जॉच हेतु दिनांक–11.12.2023 को अपराह्न 02:00 बजे डी0आर0डी0ए0, चतरा विकास भवन के सभाकक्ष में किया जाएगा। संबंधित उम्मीदवार निर्धारित तिथि को निर्धारित स्थल पर अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद किसी भी उम्मीदवार की दावेदारी पर विचार नहीं किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त,
चतरा

PR312890 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D

**पहल** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में हुई बैठक

# ‘बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशील रहे पदाधिकारी’

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित कार्यों की जानकारी अलग-अलग विभागों के पदाधिकारियों से लेते हुए बाल अधिकार के प्रति संबंधित पदाधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ काम करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा बाल अधिकार संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों व अन्य योजनाओं की जानकारी ली गई। तथा रजिस्टर्ड प्ले स्कूल की जानकारी लेते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जल्द से जल्द शेष प्ले स्कूल का रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग से बच्चों के पठन- पाठ, बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाआ, डीएमएफटी, सीएसआर के फंड से बच्चों के लिए किये गए कार्य, श्रम विभाग द्वारा जिले में बाल श्रमिकों को मुक्त कराने, कार्रवाई के संबंध में क्रमवार जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान डीएमओ को माइनिंग क्षेत्र में संचालित वाहनों पर चाइल्ड लेबर, चाइल्ड मैरिज, चाइल्ड अब्यूज पर स्लोगन लगवाकर जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला में बच्चों से संबंधित शिक्षा का अधिकार, बाल पलायन, बाल श्रम, पोषण, मादक पदार्थो का सेवन, स्मार्ट फोन का दुरूपयोग आदि से संबंधित विषय पर विचार विमर्श कर उसके निराकरण, जागरूकता को लेकर सबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।




**झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0**
**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**
E-mail-dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in(A Govt. of Jharkhand undertaking ) Mob. No.-
कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् है:–

| वनागार का नाम | समय | दिसम्बर– 2023 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 बजे अपराह्न | 15-12-2023 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार ) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/–
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
PR 312882 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज

## गागर में सागर

### क्षत्रिय समाज ने करणी सेना अध्यक्ष की हत्या के विरोध में निकाला जुलूस




**लोहरदगा।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में गुरुवार को लोहरदगा में क्षत्रिय समाज ने मशाल जुलूस निकाला। वारदात में शामिल सभी अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी और फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए सजा ए मौत की मांग की गई। मशाल जुलूस की शुरुआत मैना बागीचा लोहरदगा से हुई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शन की अगुवाई जिला अध्यक्ष सत्यजीत सिंह ने की। सत्यजीत ने कहा कि सुखदेव सिंह की हत्या राजपूत समाज के लिए बड़ी क्षति है। क्षत्रिय समाज एकजुट होकर न्याय के लिए संघर्ष करेगा। समाज के लोगों को हर तरह के मतभेद भुलकर एकजुट रहने की जरूरत है, ताकि समाज के सामने खड़ी चुनौतियों का मजबूती से सामना किया जा सके। इसके पूर्व महासभा की बैठक में समाज को सशक्त बनाने और समन्वय बेहतर करने पर चर्चा हुई। करणी सेना के दिवंगत अध्यक्ष को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मनोज सिंह, कन्हाई सिंह, पप्पू सिंह, विजय सिंह, मदन सिंह, अमित सिंह, उमेश सिंह, पप्पू सिंह, कृष्ण सिंह, जयंत कुमार सिंह, अजय चौहान, धीरज सिंह, अशोक सिंह,अमित सिंह, संजय शाहदेव, सूरज सिंह, दिनेश सिंह, जानदार सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के युवा मौजूद थे।

### मध्याह्न भोजन अनुश्रवण समिति व स्थापना समिति की बैठक आयोजित




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन अनुश्रवण समिति और जिला स्तरीय स्थापना समिति की बैठक हुई। सर्वप्रथम मध्याह्न भोजन से संबंधित बैठक में सेंट्रलाइज्ड किचन से विद्यालय के बच्चों को मध्याह्न भोजन की आपूर्ति के लिए संबंधित विद्यालय के बच्चों का फीडबैक के लिए कमिटी गठित करने और तत्पश्चात आगे की कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। स्थापना समिति (शिक्षा) की बैठक में ग्रेड-3 और ग्रेड-5 के शिक्षकों की समयबद्ध प्रोन्नति व अन्य शिक्षकों के स्थानांतरण से संबंधित चर्चा हुई और आवश्यक निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, परियोजना निदेशक आइटीडीए सुजाता कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम समेत समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### एसी ने की उच्च न्यायालय/मानवाधिकार व लोकायुक्त से संबंधित मामले की समीक्षा

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय/मानवाधिकार (राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए अपर समाहर्त्ता ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा करते हुए कहा कि मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन किया जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब निष्पादित करने की बात कही। बैठक में डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### टीडीएस-टीसीएस पर सेमिनार का आयोजन, नए प्रावधानों पर हुई चर्चा

**चतरा।** विकास भवन के समीप प्रशिक्षण भवन में आयकर विभाग, टीडीएस वार्ड बोकारो द्वारा टीडीएस-टीसीएस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मनीष कुमार झा आईआरएस अपर आयकर आयुक्त टीडीएस परिक्षेत्र 2 रांची, कमलेश कुमार सिन्हा आयकर टीडीएस अधिकारी बोकारो द्वारा टीडीएस-टीसीएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### उपायुक्त ने की बैठक, मेला स्थल का किया निरीक्षण, स्टॉल सुबह 10 बजे से शाम के 7 बजे तक लगाये जायेंगे

# जिले में प्रथम पुस्तक मेला आज से, तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिले में भव्य रूप से जिले का 'प्रथम पुस्तक मेले' का आयोजन किया जा रहा है। 8 एवं 9 दिसंबर को दो दिवसीय इस पुस्तक मेले में कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ओपन माइक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस ओपन माइक कार्यक्रम में कोई भी व्यक्ति अपने साहित्यिक विचारों को पोएट्री के माध्यम से सभी के समक्ष रख सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ 8 दिसंबर को पूर्वाह्न 10 बजे किया जाएगा। पुस्तक मेले में सभी पुस्तकों का स्टॉल सुबह 10 बजे से शाम के 7 बजे तक लगाया जाएगा। पाठक अपने समय अनुसार इस पुस्तक मेले में भाग ले सकते हैं। पुस्तक मेले में सभी का प्रवेश पूर्ण रूप से निः शुल्क रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में 'सीकछा कर भेंट' गतिविधि के तहत आयोजित इस पुस्तक मेले में हर प्रकार के साहित्यिक एवं पाठ्य क्रम के पुस्तके होंगी।



इस दो दिवसीय कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों के द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा व पैनल डिस्कशन किया जाएगा। 9 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम में संध्या 4 बजे से 5 बजे के बीच ओपन माइक का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें कोई भी व्यक्ति साहित्यिक विषयों पर स्वयं लिखित कविता का पाठ कर सकता है। इसको लेकर उपायुक्त ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक की, जिसमें अतिथियों के स्वागत से लेकर कार्यक्रम के सफल आयोजन से संबंधित सभी मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए योजनवार तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात उपायुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने जिले वासियों से अपील की है कि इस दो दिवसीय 'जिला स्तरीय प्रथम पुस्तक मेले' में आवश्यक भाग लें एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक मेले में सभी प्रकार के पाठकों के लिए पुस्तकों का स्टॉल लगाया जाएगा एवं भव्य रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा एवं इस पूरे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आईपीआरडी गुमला के यूट्यूब चैनल से किया जाएगा।

## जिले की तीन पंचायतों में आयोजित हुए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिले के तीन प्रखंडों की पंचायतों में आयोजित हुआ। इसमें किस्को प्रखण्ड का खरकी पंचायत, सदर प्रखंड लोहरदगा की बाघा पंचायत और भंडरा प्रखंड का मसमानों पंचायत शामिल है। बारिश के बावजूद लोगों में कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये थे जिसमें लोगों की ओर से आवेदन जमा किये गये।



खरकी पंचायत में कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत व अन्य अतिथियों द्वारा की गई। कार्यक्रम में सर्वजन पेंशन, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, कंबल वितरण योजना, जाति/आवासीय प्रमाण-पत्र, मक्का बीज वितरण, सोना सोबरन धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना आदि योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में उप प्रमुख गीता देवी, मुखिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि व जिला व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। पूर्वी सिंहभूम में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए, का लाइव एलईडी टीवी का पर दिखाया गया। इस कार्यक्रम को ग्रामीणों ने देखा व सुना।

## अंजुसा कुमारी को मिला जाति प्रमाणपत्र

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

किस्को प्रखंड के खरकी पंचायत के सेमरडीह स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में छात्रा प्राथमिक विद्यालय मन्हो के पांचवीं कक्षा की छात्रा अंजुसा कुमारी को जाति प्रमाणपत्र दिया गया। असमंती बेहद खुश हैं और आगे की पढ़ाई के लिए नामांकन हेतु जाति प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन दिया था। अंजुसा ने ऑन द स्पॉट जाति प्रमाण-पत्र का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री व जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।




**समाहरणालय, लातेहार (निर्वाचन शाखा)**

**EVM/VVPAT के DEMONSTRATION से संबंधित "आम सूचना"**

एतद् द्वारा लातेहार जिलावासियों को सूचित किया जाता है कि विभागीय पत्रांक 5964 दिनांक 17.11.2023 से प्राप्त निदेशानुसार आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित मतदान केन्द्र स्तर तक EVM/VVPAT का प्रदर्शनी किया जाना है। उक्त के लिए जिला मुख्यालय, अनुमण्डल मुख्यालय एवं प्रखण्ड कार्यालयों में EDC (EVM Demonstration Center) का गठन कर प्रदर्शनी किया जायेगा। साथ ही सभी मतदान केन्द्र भवन, प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों एवं हाट–बाजारों में EVM/VVPAT का प्रदर्शनी हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर MDV (Mobile Demonstration Van) के माध्यम से दिनांक 11.12.2023 से प्रदर्शनी कार्यक्रम निर्धारित है।

उक्त प्रदर्शनी कार्यक्रम में मतदान केन्द्र स्तर पर सभी मतदाताओं सहित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से संबंधित सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति प्रार्थित है। ताकि अधिक से अधिक नागरिक EVM/VVPAT से पुनः अवगत हों तथा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के क्रम में EVM/VVPAT के माध्यम से निःसंदेह मतदान कर सकें।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित EVM/VVPAT का दिनांक 11.12.2023 से प्रारंभ हो रहे प्रदर्शनी के निमित लातेहार जिला के सभी मतदाताओं/प्रबुद्ध नागरिकों/राजनीतिक दलों/त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से संबंधित सभी जनप्रतिनिधियों से पुनः अपील है कि मतदान केन्द्र क्षेत्रान्तर्गत आयोजित होने वाले प्रदर्शनी कार्यक्रम में निर्धारित तिथि को ससमय भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया जाय।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.312879 Election(23-24):D


## गोवर्धन को मिला बिरसा सिंचाई कूप योजना का स्वीकृति प्रमाणपत्र



**लोहरदगा।** खरकी पंचायत अंतर्गत राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय सेमरडीह के प्रांगण पर आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सेमरडीह निवासी गोवर्धन प्रजापति को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का स्वीकृति प्रमाण-पत्र दिया गया। गोवर्धन ने इस योजना का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

## जमुना को मिला सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में उमरी ग्राम की निवासी जमुना उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला।



जमुना उरांव ने बताया कि राज्य सरकार ने बहुत बढिया योजना लायी है जिससे किसान वर्ग को बहुत फायदा हो रहा है। सिंचाई का साधन नहीं होने के कारण दूसरों के कुआं से सिंचाई के लिए पानी लेना पड़ता था। अब यह समस्या दूर हो जाएगी। जमुना उरांव ने इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद दिया।


**कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 35/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव।
2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.12.2023 अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 15.12.2023 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समयः– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 15.12.2023 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी :–

| क0. सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 07 | नगरिक सुविधा | RCC Culvert with Slab in Ward no 07 Near Raj Kishore Singh Clinic under Nagar Panchayat Manjhiaon | 150200.00 | 1000.00 | 3100 | 30 दिन |

नोट :– विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव।

PR 312942 Urban Development(23-24)#D


### पहल | सांसद सुदर्शन भगत ने उपायुक्त को पत्र लिखकर संज्ञान लेने का किया अनुरोध

# योजना क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार व लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सांसद सुदर्शन भगत ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहे भंडरा आकाशी कैरो पथ, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पेसरार प्रखंड, जिला लोहरदगा, रोड का नाम पेरतोल से शनई पथ निर्माण, वर्तमान में कार्य स्थल स्थान जोड़नी बाजारटांड के समीप हो रही सहित अन्य सभी पीएम जी एसवाई में भारी अनियमितता पर नाराजगी जताई। उपायुक्त को पत्राचार के माध्यम से सांसद की आरे से कहा कि जनता की शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। संवेदक और विभाग मनमानी कर रहे हैं।

सांसद ने पत्राचार करते हुए कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भंडरा से कैरो भाया आकाशी पथ का निर्माण कार्य पिछले सितंबर 2022 में शुभारंभ हुआ है। सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सड़क निर्माण के नाम पर भंडरा से आकाशी तक सड़क को खोद कर आवागमन बाधित कर दिया गया है। इस तरह सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। अब तक कई सवारी ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है और कई सवारी को गंभीर चोटें भी आ चुकी हैं। सड़क दुर्घटना में दो-तीन लोगों की अब तक मौत भी हो चुका है, जबकि यह सड़क भंडरा से आकाशी रेलवे स्टेशन जाने का मुख्य पथ है। कई बार ग्रामीणों के द्वारा संवेदक को कहा गया।



साथ ही उपायुक्त लोहरदगा के माध्यम से भी विभाग में इसकी जानकारी दी गई लेकिन इस पर कोई पहल नहीं कि जा रही है। संवेदक को इससे कोई मतलब नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है बहुत ही घटिया कार्य हो रहा है। सड़क बन रही है, पीसीसी रोड ढलाई कार्य हो रहा है, ढलाई के बाद पानी नहीं पटाया जाता है, ढलाई से पहले पानी देने का कार्य होता है, वह भी नहीं हो रहा है। ग्रामीण कहते हैं कि सड़क खराब बन रही है। साइड इंचार्ज कहता है कि जहां कंपलेन करना है करो हमें कुछ नहीं होना, जिसके पास जाना है जा सकता है। इस तरह के बोल बर्दाश्त नहीं किये जाएंगे। इसलिए जनहित को देखते हुए विषय को संज्ञान में लेकर ठोस कार्वाई करते हुए यथाशीघ्र सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर आवागमन सुचारु किया जाए।


**कार्यालयः– जिला परिषद, लातेहार**
**पशु मेला की बन्दोबस्ती वर्ष 2023–24**

**सूचना**

| क्र0 | प्रखण्ड | निलामी हेतु सैरात का नाम | पूर्व वर्ष की बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि | निलामी की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 6 |
| 1 | हेरहंज | पशु मेला (पौष पूर्णिमा) | 209000.00 | 21000.00 | 14/12/2023 | 11:00 AM |

नोट :-
1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर **दिनांक 15/12/2023 को पूर्वाहन् 11:00 बजे** तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः **दिनांक 16/12/2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे** बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार

PR 312904 (Rural Development)23-24*D

# आंकड़ों में भी यूपीए पर भारी मोदी सरकार

**प्रवीण प्रियदर्शी। रांची**

हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। भाजपा की इस जीत के बाद ईवीएम से लेकर हिंदुत्ववादी राजनीति, धर्म के आधार पर धुव्रीकरण जैसे कई मुद्दों को इसका आधार बताया जाने लगा। कहीं-कहीं तो मोदी के बरक्स भाजपा के राज्य स्तरीय नेताओं को खड़ा कर उनके जादू को जीत का कारण बताया गया। ऐसे में अपने पाठकों को निष्पक्ष रूप से वस्तु स्थिति समझाने के लिए हमने यूपीए सरकार के 2004 से 2014 व एनडीए सरकार के 2014-2023 तक के स्थापित आंकड़ों का विश्लण किया। अर्थव्यवस्था, जन कल्याण योजना, बुनियादी ढांचे पर काम, उत्पादन, शिक्षा व चिकित्सकीय सुविधा के आंकड़ों को इस अध्ययन में शामिल किया गया। ये आंकड़े संसद में पक्ष व विपक्ष द्वारा समय-समय पर प्रस्तुत किए गए हैं और पब्लिक डोमन में हैं। अर्थव्यवस्था के मामले में जहां मॉर्गन स्टैनली जैसी नामी क्रेडिट रेटिंग कंपनी 2014 में यूपीए की सरकार के तहत भारत को नाजुक अर्थव्यवस्था वाला देश बता रही थी वह 2023 में भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बता रही है। 2014 में देश की जीडीपी 98 लाख करोड़ रुपये की थी वह 2023 में बढ़कर डेढ़ गुणा से ज्यादा हो गई है। कृषि बजट 2014 में महज 21,900करोड़ रुपये की थी जो अब 1.25 लाख करोड़ की हो गई है। इसका असर कृषि उत्पादन में भी देखने को मिल रहा है। खाद्यान उत्पादन 2014 में 265 मिलियन एमटी से बढ़कर 2023 में 323.55 मिलियन एमटी हो गया है। गरीबी दर 22 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो गया है। रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिला रहा है। 2014 में रक्षा निर्यात 1941 करोड़ रुपये का था तो अब यह सोलह हजार करोड़ का हो गया है। वहीं नई जन कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन और लाभुकों तक इसका लाभ पहुंचाने में में भी एनडीए सरकार बीस दिख रही है। 2014 में उज्जवला जैसी कोई योजना नहीं थी जबकि एनडीए ने इस योजना से बड़ी संख्या में महिलाओं को जोड़ा और लगभग दस करोड़ गैस कनेक्शन मुफ्त बांटे। शैचाय्लय योजना भी एनडीए की विशेषता बन रही है। इसके तहत अब तक 12 करोड़ शौचालय का निर्माण ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में हो चुका है। बुनियादी ढ्ाचों के मामले में भी 2014 में जहां देश में महज 74 हवाई अड्डे थे 2023 में यह 148 हो गया है।

**यूपीए (मनमोहन) और एनडीए (मोदी) सरकारों के प्रदर्शन की तुलना (संसद और इंटरनेट पर हाल के भाषणों पर आधारित डेटा)**

| सर | तुलना बिंदु | 2004-2014 या 2014 | 2014-2023 या 2023 |
|---|---|---|---|
| | **अर्थव्यवस्था** | | |
| 1 | मॉर्गन स्टैनली टिप्पणी | नाजुक अर्थव्यवस्था वाला देश | सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था |
| 2 | जीडीपी पूर्ण (रुपये) | 98 लाख करोड़ | 159.7 लाख करोड़ |
| 3 | पूंजीगत व्यय (रु.) | 3.92 लाख करोड़ | 10.9 लाख करोड़ |
| 4 | कृषि बजट | 21,900 करोड | 1.25 लाख करोड़ |
| 5 | विदेशी मुद्रा आरक्षित ($) | 313 बिलियन डॉलर | 600 बिलियन डॉलर |
| 6 | एफडीआई (एस) | 45 बिलियन डालर | 84.8 बिलियन डॉलर |
| 7 | प्रति व्यक्ति आय (रुपये) | 86454 रु. | 1.5 लाख रु |
| 8 | गरीबी दर | 22% | 10% |
| 9 | बीपीएल | ......... | 0.8% |
| 10 | आयकर दाता | 3.8 करोड़ | 6.77 |
| 11 | रक्षा निर्यात (रुपये) | 1941 करोड़ | 16.000 करोड़ |
| 12 | किसानों को ऋण | 8.5 लाख करोड़ | 21.67 लाख करोड़ |
| 13 | भारतीय अर्थव्यवस्था को रैंक | 10 | 05 |
| | **जन कल्याण योजना** | | |
| 14 | नल जल कनेक्शन | 3.2 करोड़ | 12.7 करोड |
| 15 | ग्रामीण आवास योजना | 1.79 करोड | 2.9 करोड़ |
| 16 | उज्वला गैस कनेक्शन | ऐसी योजना नहीं | 9.6 करोड़ |
| 17 | महिलाओं के लिए शौचालय | ऐसी योजना नहीं | 11.72 करोड |
| 18 | शुद्ध पेयजल- नल से जल | योजना नहीं | 49.65 करोड़ खाते |
| 19 | डीबीटी | कोई प्रभावी योजना नहीं | 300 योजनाओं से 25 लाख करोड़ |
| 20 | मेडिकल बीमा | राजीव गांधी योजना सीमित परिवारों के लिए | 50 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख रु |
| 21 | कोरोना-राशन योजना | ........................ | 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन |
| 22 | कोरोना टीकाकरण | .......................... | सभी को मुफ्त टीका 3.4 लाख करोड़ रु. खर्च |
| | **बुनियादी ढांचे का काम** | | |
| 23 | हवाई अड्डे (संख्या) | 74 | 148 |
| 24 | एनएच किमी | 91,287 किमी | 1,45,155 किमी |
| 25 | रेलवे नई लाइन/वर्ष किमी | 1520 | 2625 |
| 26 | जलमार्ग (संख्या) | 00 | 111 |
| 27 | मेगा फूड पार्क संख्या | 02 | 23 |
| 28 | वंदे भारत ट्रेनें | 00 | 34 |
| | **उत्पादन** | | |
| 29 | खाद्यान्न उत्पादन मिलियन एमटी | 265 | 323.55 |
| 30 | दलहन (लाख एमटी) | 1.2 | 82.21 |
| 31 | इथेनॉल उत्पादन करोड़ लीटर | 38 | 434 |
| 32 | औद्योगिक उत्पादन सूचकांक आईआईपी | 103.3 | 131.6 |
| | **शिक्षा** | | |
| 33 | विश्वविद्यालय (संख्या) | 713 | 1113 (390 नये विवि) |
| 34 | कॉलेज (संख्या) | 38498 | 43796 |
| 35 | मेडिकल कॉलेज (संख्या) | 700 | 1341 |
| 36 | एमबीबीएस सीटें (संख्या) | 82466 | 152129 |
| 37 | स्कूलों का निर्माण | 6,37,000 | 6,53,000 |
| 38 | नई शिक्षा नीति | कोई कार्य नहीं | एनईपी लागू |
| | **मेडिकल सुविधा** | | |
| 39 | जन औषधि केंद्र | 80 | 9484 |
| 40 | एम्स (संख्या) | 07 | 23 |

# एक फरवरी के बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं : सीतारमण

## सीआईआई की ओर से वैश्विक आर्थिक नीति मंच का हुआ आयोजन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले एक फरवरी 2024 को संसद में पेश किया जाने वाला बजट एक नियमित बजट नहीं होगा, बल्कि यह केवल लेखानुदान होगा। इसलिए सरकार कोई बड़ी घोषणा नहीं करेगी। इसके लिए आपको जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट का इंतजार करना होगा। सीतारमण ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित वैश्विक आर्थिक नीति मंच 2023 को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि यह सच है कि एक फरवरी 2024 को जो बजट घोषित किया जाएगा वह सिर्फ वोट ऑन अकाउंट होगा। सरकार जो बजट पेश करेगी, वह सिर्फ तब तक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने के लिए होगा, जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। वित्त मंत्री ने कहा कि सीमा समायोजन कर लगाने का एकतरफा निर्णय ह्यग्लोबल साउथ के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सीमा पार (कर) लगाना और वह पैसा किसी और के हरित एजेंडे में लगाया जाना बिल्कुल भी नैतिक नहीं है। प्रत्येक देश को वैश्विक स्तर पर की गई हरित प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए संसाधन उत्पन्न करने की जरूरत होगी। वित्त मंत्री का यह बयान यूरोपीय संघ द्वारा कुछ क्षेत्रों से आयात पर कार्बन कर लगाने की घोषणा की पृष्ठभूमि में आया है। उल्लेखनीय है कि चुनावी साल में अंतरिम बजट पेश होना था, लेकिन अब वित्त मंत्री ने खुद साफ कर दिया कि बजट में कोई बहुत बड़ी घोषणा नहीं की जाएगी। वोट ऑन अकाउंट के तहत मौजूदा सरकार को आम चुनाव के बाद नई सरकार बनने तक का खर्चा दिया जाता है।




### वैश्विक आर्थव्यवस्था से जुड़ाव जरूरी

वैश्विक आर्थिक नीति के बारे में बात करते हुए, सीतारमण ने कहा कि विकास पर वैश्विक जुड़ाव की आवश्यकता है और ग्लोबल साउथ की चिंताओं पर गति बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के ट्रांजिशन की लागत एक चिंता का विषय है और ग्लोबल साउथ के खिलाफ यूरोपीय संघ के कार्बन टैक्स मानदंड नैतिक रूप से अनुचित हैं। गौरतलब है कि बजट को लेकर आम जनता के मन में हमेशा से उत्सुकता रहती है कि सरकार उसको राहत देने के लिए कई तरह की स्कीम की घोषणा कर सकती है। साथ ही इनकम टैक्स में भी राहत दे सकती है। हालांकि, इस बार ऐसा नहीं होगा। आम चुनाव होने के बाद कम्पलीट बजट पेश किया जाएगा।

# घरेलू शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक सेंसेक्स-निफ्टी लाल निशान में लुढ़के

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह से जारी तेजी के सिलसिले पर आज ब्रेक लगता नजर आ रहा है। मुनाफावसूली के दबाव में शेयर बाजार आज गिरकर लाल निशान में कारोबार कर रहा है। आज के कारोबार की मिली-जुली शुरूआत हुई लेकिन बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांक लाल निशान में गिर गए। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.37 प्रतिशत और निफ्टी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आयशर मोटर्स, अडाणी पोर्ट्स, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयर 2.02 प्रतिशत से लेकर 1.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, ओएनजीसी, हिंदुस्तान युनिलीवर, भारती एयरटेल, आई सी आई सी आई बैंक और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 2.50 प्रतिशत से लेकर 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,018 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,150 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 868 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 18 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 40.42 अंक की बढ़त के साथ 69,694.15 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक 69,320.53 अंक तक लुढ़क गया।




## टाटा पावर के शेयर 12 फीसदी बढ़े

**नई दिल्ली।** ब्रोकरेज द्वारा अपग्रेड किए जाने के बाद गुरुवार को टाटा पावर के शेयर में 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। बीएसई पर टाटा पावर 12 फीसदी बढ़कर 329 रुपये पर कारोबार कर रहा है। जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल ने एक शोध में कहा कि टाटा पावर की पुनर्निर्धारित रणनीति में उच्च मार्जिन वाले समूह कैप्टिव आरई अवसरों का दोहन, कम मूल्य वाले व्यवसायों से बाहर निकलना।

**OFFICE OF THE DISTRICT CO-OPERATIVE, LATEHAR**

**CORRIGENDUM**

Office of District Co-operative, Latehar, decided to make following amendments/addendum in the **NIB No. PR 312643 Co-operative (23-24) #D, dated 05.12.2023"Invitation for Very Short-Term Expression of Interest for Empanelment of Agencies for Rate Contract ofSupply and installation of Solar Based Robotic Pump Set 1 HP at different Areain Latehar District under DMFT Fund2023-24".**

| Section | OriginalCriteria | Readas/Amendments /Addendums |
|---|---|---|
| NIB | Place of Opening of EOI : Chamber of DDC-cum-Member Secretary, DMFT | Place of Opening of EOI : District Co-operative Office, Latehar |

*Rest all others conditions specified in the EOI will remains unchanged.

District Co-operative Officer
Latehar

PR 312920 Co-opretive(23-24).D

# इजराइली सेना दक्षिणी गाजा के खान यूनिस पहुंची, जमीनी व हवाई हमले तेज

**एजेंसी। गाजा**

इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम के बाद इजराइली सेना ने हमले तेज कर दिए हैं। इजराइली सेना बुधवार को जमीनी व हवाई हमले करते हुए दक्षिणी गाजा के प्रमुख शहर खान यूनिस के केंद्र में पहुंच गई। जहां हमास लड़ाकों ने उनका कड़ा प्रतिकार किया। सेना वहां से नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर जाने का दबाव डाल रही है। जबकि वे कह रहे हैं ऐसे स्थान अब कहां बचे हैं। लोग भूखे-प्यासे दरबदर हो रहे हैं। इजराइली लड़ाकू विमान हमास आतंकियों के ठिकानों के आशंका वाले सघन आबादी क्षेत्रों पर भी लगातार बमबारी कर रहे हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि अस्पताल घायलों और मृत लोगों से भर गए हैं। जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि गाजा में स्थिति विनाशकारी है, जहां किसी के न बचने जैसी स्थिति है। दोनों ओर से मानवाधिकार का घोर उल्लंघन हो रहा है। फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि हजारों लोग जो पहले से विस्थापित हैं उन्हें फिर से नया ठिकाना तलाशने को मजबूर किया जा रहा है। लेकिन उत्तरी गाजा से विस्थापित होकर दक्षिणी गाजा पहुंचे नागरिक अब असहाय हैं। वे अपने मामूली सामान के साथ एक स्थान से दूसरे स्थान पर सुरक्षित ठिकाने की तलाश में हैं। उत्तरी गाजा के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा करने के बाद इजराइल सेना टैंकों व लड़ाकू विमानों से गोले बरसाते हुए दक्षिण गाजा क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही है। इजराइल ने कहा कि उसकी सेना ने हमास के सैकड़ों ठिकानों पर हमला किया है।



## चीन में माल व्यापार के आयात-निर्यात में इजाफा

**बीजिंग।** इस साल नवंबर महीने में चीन में माल व्यापार का आयात-निर्यात 37 खरब युआन रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि से 1.2 प्रतिशत अधिक है। विदेश व्यापार के स्थिरता के साथ विकास करने का रुझान मजबूत हुआ है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस साल के पहले 11 महीनों में चीन में माल व्यापार का आयात-निर्यात 379 खरब 60 अरब युआन रहा, जो पिछले साल के इसी अवधि के बराबर है। इसमें निर्यात 216 खरब युआन रहा, जो गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 0.3 प्रतिशत अधिक है।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा**
**समग्र शिक्षा अभियान**
**जिला स्तरीय कार्यालय,प्रखण्ड परिसर,चतरा–825401,दूरभाषः (06541)253924**
**इमेल–chatrajepc@ymail.com**

**आम सूचना**

विज्ञापन संख्या 1087 दिनांक 01.09.2023 के माध्यम से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय (कान्हाचट्टी एवं मयुरहण्ड) विज्ञापन संख्या 1052 दिनांक 21.08.2023 के आलोक में पूर्णकालिक विषय शिक्षिका के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा पर चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशन के आलोक में चयन समिति द्वारा अन्तर्वीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि की जानकारी NIC चतरा के बेवसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है। शिक्षिका के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.12.2023 से दिनांक 13.12.2023 तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, विकास भवन, चतरा में आयोजित अन्तर्वीक्षा में अपने सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/अनुभव एवं अन्य मूल प्रमाण–पत्रों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर अन्तर्वीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र.स. | आवेदित विषय | आवेदित कक्षा | साक्षात्कार हेतु तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शारीरिक शिक्षिका | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 2 | विज्ञान | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 3 | भाषा शिक्षिका(हिन्दी/अंग्रेजी) | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 4 | गणित | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 5 | शारीरिक शिक्षिका | 6-8 | 11-12-2023 | JBAV |
| 6 | विज्ञान | 6-8 | 11-12-2023 | JBAV |
| 7 | समाजिक विज्ञान | 6-8 | 11-12-2023 | JBAV |
| 8 | अर्थशास्त्र | 9-12 | 12-12-2023 | JBAV |
| 9 | विज्ञान(रसायन विज्ञान/जीवविज्ञान) | 9-12 | 12-12-2023 | JBAV |
| 10 | समाजिक विज्ञान | 9-12 | 12-12-2023 | JBAV |
| 11 | गणित/भौतिकी | 9-12 | 13-12-2023 | JBAV |
| 12 | भाषा शिक्षिका(हिन्दी/अंग्रेजी) | 9-12 | 13-12-2023 | JBAV |

उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC चतरा के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यकम पदाधिकारी,झा0शि0प0,चतरा

PR 312899 Jharkhand Education Project Council(23-24).D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, लातेहार**

**पी0 एम0 नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला दिसम्बर 2023 से संबंधित सूचना**

निदेशालय पत्रांक :1819 दिनांक : 03.12.2023 के अनुपालन में प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन दिनांकः 11.12.2023 (सोमवार) को बनवारी साहु डीग्री कॉलेज ,लातेहार के परिसर में आयोजित किया जा रहा है।


अतः लातेहार जिला के 5वीं/10वीं/इन्टर/स्नातक/आई0टी0आई0 पास तथा उच्चतर डिग्री धारक प्रशिक्षणार्थियों एंव लातेहार जिला अवस्थित सभी औद्योगिक इकाईयों से अनुरोध है कि www.Apprenticeshipindia.gov.in पर apprenticeship mela page पर जाकर Trainees/ Establishment अपना – अपना रजिस्ट्रेशन कराते हुए दिनांकः 11.12.2023 को सुबह 9:00 AM बजे **बनवारी साहु डीग्री कॉलेज, लातेहार** में आयोजित मेला में भाग लेकर हमें अनुग्रहित करें।

विश्वासभाजन
प्राभारी प्राचार्य,
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,लातेहार

PR 312954 Labour Employment and Traning(23-24).D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(लापता व्यक्ति चंदन कुमार सिंह, उम्र–करीब 32 वर्ष)**



मेराल थाना दैनिकी सं0–16/2023, दिनांक–05.12.2023 में लापता चंदन कुमार सिंह, उम्र–करीब 32 वर्ष, पिता–देवेन्द्र कुमार सिंह, ग्राम+पो0–ओखरगाड़ा, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाले है। उक्त लापता व्यक्ति के भाई राजू रंजन सिंह के द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है कि दिनांक–04.12.2023 को मेरा भाई चंदन कुमार सिंह अपना अवकाश उपभोग कर घर से डियूटी पर मिजोरम जाने हेतु गढ़वा स्टेशन पर अपना भाई को छोड़कर वापस अपने घर आ गया। बाद में समय करीब 04:00 बजे मेरा भाई का पहले फोन आया और बोला की मुझे पानी चाहिए इस बात को सुनकर मुझे डर लगा और मै तुरंत अपने मोबाईल से विडीयो कॉल किए तो हम देखे कि मेरा भाई कोई रुम में बंद है। फिर बाद में फोन लगाने पर मेरो भाई का मोबाईल नं0–9149583995 बंद आ रहा है। उक्त लापता व्यक्ति चंदन कुमार सिंह का खोजबीन किया जा रहा है परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति चंदन कुमार सिंह के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR312944 (Police)23-24*D

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा**
**(जिला नजारत शाखा)**

**–: अति–अल्पकालीन निविदा :–**

राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम दिनांक–24.11.2023 से 26.12.2023 तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिस क्रम में जिला स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार एवं अन्य मंत्रीगण तथा अतिथिगण की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

उक्त कार्यक्रम का सफलतापूर्वक सम्पादन हेतु टेन्ट, अल्पाहार/भोजन एवं अनान्य कार्य/सामग्रियों हेतु अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक फर्म हेतु निविदा डालने की अंतिम तिथि 14.12.2023 को 11:30 बजे पूर्वाह्न तक निर्धारित है। निविदा उसी दिन समाहरणालय सभाकक्ष, चतरा में निविदा निस्तारण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 12:30 बजे खोला जाएगा।

निविदा खोलने के समय निविदादाता को स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

सामग्रियों की विवरणी एवं निविदा की शर्ते चतरा जिला के विभागीय वेबसाईट www.chatra.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

जिला नजारत उपसमाहर्त्ता,
चतरा

PR 312926 District(23-24)#D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना,चतरा, समग्र शिक्षा अभियान**
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा–825401
दूरभाषः (06541) 253924, इमेल–chatrajepc@ymail.com

**आम सूचना**

विज्ञापन संख्या 1087 दिनांक 01.09.2023 के माध्यम से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय (कान्हाचट्टी एवं मयुरहण्ड) विज्ञापन संख्या 1052 दिनांक 21.08.2023 के आलोक में पूर्णकालिक विषय शिक्षिका के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा पर चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशन के आलोक में चयन समिति द्वारा अन्तर्वीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि की जानकारी NIC चतरा के बेवसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है। शिक्षिका के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.12.2023 से दिनांक 13.12.2023 तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, विकास भवन, चतरा में आयोजित अन्तर्वीक्षा में अपने सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/अनुभव एवं अन्य मूल प्रमाण–पत्रों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर अन्तर्वीक्षा हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र.स. | आवेदित विषय | आवेदित कक्षा | साक्षात्कार हेतु तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शारीरिक शिक्षिका | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 2 | विज्ञान | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 3 | भाषा शिक्षिका(हिन्दी/अंग्रेजी) | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 4 | गणित | 6-8 | 11-12-2023 | KGBV |
| 5 | शारीरिक शिक्षिका | 6-8 | 11-12-2023 | JBAV |
| 6 | विज्ञान | 6-8 | 11-12-2023 | JBAV |
| 7 | समाजिक विज्ञान | 6-8 | 11-12-2023 | JBAV |
| 8 | अर्थशास्त्र | 9-12 | 12-12-2023 | JBAV |
| 9 | विज्ञान(रसायन विज्ञान/जीवविज्ञान) | 9-12 | 12-12-2023 | JBAV |
| 10 | समाजिक विज्ञान | 9-12 | 12-12-2023 | JBAV |
| 11 | गणित/भौतिकी | 9-12 | 13-12-2023 | JBAV |
| 12 | भाषा शिक्षिका(हिन्दी/अंग्रेजी) | 9-12 | 13-12-2023 | JBAV |

उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी NIC चतरा के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यकम पदाधिकारी, झा0शि0प0,चतरा

PR 312896 Jharkhand Education Project Council(23-24)#D

# जेल प्रशासन की खुली कलई

**झारखंड** में अपराधी और जेल प्रशासन की गठजोड़ की बात अब किसी से छुपी नहीं है। उसका उदाहरण धनबाद जेल के भीतर गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या की घटना है। जेल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मगजमारी का दौर जारी रहने की संभावना से इंकार नहीं किसा जा सकता है। हालांकि कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि जेल में फायर आर्म्स कैसे पहुंचा और जेल की सुरक्षा में चूक की वजह क्या है? सवाल का जवाब किसी के पास नहीं है। फिर भी सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सरकार इस घटना की समीक्षा कर रही है। पुलिस के आला अधिकारी वहां गये हुए हैं और जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। वहां से लौटने के बाद वे घटना के संबंध में रिपोर्ट देंगे। बता दें कि धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के आरोपी शूटर अमन सिंह को 3 दिसंबर की दोपहर जेल के भीतर गोलियों से छलनी कर दिया गया था। जेल में हत्या गंभीर मामला है। इससे सहज समझा जा सकता है कि यह किसी बड़ षडयंत्र की ओर इशारा कर रहे हैं। जेल की सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाकर जिस प्रकार हत्या की गई वह बगैर जेल प्रशासन की मिलीभगत से संभय है ही नहीं। ऐसे में प्रशासन का हाथ व पांव फूलना स्वभाविक है। यह देखा जा रहा है कि जेल में मोबाइल का पहुंचना आम बात है। जेल के अंदर बंद अपराधी खुलेआम रंगदारी मांग रहे हैं। एक प्रकार से उनकी समानांतर सरकार चल रही है। यह सब बगैर मिलीभगत संभव हो ही नहीं सकता है। आश्चर्य की बात ऐसे संगीन मामले पर किसी बड़ी कार्रवाई का नहीं होना यह दर्शाता है कि सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है। बहरहाल जेल मैनुअल का उल्लंघन कर खास कैदी को जिस प्रकार सुविधायें मुहैया अभी तक होती रही वह कोई साधारण घटना नहीं है। ऐसे में इस हत्या की कड़ियों को जोड़कर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। जेलों की सुरक्षा को सुदृढ़ कर ही इन्हें सही मायने में अपराधियों के सुधार का केन्द्र और कानून से संचालित होने वाला सुरक्षित स्थल बनाया जा सकता है। ऐसे में सरकार को ऐसे मामले पर कोर्ट से पहले संज्ञान लेने की जरूरत थी। सबसे बड़ी बात यह कि धनबाद मंडल कारा प्रशासन की अराजक स्थिति की शिकायत पहले भी की जा चुकी थी। लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिये जाने की वजह से घटना को आमंत्रण दिया गया। बहरहाल इन घटनाओं से सबक लेते हुए पूरे राज्य में जेलों की सुरक्षा की व्यवस्था को पुख्ता करने की आवश्यकता है। कोर्ट में पेश हुए जेल आईजी का रवैया भी कहीं से जवाबदेह नहीं लगा। अपनी नाकामियों को छुपाने की जब भी कोशिशें हुई हैं,वह अपराध को दूसरे रूप में फलने फूलने का मौका देती हैं।ऐसे में ऐसी अब कोई दूसरी घटना नहीं घटे, इस ओर सोचने की जरूरत है। कारण अमन सिंह की हत्या जेल प्रशासन की कलई खोलने के लिए काफी है।

> **पुलिस के आला अधिकारी वहां गये हुए हैं और जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। वहां से लौटने के बाद वे घटना के संबंध में रिपोर्ट देंगे। बता दें कि धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के आरोपी शूटर अमन सिंह को 3 दिसंबर की दोपहर जेल के भीतर गोलियों से छलनी कर दिया गया था। जेल में हत्या गंभीर मामला है। इससे सहज समझा जा सकता है कि यह किसी बड़ षडयंत्र की ओर इशारा कर रहे हैं। जेल की सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाकर जिस प्रकार हत्या की गई वह बगैर जेल प्रशासन की मिलीभगत से संभय है ही नहीं।**

## इन दिनों

# भ्रष्टाचार का मर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की



ललित गर्ग





**दुनिया** भर में 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों में जागरूकता फैलाना है। इस दिवस को मनाते हुए सभी सरकारी, प्राइवेट, गैर-सरकारी सस्थाएं एवं नागरिक संगठन भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुटता से लड़ाई लड़ने का संकल्प लेते हैं। 31 अक्टूबर 2003 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाये जाने की घोषणा की। 2023 की थीम 'भ्रष्टाचार के खिलाफ दुनिया को एकजुट करना' है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सम्पूर्ण राष्ट्र एवं दुनिया का इस जंग में शामिल होना, एक शुभ घटना कही जा सकती है, क्योंकि भ्रष्टाचार आज किसी एक देश की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व की समस्या है। जैसे-जैसे इस दिवस को मनाने की सार्थकता एवं व्यापकता सफलता की ओर बढ़ी, वैसे-वैसे एक शंका जोर पकड़ती जा रही है कि एक शुभ शुरूआत का असर बेअसर न हो जाये क्योंकि यह समस्या कम होने की बजाय दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। यह शंका बेवजह भी नहीं है, क्योंकि यह जंग उन भ्रष्टाचारियों से हैं जो एक बड़ी ताकत बन चुके हैं। असल में राजनीतिक दुर्बलता के कारण ही बढ़ती है। हम सब जानते है सत्ता में बैठे कुछ व्यक्ति, आम जनता के साथ भ्रष्ट-व्यवहार करते है और उनकी स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, जीवन और भविष्य छीन लेते है। जिसके बाद भ्रष्टाचार हर देश, क्षेत्र, समुदाय को प्रभावित करता है और कोई भी इस अपराध से अछूता नहीं है, जिसके लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में हमे भाग लेना चाहिए। असल में भ्रष्टाचार से लड़ना एक बड़ी चुनौती है, उसके विरुद्ध जन-समर्थन तैयार किया जाना जरूरी है, सभी गैर-राजनीतिक एवं राजनीतिक शक्तियों को उसमें सहयोग देना चाहिए। भ्रष्टाचार क्या है? सार्वजनिक जीवन में स्वीकृत मूल्यों के विरुद्ध आचरण को भ्रष्ट आचरण समझा जाता है।

आम जन जीवन में इसे आर्थिक अपराधों से जोड़ा जाता है। भ्रष्टाचार में मुख्य हैं-घूस (रिश्वत), चुनाव में धांधली, सेक्स के बदले पक्षपात, हफ्ता वसूली, जबरन चन्दा लेना, अपने विरोधियों को दबाने के लिये सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग, न्यायाधीशों द्वारा गलत या पक्षपातपूर्ण निर्णय, ब्लैकमेल करना, टैक्स चोरी, झूठी गवाही, झूठा मुकदमा, परीक्षा में नकल, परीक्षार्थी का गलत मूल्यांकन-सही उत्तर पर अंक न देना और गलत, अलिखित उत्तरों पर भी अंक दे देना, पैसे लेकर संसद में प्रश्न पूछना, पैसे लेकर वोट देना, वोट के लिये पैसा और शराब आदि बाँटना, पैसे लेकर रिपोर्ट छापना, अपने कार्यों को करवाने के लिये नगद राशि देना, विभिन्न पुरस्कारों के लिये चयनित लोगों में पक्षपात करना, आदि। भारत में भ्रष्टाचार की समस्या इतनी उग्र है कि हर व्यक्ति इससे पीड़ित एवं प्रताड़ित है। असल में भ्रष्टाचार एक विश्वव्यापी समस्या है। भारत में इसने कहर ढ़ाया है। इसके खिलाफ लड़ाई डेढ अरब.जनता के हितों की लड़ाई है, जिसे हर व्यक्ति को लड़ना होगा। 'वही हारा जो लड़ा नहीं'- अब अगर हम नहीं लड़े तो भ्रष्टाचार की आग हर घर को स्वाहा कर देगी। नेहरू से मोदी तक की सत्ता-पालकी की यात्रा, लोहिया से राहुल-सोनिया तक का विपक्षी किरदार, पटेल से अमित शाह तक ही गृह स्थिति, हरिदास से हसन अली तक के घोटालों की साईज। बैलगाड़ी से मारुति, धोती से जीन्स, देसी घी से पाम-ऑयल, लस्सी से पेप्सी और वंदे मातरम से गौधन तक होना हमारी संस्कृति का अवमूल्यन-ये सब भारत हैं। हमारी कहानी अपनी जुबानी कह रहे हैं। जिसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है। आजादी के बाद से ही देश की जनता भ्रष्टाचार से जूझ रही है और भ्रष्टाचारी मजे कर रहे हैं। पंचायतों से लेकर संसद तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है। मोदी के सख्त चेतावनी के बावजूद सरकारी दफ्तरों के चपरासी से लेकर आला अधिकारी तक बिना रिश्वत के सीधे मुंह बात तक नहीं करते। भ्रष्टाचार के कारण जहां देश के राष्ट्रीय चरित्र का हनन होता है, वहीं देश के विकास की समस्त योजनाओं का उचित पालन न होने के कारण जनता को उसका लाभ नहीं मिल पाता। अधिकांश धन कुछ लोगों के पास होने पर गरीब-अमीर की खाई दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

> **31 अक्टूबर 2003 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाये जाने की घोषणा की। 2023 की थीम 'भ्रष्टाचार के खिलाफ दुनिया को एकजुट करना' है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सम्पूर्ण राष्ट्र एवं दुनिया का इस जंग में शामिल होना, एक शुभ घटना कही जा सकती है, क्योंकि भ्रष्टाचार आज किसी एक देश की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व की समस्या है। जैसे-जैसे इस दिवस को मनाने की सार्थकता एवं व्यापकता सफलता की ओर बढ़ी, वैसे-वैसे एक शंका जोर पकड़ती जा रही है कि एक शुभ शुरूआत का असर बेअसर न हो जाये क्योंकि यह समस्या कम होने की बजाय दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। यह शंका बेवजह भी नहीं है, क्योंकि यह जंग उन भ्रष्टाचारियों से हैं जो एक बड़ी ताकत बन चुके हैं। असल में राजनीतिक दुर्बलता के कारण ही बढ़ती है। हम सब जानते है सत्ता में बैठे कुछ व्यक्ति, आम जनता के साथ भ्रष्ट-व्यवहार करते है और उनकी स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, जीवन और भविष्य छीन लेते है। जिसके बाद भ्रष्टाचार हर देश, क्षेत्र, समुदाय को प्रभावित करता है और कोई भी इस अपराध से अछूता नहीं है, जिसके लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में हमे भाग लेना चाहिए। असल में भ्रष्टाचार से लड़ना एक बड़ी चुनौती है, उसके विरुद्ध जन-समर्थन तैयार किया जाना जरूरी है, सभी गैर-राजनीतिक एवं राजनीतिक शक्तियों को उसमें सहयोग देना चाहिए। भ्रष्टाचार क्या है? सार्वजनिक जीवन में स्वीकृत मूल्यों के विरुद्ध आचरण को भ्रष्ट आचरण समझा जाता है।**

## आप की बात



### जर्जर सड़क से परेशानी

मेदिनीनगर नगर निगम मुख्यालय के भगत सिंह चौक से लालकोठा तक, हॉस्पिटल से कुंड मुहल्ला तक, थाना मोड़ से पंचमुहान तक एवं घी आढत से मदन मोहन रोड तथा आर्य समाज रोड तक सड़क काफी खराब है। जिस कारण वाहनों के परिचालन या पैदल आने जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उक्त सड़कों का कालीकरन पथ बनाया जाना जरूरी है। इसके अलावे शहर मेदिनीनगर में विद्युतीकरण के दौरान लगा पोल सड़क बनने के कारण सड़क संकरा हो गया है। साथ ही बिजली प्रवाहित तार भी काफी नीचे आ गया है। इससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। साथ ही पर्व त्यौहार या रामनवमी व मुहर्रम जुलूस आदि के समय घंटों बिजली काटनी पड़ती है। इसे हटाकर रेल पोल गाड़कर तार को ऊंचा किया जाना जरूरी है। जिससे रामनवमी, मुहर्रम में विद्युत काटने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही शहर के कोयल रिवर फ्रंट क्षेत्र में पुलिस चौकी का निर्माण कराया जाना जरूरी है, ताकि असामाजिक व अपराधी तत्वों पर नजर रखी जा सके। इसकी सूचना सरकार को भी दी गई है। 5 दिसंबर को रांची जन-शिकायत केन्द्र में जाकर शहर के खस्ता हाल हो चुके पथों को निर्माण एवं उपरोक्त अन्य समस्याओं के समाधान किये जाने की मांग की गई है। -
**विश्वनाथ राम घुरा राजद प्रदेश सचिव मेदिनीनगर**

## प्रकृति

# आंतकी गतिविधियों से ज्यादा जिंदगियां लील जाते हैं सड़कों के गड्ढे



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**दुनिया** के देशों में आतंकी गतिविधियों में होने वाली जनहानि की तुलना सड़कों के गड्ढों से होने वाली दुर्घटना व मौत से करना उचित नहीं लेकिन सड़क के गड्ढों के कारण होने वाली मौतों का बढ़ता आंकड़ा सोचने के लिए विवश जरूर करता है। आतंकी घटनाओं को रोकना बहुत कठिन और खर्चीला है लेकिन दुर्घटना रोकने के लिए सड़कों की हालत ठीक रखना ज्यादा मुश्किल नहीं। इसके बावजूद दुनिया के देशों में आतंकी गतिविधियों की वजह से जितने लोग मारे जाते हैं, उससे कहीं ज्यादा मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हो रही है। वैश्विक आंकड़ों का विश्लेषण किया जाय तो 2021 में आतंकवादी गतिविधियों के कारण 5226 लोग मारे गये। वहीं, अकेले अमेरिका में 2021 में सड़कों के गड्ढों के कारण हुई दुर्घटनाओं में 15 हजार से अधिक लोग मारे गये। इसी तरह से इंग्लैंड में 1390, भारत में 3565, रूस में 431 लोग मारे गये। लोगों की मौत की यह संख्या आतंकवाद के कारण होने वाली मौतों की संख्या से चार गुणा अधिक है। केन्द्रीय सड़क व परिवहन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में तमाम सड़क हादसों में सबसे अधिक मौत सड़कों पर बने गड्ढों के कारण हो रही है। अब सड़क में गड्ढों के कारण मौत की जिम्मेदारी सरकार या स्थानीय प्रशासन से इतर किसी और को दी भी नही जा सकती। मौत को अलग कर भी दिया जाय तो सड़कों पर गड्ढों से होने वाले अन्य नुकसान का ही विश्लेषण करें तो साफ हो जाता है कि यह कोई छोटा राजस्व हानि नहीं अपितु बड़ा नुकसान जुड़ा हुआ है। उदाहरण के तौर पर चेन्नई में कराये गये अध्ययन के अनुसार सड़क के गड्ढों के कारण प्रतिदिन 75 करोड़ के राजस्व का नुकसान होता है। यह बानगी मात्र है और इससे आसानी से कयास लगाया जा सकता है कि सड़क के गड्ढे जनहानि और धन हानि दोनों के प्रमुख कारण हैं। ऐसा नहीं है कि सरकारें या दुनिया के देश इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं पर जो नतीजे साल दर साल देखने को मिलते हैं वह अपने आप में गंभीर है।

> **भारत में तमाम सड़क हादसों में सबसे अधिक मौत सड़कों पर बने गड्ढों के कारण हो रही है। अब सड़क में गड्ढों के कारण मौत की जिम्मेदारी सरकार या स्थानीय प्रशासन से इतर किसी और को दी भी नही जा सकती।**



## बोधि वृक्ष

# आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा

**जमदग्नि को पितृदेवताओं द्वारा श्रापः** ऋषि जमदग्नि के बारे में एक और दिलचस्प कहानी है। मृत्यु के बाद, उन्होंने नेवले के रूप में जन्म लिया और ऐसा उनके पितृ देवता के श्राप के कारण हुआ था। आइये अब उस कहानी का आनंद लें क्योंकि ये कहानियाँ न केवल मनोरंजक हैं बल्कि अत्यधिक शिक्षाप्रद भी हैं। जैसा कि शास्त्रों में बताया गया है, ऋषि जमदग्नि अपने पूर्वजों के लिए वार्षिक अनुष्ठान कर रहे थे और उस युग में, वे दिव्य रूपों में व्यक्ति के सामने प्रकट हो रहे थे और प्रसाद स्वीकार कर रहे थे। समारोह की तैयारी के एक भाग के रूप में, जमदग्नि ने शुद्ध गाय के दूध का एक बर्तन इकट्ठा किया और उसे एक तरफ रख दिया। क्रोध देवता (क्रोध की प्रभारी देवी) ने सुना कि भृगु के वंश के ऋषि थोड़े क्रोधी थे (हालाँकि उनका क्रोध हमेशा ऋषि दुवार्सा के समान विश्व कल्याण के लिए निर्देशित होता था, जो एक अन्य महान ऋषि थे, जो ऋषि अत्रि के पुत्र थे।) ने ऋषि जमदग्नि की परीक्षा लेनी चाही और मानव रूप धारण कर आश्रम में सेवा करने के बहाने दूध का बर्तन पलटवा दिया। ऋषि क्रोधित नहीं हुए और शांत रहे। जमदग्नि सच्ची सात्विक ऊर्जाओं के अवतार थे। (भगवान श्री कृष्ण ने अपनी गीता में श्री अर्जुन से जो कहा है, उससे इसे जोड़ना दिलचस्प हैः क्रोध का जन्म काम से होता है। क्रोध का जन्म इच्छा से होता है, अर्थात यदि इच्छाएं पूरी नहीं होती हैं, तो क्रोध उत्पन्न होता है। ऋषि जमदग्नि अपनी शांति के लिए जाने जाते थे। इससे पता चलता है कि वह काम से अप्रभावित थे)। यद्यपि गाय का दूध उपलब्ध न होने की मामूली चूक के साथ वार्षिक समारोह संपन्न हो गया। जमदग्नि के पितर (पूर्वज) उनके सामने प्रकट हुए और उन्हें चेतावनी दी कि उन्होंने जो किया वह गलत था (दूसरों की गलती पर क्रोधित नहीं होना जिससे उनके कर्तव्यों का पालन प्रभावित हुआ)। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से



## X-से




**अपने पत्र हमें इमेंल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# लोकसभा में जम्मू- कश्मीर आरक्षरण व पुनर्गठन विधेयक पारित होने से परिवर्तन



किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तर पर सर्वविदित है कि दुनियां की धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले भारत के अभिन्न अंग जम्मू कश्मीर राज्य जहां 1987 के एक विवादित चुनाव के साथ कश्मीर में बड़े पैमाने पर सशस्त्र उग्रवाद की शुरूआत हुई, जिसमें राज्य विधानसभा के कुछ तत्वों ने एक आतंकवादी खेमे का गठन किया, जिसने इस क्षेत्र में सशस्त्र विद्रोह में एक उत्प्रेरक के रूप में भूमिका निभाई। और फिर उसके दशकों बाद जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 और 35ए द्वारा दिये गये विशेष दर्जे को हटाने के लिए संसद ने 5 अगस्त, 2019 को मंजूरी दी। तब केन्द्रीय गृह मंत्री ने इसे ऐतिहासिक भूल को ठीक करने वाला ऐतिहासिक कदम कहा था। चाइल्ड मैरिज एक्ट, शिक्षा का अधिकार और भूमि सुधार जैसे कानून अब यहां भी प्रभावी है। इसी तरह यहां सभी व्यवस्थाओं को सुद्धारित संशोधन करते हुए विकास व सफलताओं के अनेक अध्याय जुड़ते चले गये और आज दिनांक 6 दिसंबर 2023 को संसद के मानसूनसत्र में जम्मू कश्मीर आरक्षण और पुनर्गठन संशोधन संबंधित दोनों विधेयकों के पारित होने से परिवर्तन की कड़ी में एक और मोती जुड़ गया है जो मिल का पत्थर साबित होगा। इसलिए आज हम पीआईबी व मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। लोकसभा में परित जम्मू कश्मीर के दोनों विधेयक मील का पत्थर साबित होंगे। साथियों बात अगर हम दिनांक 6 दिसंबर 2023 को संसद में पारित जम्मू कश्मीर संबंधी दोनों विधेयकों की करें तो, लोकसभा ने जम्मू-कश्मीर आरक्षण-संशोधन विधेयक 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन-संशोधन विधेयक 2023 पारित कर दिये हैं। जम्मू-कश्मीर आरक्षण-संशोधन विधेयक-2023, जम्मू-कश्मीर आरक्षण विधेयक-2004 में संशोधन के बारे में है। इसके अंर्तगत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामाजिक तथा शैक्षिक रूप से पिछडे लोगों को पेशेवर संस्थानों में नौकरियों तथा प्रवेश में आरक्षण का प्रावधान है। उधर जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक-2023, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक-2019 में संशोधन के बारे में है।

> **दशकों बाद जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 व 35ए द्वारा दिये गये विशेष दर्जे को हटाने के लिए संसद ने 5 अगस्त, 2019 को मंजूरी दी। तब केन्द्रीय गृह मंत्री ने इसे ऐतिहासिक भूल को ठीक करने वाला ऐतिहासिक कदम कहा था।**

## टेक वर्ल्ड

# गूगल ने इन जीमेल यूजर्स को दी चेतावनी

दरअसल, गूगल 1 दिसंबर के बाद उन जीमेल अकाउंट को हटा देगा जिनमें किसी तरह का कोई काम नहीं हुआ है। आसान शब्दों में कहें तो, ये निर्णय उन यूजर्स के लिए जिन्होंने पिछले दो साल में अपना गूगल अकाउंट यूज नहीं किया है। अगर आप भी जीमेल यूजर्स हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, गूगल 1 दिसंबर के बाद उन जीमेल अकाउंट को हटा देगा जिनमें किसी तरह का कोई काम नहीं हुआ है। आसान शब्दों में कहें तो, ये निर्णय उन यूजर्स के लिए जिन्होंने पिछले दो साल में अपना गूगल अकाउंट यूज नहीं किया है। जिसमें ईमेल, ड्राइव फाइलें, फोटो और कॉन्टेक्ट्स सहित सभी संबंधित डेटा शामिल हैं। बता दें कि, गूगल ने अपनी एक घोषणा में सभी जीमेल यूजर्स के लिए एक तत्काल समय सीमा जारी की है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि खाते अगले महीने हटाये जा सकते हैं। अब ये कन्फर्म है कि गूगल दिसंबर 2023 में उन अकाउंट के डिलीट की प्रोसेस शुरू करेगी जो कम से कम दो सालों से इनएक्टिव हैं। वहीं इनएक्टिव अकाउंट को बंद करने का निर्णय पुराने खातों की साइबर हमलों के प्रति बढ़ती सवेंदनशीलता के कारण लिया गया है। जो लोग रेगुलर जीमेल, डॉक्स, कैलेंडर और फोटो का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें घबराने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि, अपडेट एक्टिव अकाउंट को प्रभावित नहीं करेगा। हालांकि, सभी निष्क्रिय खाते तुरंत नहीं हटाये जायेंगे। गूगल दिसंबर 2023 से धीरे-धीरे छोटे बैचो में खाते हटाना शुरू कर देगा। ऐसे लोगों को थोड़ा और समय मिल जायेगा अपने जीमेल अकाउंट को दोबारा एक्टिव करने का।




स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# खुजराहो में इन खूबसूरत जगहों की करें सैर...

जब लोग खुजराहो घूमने के लिए जाते हैं, तो यहां स्थित मंदिरों को जरुर देखना चाहते हैं। मंदिरों के अलावा भी खुजराहो में घूमने के लिए कई जगहे हैं। ऐसे में आप खुजराहो में इन चीजों का एक्सपीरियंस ले सकते हैं। भारत के मध्य प्रदेश राज्य के छतरपुर जिले में स्थित खुजराहो एक बेहद शानदार शहर है। यह शहर अपने प्राचीन मंदिरों के लिए जाना जाता है। खुजराहो के मंदिरों के आर्टवर्क से लेकर आर्किटेक्चर तक सब कुछ पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करने का काम करता है। देश के मध्यकालीन हिंदू और जैन मंदिरों का सबसे बड़ा समूह भी आपको खुजराहो में देखने को मिलेगा। इसके अलावा सात अजूबों में से एक अजूबा खुजराहो में भी है। ऐसे में जब लोग खुजराहो घूमने के लिए जाते हैं, तो यहां स्थित मंदिरों को जरुर देखना चाहते हैं। यहां के मंदिरों में आकर आपको एक अलग तरह का अनुभव होगा। मंदिरों के अलावा भी खुजराहो में घूमने के लिए कई जगहे हैं। ऐसे में अगर आप भी खुजराहो घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि खुजराहो में आप किन चीजों का एक्सपीरियंस ले सकते हैं।

**साउंड और लाइट शो :** खुजराहो जाने के दौरान आप साउंड और लाइट शो का आनंद लेना न भूलें। यह रात के समय करने लायक चीजों में से एक है पश्चिमी मंदिर ग्रुप द्वारा आयोजित किया जाता है। साउंड और लाइट शो के माध्यम से विभिन्न ऐतिहासिक और धार्मिक तथ्यों के अलावा वहां की संस्कृतियों का चित्रण किया जाता है। इस शो को देखने के बाद आप इसे कभी भूल नहीं सकते हैं। यह शो अंग्रेजी और हिंदी दोनों में आयोजित किया जाता है। इस शो के माध्यम से पर्यटकों को मंदिर की नक्काशी, कला और आकर्षक कहानियों के बारे में जानकारी मिलती है।




**पन्ना नेशनल पार्क :** इसके अलावा आपको यहां पर पन्ना नेशनल पार्क भी जरूर घूमना चाहिए। पन्ना नेशनल पार्क को इस राज्य का 5वां और देश का 22वां टाइगर रिजर्व कहा जाता है। यहां पर आपको सियार, लंगूर, जंगली सूअर, चिंकारा और चीता सहित अन्य वन्यजीव प्रजातियों को देखने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही जंगल सफारी का आनंद लेते हुए वाइल्ड लाइफ को करीब से एक्सपीरियंस कर सकते हैं। आप चाहें तो जंगल कॉटेज में भी रह सकते हैं।

**अजयगढ़ किला :** अगर आपको ऐतिहासिक चीजों में रुचि है, तो आप अजयगढ़ किला भी घूम सकते हैं। यह किला खुजराहो से 80 किमी दूर एक खूबसूरत पहाड़ी पर 688 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस किले को चंदेल राजाओं के किले के तौर पर जाना जाता था। कहते हैं कि उनके शासनकाल में चंदेल राजाओं का गढ़, किलों ने अहम भूमिका निभाई थी।

**स्टेट म्यूजियम ऑफ ट्राइबल एंड फोक आर्ट :** खजुराहो में चंदेला कल्चरल कॉम्पलैक्स में स्थित स्टेट म्यूजियम ऑफ ट्राइबल एंड फोक आर्ट में बेहतरीन प्राचीन अवशेष और कलाकृतियां मौजूद हैं। इस म्यूजियम में आप कारीगरों के शानदार ट्राइबल वर्क को देख सकते हैं। यहां पर आपको कई संस्कृतियों, परंपराओं और कलाकृतियों और धर्मों के अवशेषों के बारे में जान सकते हैं। यहां पर आकर आपको एक अलग एक्सपीरियंस होगा।

**पांडव वॉटरफॉल :** जब आप पन्ना नेशनल पार्क घूमने के लिए जाएं, तो इसके पीछे 30 मीटर की ऊंचाई से पांडव वॉटरफॉल गिरता है। इस वॉटरफॉल का पानी नीचे एक तालाब में गिरता है। बताया जाता है कि इस झरने के नीचे से पांडव होकर गुजरे थे। जिस कारण इसे पांडव वॉटरफॉल कहा जाता है। आपको यहां एक बार जरूर आना चाहिए।

❖ अनन्या मिश्रा

# घुटनों में दर्द का देसी उपचार है नोनी फ्रूट जूस

नोनी साग अपने ढेरों स्वास्थ्य लाभों के कारण खूब पसंद किया जाता है। पर नोनी साग से अलग होता है नोनी का फल। औषधीय गुणों से भरपूर नोनी फल का जूस एंटी इन्फ्लामेट्री गुणों के कारण जॉइंट पेन से राहत दिलाता है। इन दिनों नोनी जूस को हेल्थ सप्लीमेंट के रूप में खूब प्रयोग किया जा रहा है। यहां बता दूं कि नोनी फल को नोनी साग न समझें, ये दोनों अलग हैं। फूड जर्नल के अनुसार, नोनी जूस अब 80 से अधिक देशों में प्रयोग किया जाता है। एशियाई देशों, अमेरिका, यूरोपीय संघ के अलावा, चीन में भी इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थ के रूप में माना जा रहा है। विशेषज्ञ बताते हैं कि नोनी जूस स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक फायदेमंद है। नोनी की पत्तियों के साथ-साथ इसके फल को भी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जा रहा है। नोनी जूस को न सिर्फ ऊर्जा बढ़ाने वाला स्त्रोत माना जा रहा है, बल्कि संक्रमण से राहत, बेहतर नींद, बेहतर पाचन, एलर्जी और अस्थमा के लक्षणों में भी कमी आ सकती है। यह जॉइंट पेन से राहत दिलाता है।



## पोषक तत्वों से भरपूर है नोनी फल

नोनी साग और नोनी फल दोनों अलग हैं। नोनी साग कॉमन पसुर्लेन या डकवीड है, जबकि नोनी फल मोरिंडा सिट्रिफोलिया पेड़ से प्राप्त होता है। नोनी की जड़, तना, छाल , पत्तियां, फूल और फल सभी का उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है। नोनी में मुख्य रूप से प्रोटीन, विटामिन ए, विटामिन सी, बायोटिन, फोलेट, कैल्शियम और पोटैशियम भी होता है। इसमें विटामिन सी और अन्य कई कंपाउंड होते हैं, जो शरीर में क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की मरम्मत करते हैं। ये प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय करने में मदद कर सकते हैं। इसका उपयोग आमतौर पर कब्ज, संक्रमण, दर्द, जॉइंट पेन और गठिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए किया जा सकता है। कडवे स्वाद वाले फल से मिलता है नोनी जूस नोनी जूस मोरिंडा सिट्रिफोलिया पेड़ के फल से प्राप्त होता है। यह पेड़ और इसका फल दक्षिण पूर्व एशिया में पाया जाता है। नोनी एक गांठदार आम की तरह फल है। यह पीले कलर का होता है। इसका स्वाद बहुत कड़वा होता है। इसमें एक विशिष्ट गंध होती है। पनीर जब सड़कर बदबू देने लगता है, तो नोनी की गंध भी वैसी ही होती है। पॉलिनेशिया में 2,000 से अधिक वर्षों से पारंपरिक लोक चिकित्सा में नोनी जूस का उपयोग हो रहा है। इसे सुपरफूड फल माना जाता है, जो अपने रीजुवेनेट करने के गुणों के कारण विशेष रूप से पहचाना जाता है। जूस शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, इसलिए यह कई स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान कर सकता है। नोनी के फल के रस में सूजनरोधी गुण हो सकते हैं। इसके कारण यह जोड़ों के दर्द में सुधार कर सकता है। यह जॉइंट के लचीलेपन और गतिशीलता में सुधार कर सकता है। अर्थराइटिस का दर्द अक्सर बढ़ती सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव से जुड़ा होता है। नोनी जूस सूजन को कम करता है। फ्री रेडिकल्स खत्म कर प्राकृतिक रूप से दर्द से राहत प्रदान कर सकता है। नोनी गाउट के कारण होने वाले यूरिक एसिड के जमाव को भी प्रभावी ढंग से कम कर सकता है। ब्लड में यूरिक एसिड क्रिस्टल कंसन्ट्रेशन बढ़ने के कारण होता है। हर दिन कितना जूस पीना है सही फूड जर्नल के अनुसार, प्रति दिन 750 मिलीलीटर या 25 औंस से अधिक नोनी जूस पीना सुरक्षित है। यह अन्य फलों के जूस की तरह ही सुरक्षित है। नोनी को अक्सर अनिद्रा के लिए पारंपरिक दवा या हर्बल ट्रीटमेंट के तौर पर उपयोग में लाया जाता है। इसमें मेलाटोनिन और सेरोटोनिन होते हैं, जो इनसोम्निया से पीड़ित लोगों की नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करते हैं। यदि आप तनाव में हैं, तो नियमित रूप से नोनी जूस पीने से भी साउंड स्लीप में भी मदद मिल सकती है। लैक्सेटिव गुणों के कारण यह दस्त का कारण बन सकता है। नोनी का जूस अधिक पीने से लिवर को नुकसान पहुंच सकता है। हाई ब्लड पोटैशियम या हाइपरकेलेमिया की संभावना भी बनने लगती है।

# कमाल की इंसानियत

आज के समय में इंसानियत ढूंढ़ना मतलब पानी पर पानी लिखने जैसा काम है। काश इंसानियत का नाम महंगाई होता हर जगह देखने को मिल जाती। मगर वो कहते है न, कि जब जब लोगो का इंसानियत पर से विश्वास उठा है, तब तब कोई न कोई सच्चा इंसान सामने आकर लोगो में इंसानियत का अलख बनकर जल उठता है। बहरहाल आज हम आपको एक ऐसी ही इंसानियत की निशानी वाली कहानी से रूबरू करवाना चाहते है। ये इंसानियत की कहानी उन हजारों बेरहमों के लिए एक मिसाल है, जो आज भी इंसानियत का खून करते हैं।




डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध युवा व्यंग्यकार)

चुनाव का मौसम था रिक्शा चलाने वाले रामू काका कड़ी दुपहरिया में पेट पालने के लिए मजबूर थे। बदन ऐसा कि उनका साथ नहीं दे रहा था। इसी रिक्शा से उन्होंने अपने बच्चों को पढ़ाया-लिखाया, काबिल बनाया, बच्चे थे कि उन्हें धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। जब से सांप आस्तिन में ज्यादा और धरती पर कम रहने लगे हैं, तब से ये घटनाएं आम हो चली हैं। रामू काका हमेशा रोया करते थे। बच्चों ने उन्हें दूध में से मक्खी की तरह बाहर कर दिया था। एक वक्त था उनके लिये पैसे मायने नहीं रखते। बच्चों को ही सब कुछ समझते थे। बच्चे थे कि पैसों के सिवाय किसी और चीज को नहीं समझते थे। उन्होंने सोचा भी नहीं था एक दिन ऐसा आएगा जब उनके पास न पैसे होंगे ना ही कोई काम।

ऐसे में हाथ जोड़ते हुए एक दिन एक आदमी आया और उसने बिना किसी सवाल-जवाब के अगले दो महीने के लिए रामू काका के खाने-पीने और दूसरी जरूरतों की जिम्मेदारी ले ली। उसे पता था की रामू काका बेसहारा हैं पर उसने काका की आंखो का दर्द देख लिया था। उसको लोगों ने कहा कि तुम काका की मदद क्यों करते हो उन्हें तो उनके बेटे तक नहीं पूछते। ऐसे में तुम क्यों तकलीफ उठाते हो। आदमी था कि लोगों की बात अनसुना कर रामू काका की मदद करने लगा। लेकिन फिर वह कई सालों के लिए गायब हो गया। रामू काका ने न जाने उसकी क्या मदद की थी कि वह फिर कुछ सालों के बाद आया और उसी तरह उनकी मदद करने लगा। उसकी मदद किसी इंसानियत से कम नहीं थी। रामू काका उस चातक की तरह हो चुके थे जो उस आदमी को अपना घनश्याम मानने लगे। वह कई सालों में एक बार आकर दो-तीन महीने मदद करता और फिर गायब हो जाता। वैसे जानते हैं वह आदमी कौन था ......और कोई नहीं वही जो हर पांच साल में नेता बनकर आता है।

# सर्दियों में बथुआ साग खाने के हैं कई फायदे

जाड़े के मौसम में सब्जी बाजार में कई तरह के साग खूब मिलते है। जिनका सेवन आपको सेहत की सौगात देता हैं। इनमें बथुआ का साग सेवन कब्ज, लीवर और यूरिन रिलेटेड बीमारियों में काफी फायदेमंद होता है।



## बथुआ साग खाने के फायदे

सर्दी के मौसम में बथुआ साग का सेवन सेहत के लिये काफी लाभदायक है। बथुआ का साग न सिर्फ खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें भरपूर औषधीय गुण भी होते हैं। सर्दियों में होने वाले बालों की समस्या जैसे ड्राइनेस, डैंड्रफ हटाने में भी यह लाभदायक है। सीधे तौर पर बथुआ गुणों की खान है। बथुआ में कई विटामिन और मिनरल्स मिलते हैं। विटामिन बी वन, बी टू, बी थ्री, बी फाइव, बी सिक्स, समेत विटामिन सी से भी यह साग भरपूर है। इसमें कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, मैगनीज, फास्फोरस, पोटैशियम, सोडियम व जिंक मिलते हैं।

बथुआ में पाये जानेवाले विटामिन्स और मिनरल्स के कारण आम लोगों से लेकर गर्भवती महिलाओं, बच्चों तक के लिए यह अमृत समान है। एक्सपर्ट ने बताया कि बथुआ साग के सेवन से पथरी नहीं होता है।

बथुआ में जिंक होता है जो शुक्राणुवर्धक है। इसके सेवन से कमजोरी दूर होती है। बथुआ का रस, उबाला हुआ पानी पीने से खराब लीवर को भी ठीक किया जा सकता है। यह मूत्र रोग के रोगी के लिए सर्वश्रेष्ठ औषधि के समान है।

बथुआ के रस में नमक मिला कर सेवन करने से पेट के कीड़े मर जाते हैं। पेट की कई बीमारियों का निदान होता है। पेट दर्द में भी यह आरामदायक होता है।

सिर में गंदगी के कारण डैंड्रफ और जूं की समस्या हो जाती है। इसे आसानी से मिटाने के लिए बथुआ और नींबू को पानी में उबाल कर सिर धोने से इसका निदान होता है। पानी की कमी के कारण या फिर किसी और कारण से यूरिन में जलन और दर्द की शिकायत होने पर बथुआ में नमक, जीरा और नींबू को उबाल कर उसके सेवन से समस्या दूर होती है।

बथुआ के रस में चीनी मिला कर पीने से पथरी की समस्या खत्म होती है। मलेरिया या सामान्य बुखार में भी बथुआ का सेवन लाभकारी है। इसको पीने से यह बुखार दूर हो जाता है।

## सूडोकु नवताल- 6907

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6906 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**08 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.11 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मकर | 09.16 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.03 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 12.35 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 14.06 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 15.46 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.44 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.58 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.14 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 00.26 बजे से |
| 10.30 से | | तुला | 02.36 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | वृश्चिक | 04.51 ब.से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 342 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी अहोरात्र। **नक्षत्र** हस्त 08.54 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 00.04 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 17.54 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 40' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871821 **जूलियन दिन** 2460286.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 23 **विशेष** उतपन्न एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7969

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | 4 | | ■ | 5 |
| ■ | | ■ | 6 | | | ■ | 7 | |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | ■ |
| | ■ | 10 | | 11 | | ■ | | ■ |
| 12 | 13 | | ■ | | ■ | 14 | | 15 |
| ■ | | ■ | 16 | | 17 | | ■ | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | ■ | 20 | |
| 21 | | ■ | 22 | 23 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. तन, शरीर-3
3. चकोर, चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6. झगड़ा, द्वेष-3
7. मोटा आटा-2
8. खिंचाव, स्वर विस्तार-2
9. असली, शुद्ध-3
10. यंत्रशाला-4
12. कार्यविधि-3
14. चिंगारी-3
16. एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20. सम्मान-2
21. प्राण, जीवन तत्व-2
22. कुशल, होनहार-3
24. राशिचक्र की एक राशि-3
25. प्रेमी, साजन- 3

**ऊपर से नीचे**

2. अवलोकन, दरस-3
3. चलने का ढंग-2
4. तलघर-4
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. जलजला-3
7. रसीला, रस से भरपूर-4
8. बल, जोर, दम-3
10. चाचा, अंकल-2
11. शौहर, पति-3
13. 'दीवाने हुए पागल' की नायिका-2,2
14. वहम, संदेह-3
15. राजा, सम्राट-3
16. उपद्रवी, आतंकी-4
17. गिरवी रखी वस्तु-3
20. बैठने की जगह-3
21. शराब का प्याला-2
23. रांझे की प्रेमिका-2

### शब्द पहेली -7968 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | जा | न | ■ | स | ली | का | ■ |
| दा | दा | ■ | सी | ■ | ह | ■ | या | द |
| मि | ■ | ■ | ब | र | सा | त | ■ | म |
| नी | र | व | ■ | थ | ■ | र | ह | न |
| ■ | ■ | ज | रा | ■ | सा | की | ■ | ■ |
| मु | ल | ह | ■ | दां | ■ | ब | हा | व |
| दा | ■ | ■ | सा | ब | न | ■ | ■ | ज |
| मा | ता | ■ | ह | ■ | व | ■ | का | न |
| ■ | त | म | स | ■ | न | क | ल | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मिथुन राशि :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कर्क राशि :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे।

**सिंह राशि :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**कन्या राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**तुला राशि :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक राशि :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**मकर राशि :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभ राशि :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन राशि :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# 'मोदी के नाम के साथ नहीं लगाएं , आदरणीय और जी जैसे संबोधन'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह जीत (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान) अकेले मोदी की जीत नहीं है, बल्कि यह सभी कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ दिल्ली में बैठे नेताओं की नहीं है, बल्कि उन कार्यकर्ताओं की है जिन्होंने पार्टी की और जनता की सेवा करने के लिए अपनी जिंदगी तक खपा दी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को उन्हें 'मोदी जी' की बजाय सिर्फ मोदी बुलाने का आग्रह करते हुए कहा कि जनता उन्हें सिर्फ मोदी के नाम से जानती है, इसलिए उन्हें मोदी जी के नाम से बुलाकर जनता से दूर मत करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके नाम के साथ आदरणीय, श्री और जी जैसे संबोधन का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को कुछ महीने बाद होने वाले लोक सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर विकसित भारत यात्रा में शामिल हों, केंद्र सरकार की विश्वकर्मा योजना पर फोकस करते हुए उसे लोगों तक पहुंचाने में जुट जाएं, कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क और संवाद करें और खुद भी उनके साथ मैदान में उतरें। आपको बता दें कि इससे पहले भाजपा संसदीय दल की बैठक में पहुंचने पर विधान सभा चुनावों में मिली जीत को लेकर केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों ने उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। बैठक में पहुंचने पर केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों ने खड़े होकर तालियों और नारों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने माला पहना कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान आगे की पंक्ति में प्रधानमंत्री मोदी और जेपी नड्डा के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और पीयूष गोयल सहित कई अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे।





# महुआ मामले में आज लोस में पेश हो सकती है जांच रिपोर्ट

## भाजपा ने सांसदों को जारी किया व्हिप



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के निर्देश पर जांच करने वाली सदन की एथिक्स कमेटी शुक्रवार को अपनी जांच रिपोर्ट लोकसभा में पेश कर सकती है। एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट को लोकसभा में पेश करते समय हंगामे के हालात बन सकते हैं। विपक्षी दलों के रवैये को देखते हुए रिपोर्ट को स्वीकार करते समय अथवा टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कार्रवाई करते समय सदन में वोटिंग की नौबत आ सकती है। इसे देखते हुए भाजपा ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी कर शुक्रवार को सदन की कार्यवाही के दौरान दिनभर सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। आपको बता दें कि महुआ मोइत्रा मामले में एथिक्स कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट को पिछले महीने 10 नवंबर को ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेज दिया था। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में लोकसभा अध्यक्ष बिरला के निर्देश पर पूरे मामले की जांच कर एथिक्स कमेटी ने लगभग 500 पन्नों की अपनी रिपोर्ट तैयार की थी, जिसे एथिक्स कमेटी की बैठक में 6-4 के अंतर से मंजूर कर लिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, एथिक्स कमेटी ने महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों को काफी गंभीर मानते हुए उनके आचरण को आपत्तिजनक और अनैतिक करार दिया है। इसी को आधार बनाकर कमेटी ने महुआ की संसद सदस्यता रद्द करने या फिर गहन जांच की रिपोर्ट आने तक उनकी सदस्यता निलंबित करने की सिफारिश की है। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में भारत सरकार से इस पूरे मामले की समयबद्ध, गहन, कानूनी और संस्थागत जांच की सिफारिश करते हुए महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी के बीच पैसों के लेन-देन की भी गहन जांच करने की सिफारिश की है। कमेटी ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की सिफारिश की है।

### लोस अध्यक्ष ने सभी 9 भाजपा सांसदों का इस्तीफा स्वीकारा



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, दीया कुमारी, रीति पाठक और राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सहित इस्तीफा देने वाले भाजपा के सभी 9 सांसदों का लोक सभा सांसद के रूप में इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। भाजपा आलाकमान के फैसले के बाद मध्य प्रदेश में विधान सभा का चुनाव जीतने वाले केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राव उदय प्रताप, राकेश सिंह एवं रीति पाठक, राजस्थान में विधायक का चुनाव जीतने वाले राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं दीया कुमारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में विधायक का चुनाव जीतने वाले प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और गोमती साय सहित पार्टी के 9 लोक सभा सांसदों ने बुधवार को लोक सभा अध्यक्ष बिरला को अपना इस्तीफा सौंपा था।

## एक नजर

### आतंकी हमले में घायल जेके पुलिस इंस्पेक्टर की एम्स में मौत

**श्रीनगर।** अक्टूबर माह में श्रीनगर में एक आतंकी हमले में घायल जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक इंस्पेक्टर का गुरुवार को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया है। पुलिस के अनुसार मसरूर अहमद वानी को 29 अक्टूबर को श्रीनगर के डाउनटाउन ईदगाह इलाके में आतंकवादियों ने नजदीक से तब गोली मार दी गई थी, जब वह क्रिकेट खेल रहे थे। गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल इंस्पेक्टर को सौरा के एसकेआईएमएस ले जाया गया। बाद में गंभीर वानी को बुधवार दोपहर एयर एम्बुलेंस से पारस अस्पताल श्रीनगर से नई दिल्ली स्थानांतरित किया गया था। जिसके बाद उन्होंने गुरुवार को दम तोड़ दिया।

### कर्नाटक में टिप्पर व कार की टक्कर में दो जिंदा जले

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक में बेलगावी जिले के बंबरगा क्रॉस पर गुरुवार को एक टिपर और एक कार की टक्कर में 12 वर्षीय लड़की और एक व्यक्ति जिंदा जल गए और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक आपस में रिश्तेदार थे। पुलिस ने बताया कि उनकी पहचान बम्बरगा निवासी 24 वर्षीय मोहन मारुति बेलगावकर और माचे गांव की समीक्षा डेयकर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि कार में कुल चार लोग सवार थे। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि टक्कर बुधवार देर रात हुई जब कार बम्बरगा क्रॉस पर टिप्पर से टकरा गई। टक्कर के कारण टिप्पर का डीजल टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और वाहनों में आग लग गई।

### डीयू के अकादमिक परिषद ने वापस ली रणनीतिक योजना

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की संशोधित रणनीतिक योजना (2022-2047) पर विचार करने के लिए बुधवार को बुलायी गयी अकादमिक परिषद की आकस्मिक बैठक में निर्वाचित सदस्यों की असहमति के बाद प्रस्तावित दस्तावेज को वापस ले लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, रणनीतिक योजना में संशोधन किया जाएगा और उसे मंजूरी के लिए अकादमिक परिषद में फिर से पेश किया जाएगा। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह ने परिषद के सदस्यों से मसौदे की भाषायी बारीकियों पर विचार करने के लिए गठित समिति को दृष्टिपत्र पर अपने सुझाव देने को कहा है। समिति को सुझावों के आधार पर दस्तावेज में संशोधन करने और उसे जल्द से जल्द परिषद के सदस्यों को सौंपने का निर्देश दिया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि रणनीतिक योजना का संशोधित दस्तावेज अकादमिक परिषद की अगली बैठक में पेश किया जाएगा।

# राजनाथ सिंह ने बाढ़ प्रभावित चेन्नई और आस-पास के इलाकों का किया हवाई सर्वे

## ■ तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के लिए एसडीआरएफ की दूसरी किश्त जारी करने के निर्देश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बाढ़ प्रभावित चेन्नई और आस-पास के इलाकों का गुरुवार को हवाई सर्वे किया। इसके साथ ही उन्होंने चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण हुए नुकसान पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ बातचीत की। इसके बाद राजनाथ ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री ने राज्य आपदा राहत फंड से आंध्र प्रदेश को 493.60 करोड़ और तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। दोनों राज्यों को 450-450 करोड़ रुपये की पहली किस्त पहले ही जारी की जा चुकी है। राजनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वयं आपदा प्रभावित इलाकों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री से बातचीत भी की है। केन्द्र की ओर से वे आश्वसान देते हैं कि सभी संभव सहायता दी जाएगी। राहत कार्यों में सेना, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों को लगाया गया है। उन्होंने बताया



कि आज उन्होंने बाढ़ की स्थिति को लेकर हवाई सर्वे किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों से सीधी बातचीत की है। केन्द्र सरकार ने चेन्नई में बाढ़ की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए इससे निपटने के लिए तैयार योजना में 500 करोड़ की केन्द्रीय सहायता को भी मंजूरी दी है। इसके तहत राष्ट्रीय आपदा शमन कोष के तहत चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी।

इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भीषण चक्रवाती तूफान मिचौंग ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश को प्रभावित किया है। हालाँकि क्षति की सीमा अलग-अलग है, इन राज्यों के कई क्षेत्र जलमग्न हैं, जिससे खड़ी फसलें प्रभावित हो रही हैं। प्रधानमंत्री ने चक्रवाती तूफान से आवश्यक राहत प्रबंधन में राज्य सरकारों की मदद करने के लिए गृह मंत्रालय को एसडीआरएफ की दूसरी किस्त का केंद्रीय हिस्सा अग्रिम रूप से जारी करने का निर्देश दिया है। एसडीआरएफ की दूसरी किस्त के तहत आंध्र प्रदेश को 493.60 करोड़ रुपये और तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपये जारी होंगे। केंद्र ने दोनों राज्यों को समान राशि की पहली किस्त पहले ही जारी कर दी थी। उन्होंने कहा, मैं प्रभावित सभी लोगों की सुरक्षा और भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं। हम इस घड़ी में उनके साथ खड़े हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थिति जल्द से जल्द सामान्य हो जाए।

### केंद्र ने चेन्नई के लिए बाढ़ प्रबंधन योजना को दी मंजूरी, 561 करोड़ होंगे खर्च

चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण चेन्नई में बाढ़ जैसे हालात हैं। इसी बीच केंद्र सरकार ने चेन्नई के लिए देश की पहली बाढ़ प्रबंधन योजना को मंजूरी दी है। इस पर 561.29 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसमें से 500 करोड़ रुपये केंद्र सरकार देगी। गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि आगे बढ़कर समस्याओं का समाधान करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अप्रोच के तहत योजना को मंजूरी दी गई है। राष्ट्रीय आपदा शमन कोष (एनडीएमएफ) के तहत चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियां संचालित की जाएंगी। शाह ने लिखा, चेन्नई भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। पिछले आठ वर्षों में यह तीसरी बाढ़ है। महानगरीय शहरों में अत्यधिक वर्षा होने के कारण अचानक बाढ़ आने की घटनाएं बढ़ रही हैं। यह शमन परियोजना चेन्नई को बाढ़ प्रतिरोधी बनाने में मदद करेगी। यह शहरी बाढ़ शमन प्रयासों की श्रृंखला में पहला है और शहरी बाढ़ प्रबंधन के लिए एक व्यापक ढांचा विकसित करने में मदद करेगा।

### चक्रवात मिचौंग की बाढ़ के बाद बीमा उद्योग में बड़ी चुप्पी

**चेन्नई।** क्षेत्रीय नियामक सहित भारतीय बीमा उद्योग, चक्रवात मिचौंग से प्रभावित पॉलिसीधारकों को संपत्ति और जीवन के नुकसान के दावे को प्राथमिकता देने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में अजीब तरह से चुप है। चक्रवात मिचौंग के कारण, चेन्नई में भारी वर्षा हुई जिसके परिणामस्वरूप शहर में बाढ़ आ गई और आवासीय, वाणिज्यिक और विनिर्माण परिसरों में पानी भर गया। इसके परिणामस्वरूप वाहनों, घरेलू संपत्तियों, कारखाने की मशीनों और अन्य को भारी नुकसान हुआ है। उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर आईएएनएस को बताया, यह अजीब है कि आईआरडीएआई और बीमाकर्ता इस बार चक्रवात गुजरने के कई दिनों बाद भी चुप हैं।

# एआई के सभी आयामों को प्रबंधन शिक्षा से जोड़ने की जरूरत : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि एआई के कारण बहुत से लोगों को नौकरी छूटने की भी चिंता है। जो एआई को जानकर इसका सही इस्तेमाल करेगा, उसे अपनी नौकरी खोने का कोई डर नहीं होना चाहिए। उन्होंने एआई के सभी आयामों को प्रबंधन शिक्षा से जोड़ने की भी जोर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में लक्ष्मीपत सिंघानिया आईआईएम लखनऊ राष्ट्रीय लीडरशिप पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आईआईएम लखनऊ और इस तरह के अन्य संस्थानों को भी अमृत काल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम बनाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने की अंधी दौड़ ने मानवता को नुकसान पहुंचाया है। जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक गड़बड़ी उसी का परिणाम है। आज पूरा विश्व इस चुनौती से जूझ रहा है। अधिकतम लाभ की अवधारणा भले ही पश्चिमी संस्कृति का हिस्सा हो लेकिन भारतीय संस्कृति में इस अवधारणा को प्राथमिकता नहीं दी गई है। परन्तु भारतीय संस्कृति में उद्यमिता को प्रमुखता दी गई है। राष्ट्रपति ने भारत के युवा स्व-रोजगार की संस्कृति को अपनाने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। भारत का नाम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ यूनिकॉर्न हब में लिया जाता है। यह हमारे देश के युवाओं के तकनीकी ज्ञान के अलावा उनके प्रबंधन कौशल और व्यावसायिक नेतृत्व का भी उदाहरण है।

### 'मेक इन इंडिया' से निर्यात में बढ़ी वस्तुओं की हिस्सेदारी : वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "मेक इन इंडिया" सहित आर्थिक कार्यक्रम शुरू करके विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि "मेक इन इंडिया" की सफलता के कारण हमारे निर्यात में वस्तुओं की हिस्सेदारी काफी बढ़ गई है। वैष्णव ने रेल भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "मेक इन इंडिया" लॉन्च किया तो यह एक बहुत ही साहसिक कदम था।

## राज्यसभा 58 फीसदी दुर्घटनाएं पैदल चलने वाले व्यक्तियों की

# शिकार हुए 32,000 पैदल यात्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सड़क हादसों में पैदल चल रहे व्यक्ति सबसे अधिक असुरक्षित होता है। भारत में करीब 32 हजार पैदल व्यक्ति सड़क दुर्घटनाओं में हताहत हुए हैं। राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने गुरुवार को यह जानकारी सदन के समक्ष रखते हुए सड़क पर चलने वाले पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

राज्यसभा सांसद ने सदन को बताया कि सड़क पर होने वाले हादसों में 58 फीसदी दुर्घटनाएं पैदल चलने वाले व्यक्तियों की हो रही हैं। भारत में दुर्घटनाओं का यह आंकड़ा देखा जाए तो 2022 में लगभग 32,825 पैदल चलने वाले व्यक्ति दुर्घटनाओं के शिकार हुए। राकेश सिन्हा ने राज्यसभा को



बताया कि यह ग्लोबल ट्रेंड है, और इस प्रकार के हादसे पूरे विश्व में हो रहे हैं। उनके मुताबिक पूरी दुनिया में 1.2 मिलियन एक्सीडेंट होते हैं।

सिन्हा ने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 2022 में 7500 एक्सीडेंट हुए हैं। बड़ी बात यह है कि अमेरिका में हुए ये सड़क हादसे वर्ष 2010 की तुलना में 77 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं।

उन्होंने बताया कि भारत में भी इस प्रकार की सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। राकेश सिन्हा ने राज्यसभा में कहा कि पैदल चलने वालों का एक प्राकृतिक और मौलिक अधिकार होता है। जब नेशनल हाईवे का चौड़ीकरण हो रहा है तो उन स्थानों पर छोटे-छोटे व्यापारी, फल विक्रेता, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पहले से स्थित होता है।

उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि मौजूदा तथ्यों के मुताबिक, पैदल चलने वालों में 31 प्रतिशत व्यक्ति व्यावसायिक कारणों से पैदल चलते हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा कि इस संदर्भ में मैं सड़क पर चलने वाले पैदल यात्रियों की सुरक्षा की मांग करता हूं।

उन्होंने कहा कि सामान्य संदर्भ में जहां भी सड़क का चौड़ीकरण हो या विस्तारीकरण किया जाए, वहां उन स्थानों पर स्थानीयता को सुरक्षित रखा जाए। यानि स्थानीय लोग जो पैदल यात्रा करते हैं, परंपरागत तरीकों से यात्रा करते हैं, बैलगाड़ी से चलते हैं, घोड़ा गाड़ी से चलते हैं, टमटम से चलते हैं, उनकी सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा हमारा कर्तव्य है।

राकेश सिन्हा ने राज्यसभा में कहा कि चूंकि नेशनल हाईवे बड़े-बड़े शहरों को जोड़ता है, इसलिए स्थानीय लोगों को असुरक्षित महसूस नहीं होना चाहिए। इसी के साथ ही राकेश सिन्हा ने बिहार के बेगूसराय में पैदल यात्रियों को सड़क दुर्घटना से बचने के लिए दो फ्लाईओवर बनाए जाने की मांग की।

## FILMY हलचल

### कैंसर पीड़ित जूनियर महमूद की अंतिम इच्छा पर मिलने पहुंचे जीतेंद्र और सचिन

**दिग्गज** अभिनेता जूनियर महमूद पिछले कुछ समय से स्टेज 4 लिवर और फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित हैं। मौत से जूझ रहे जूनियर महमूद की अंतिम इच्छा के चलते अभिनेता जितेंद्र और सचिन पिलगांवकर से उनसे मुलाकात की। जूनियर महमूद को नवंबर में कैंसर का पता चला था और तब से उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। कुछ दिन पहले जूनियर महमूद ने जितेंद्र और सचिन पिलगांवकर से मिलने की इच्छा जताई थी। सचिन पिलगांवकर उनके बचपन के दोस्त हैं, जबकि जितेंद्र के साथ जूनियर महमूद ने कई फिल्मों में काम किया है। जैसे ही दोनों कलाकारों को उनकी इच्छा के बारे में पता चला तो दोनों महमूद से मिलने पहुंच गए। दोनों ने जूनियर महमूद से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। सचिन पिलगांवकर ने उनसे कहा कि अगर किसी भी तरह की मदद की जरूरत हो तो खुलकर बताएं। सलाम काजी के अनुसार, महमूद के बच्चों ने उनकी मदद से इनकार कर दिया और उनसे केवल अपने पिता के लिए प्रार्थना करने को कहा। उनसे मुलाकात के बाद जितेंद्र ने कहा कि, 'मैं उनसे मिला लेकिन वह मुझे पहचान नहीं सके।



### 'पुष्पा' फेम एक्टर जगदीश प्रताप बंडारी गिरफ्तार

**साउथ सुपरस्टार** अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा : द राइज' में अहम भूमिका निभाने वाले एक्टर जगदीश प्रताप बंडारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रताप ने फिल्म में पुष्पा के दोस्त केशव का किरदार निभाया था। जगदीश प्रताप को पंजागुट्टा पुलिस ने एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दरअसल, 30 साल के जगदीश एक जूनियर आर्टिस्ट के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था। उक्त महिला ने 29 नवंबर को आत्महत्या कर ली। महिला की आत्महत्या के बाद उसके परिजनों ने जगदीश पर आरोप लगाया है। शिकायत दर्ज करने और जांच के बाद पुलिस ने अभिनेता को गिरफ्तार कर लिया। 27 नवंबर को महिला किसी अन्य व्यक्ति के साथ थी। पुलिस जांच में पता चला कि उसका एक वीडियो जगदीश ने बनाया था और इसके जरिए वह उसे ब्लैकमेल कर रहा था।



### अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना 'यार कठूआई दिसंबर में...' हुआ रिलीज

**युवा दिलों** की धड़कन अरविंद अकेला कल्लू का गाना यार कठूआई दिसंबर में... गुरुवार को यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है। गाने में कल्लू और रक्षा गुप्ता की केमेस्ट्री का बवाल है। इस गाने को अरविंद अकेला कल्लू ने शिवानी सिंह के साथ गाया है, जो अभी इंडस्ट्री की नई वॉयस सनसनी बनी हुई हैं। गाने को रिलीज होने के साथ ताबड़तोड़ व्यूज मिल रहे हैं और यह तेजी से वायरल भी हो रहा है। वहीं, गाना यार कठूआई दिसंबर में... को लेकर कल्लू ने कहा कि सर्दी का मौसम है तो हमने यह गाना उसी अनुसार बनाया है। लोकगीत और भोजपुरी संस्कृति में ये सदियों से होता आ रहा है कि समय और त्यौहार के अनुसार गाने बनाये जाते हैं। मैंने उस परम्परा को जीवित रखा है और यह खूबसूरत गाना लेकर अपने चाहने वाले फैंस के सामने आया हूं। उम्मीद करता हूं कि गाना यार कठूआई दिसंबर में सभी को पसंद आएगा।



## एक नजर

### अवधेश यादव गोलीकांड का मुख्य आरोपी कृष्णा नायक गिरफ्तार

**रॉंची।** अवधेश यादव गोलीकांड का मुख्य आरोपी कृष्णा नायक को रॉंची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीते 14 सितंबर को कांके ब्लॉक चौक के पास जमीन कारोबारी अवधेश यादव को अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### 11 आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को लाइसेंस कैसे मिले ?

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बीते बुधवार को 97 आर्म्स लाइसेंस रद्द कर दिया था। इनमें 11 लाइसेंस वैसे भी थे जिन्हें एसएसपी की अनुशंसा के बाद रद्द किये गये हैं। जिला प्रशासन ने जिन 11 लोगों के लाइसेंस रद्द किये जाने से संबंधित सूची बनायी है उनमें राजधानी के चर्चित बिल्डर कमल भूषण और उनके अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या मामले में जेल में बंद अपराधी डब्लू कुजूर के भी दो हथियार हैं। हालांकि, डबलू कुजूर के दोनों लाइसेंसी हथियार पुलिस ने पहले ही जब्त कर लिया था।

### सरकार से मदरसों का पंजीयन व परीक्षा शुल्क माफ करने की मांग

**रांची।** झारखंड छात्र संघ ने राज्य सरकार से सरकारी एवं अल्पसंख्यक विद्यालय के तर्ज पर मदरसा वस्तानिया कक्षा 8 का पंजीयन एवं परीक्षा शुल्क माफ करने की मांग किया है। छात्र संघ के अध्यक्ष एस अली ने मुख्यमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री, शिक्षा सचिव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक को मांग पत्र भेजकर बताया कि झारखंड अधिविध परिषद के द्वारा गैर सहायता प्राप्त एवं अनुदानित मदरसों से वस्तानिया (कक्षा-8) में पंजीयन एवं परीक्षा शुल्क लिया जाता है। साथ ही दोनों के लिए अलग से फार्म शुल्क भी लिए जाते है। पिछले कई वर्षों से लगातार पंजीयन एवं परीक्षा शुल्क राशि हर वर्ष बढ़ा दिया जाता है। जबकि राज्य के सरकारी विधालय एवं अल्पसंख्यक विद्यालयों के कक्षा-8 के लिए पंजीयन एवं परीक्षा शुल्क नही लिया जाता है। उन्होंने बताया कि मदरसों में अधिकतर निम्न वर्ग के गरीब छात्र शिक्षा हासिल करते है। जो पंजीयन एवं परीक्षा शुल्क देने में असमर्थ होते है। ऐसी स्थिति में उनके सामने पढ़ाई छोड़कर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता है। ऐसे में बच्चें बाल मजदूरी की ओर आकर्षित हो जाते है।

### रांची में दिनभर आती-जाती रही बिजली लोकल फॉल्ट बनी वजह

**रांची।** खराब मौसम और रूक-रूक कर रांची में हो रही बारिश का असर बुधवार को बिजली आपूर्ति पर पड़ा। बारिश के कारण कई मोहल्लों में लोकल फॉल्ट की समस्या आई। जिसके कारण दो से तीन घंटे सुबह में बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली नहीं होने से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा। विशेषकर सुबह में जल संग्रह करने व दैनिक कार्य में परेशानी उठानी पड़ी। बहुबाजार इलाके में अहले सुबह से सुबह साढ़े नौ बजे तक बिजली गुल रही।

---

खेत में तैयार धान, मड़ुवा, उड़द समेत खलिहान में पड़ अनाज को घर ले जा रहे हैं किसान

# रबी की फसलों को पाला मारने का खतरा : अमरेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/खूंटी**
चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण रांची के ग्रामीण इलाकों के साथ ही खूंटी जिले में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। लगतार हो रही रिमझिम बारिश के कारण खेत खलिहानों में पड़ी धान, मड़ुवा आदि की फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। लगाार बारिश के कारण किसान खेत में तैयार धान, मड़ुवा, उड़द आदि फसलों को न काट पा रहे हैं और न ही खलिहानों में पड़े अनाज को घर ले जा पा रहे हैं। कर्रा प्रखंड के जागरूक किसान साकेत कुमार शर्मा कहते हैं कि इस बारिश ने किसानों को काफी क्षति पहुंचाई है। तैयार फसलों को बर्बाद होता देख किसान खून के आंसू रो रहे हैं। उन्होंने कहा कि धान-मड़ुव जैसी खरीफ फसलों के साथ ही इस बारिश से गेहू, जौ, चना, सरसों जैसी रबी फसलों को भी नुकसान पहुंचा रही है।

**जलजमाव वाले खेतों में रखी धान की फसल को नुकसान :** तोरपा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने कहा कि जिन किसानों ने धान की फसलों की कटाई करने के बाद फसलों को जल जमाव वाले खेतों में छोड़ दिया, उन फसलों के बर्बाद होने की काफी आशंका है, जबकि खलिहानों में रखी फसल को काफी कम नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों में खूंटी जिले में 34 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई है। उन्होंने कहा कि आठ दिसंबर से मौसम साफ होने लगेगा और नौ दिसंबर से धूप भी खिल जायेगी।

## खेतों में रखे धान को पानी से हो रहा है नुकसान : डॉ राजन चौधरी

रांची/खूंटी। चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण रांची के ग्रामीण इलाकों के साथ ही खूंटी जिले में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। लगतार हो रही रिमझिम बारिश के कारण खेत खलिहानों में पड़ी धान, मड़ुवा आदि की फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। लगाार बारिश के कारण किसान खेत में तैयार धान, मड़ुवा, उड़द आदि फसलों को न काट पा रहे हैं और न ही खलिहानों में पड़े अनाज को घर ले जा पा रहे हैं। कर्रा प्रखंड के जागरूक किसान साकेत कुमार शर्मा कहते हैं कि इस बारिश ने किसानों को काफी क्षति पहुंचाई है। तैयार फसलों को बर्बाद होता देख किसान खून के आंसू रो रहे हैं। उन्होंने कहा कि धान-मड़ुव जैसी खरीफ फसलों के साथ ही इस बारिश से गेहू, जौ, चना, सरसों जैसी रबी फसलों को भी नुकसान पहुंचा रही है।

**जलजमाव वाले खेतों में रखी धान की फसल को नुकसान** तोरपा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने कहा कि जिन किसानों ने धान की फसलों की कटाई करने के बाद फसलों को जल जमाव वाले खेतों में छोड़ दिया, उन फसलों के बर्बाद होने की काफी आशंका है, जबकि खलिहानों में रखी फसल को काफी कम नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों में खूंटी जिले में 34 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई है। उन्होंने कहा कि आठ दिसंबर से मौसम साफ होने लगेगा और नौ दिसंबर से धूप भी खिल जायेगी। कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के उप निदेशक अमरेश कुमार ने कहा कि मिचौंग तूफान से फसलों को जितनी हानि होनी थी, हो गई। हालांकि सब्जी की फसलों के लिए यह बारिश काफी लाभदायक है।

कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के उप निदेशक अमरेश कुमार ने कहा कि मिचौंग तूफान से फसलों को जितनी हानि होनी थी, हो गई। हालांकि सब्जी की फसलों के लिए यह बारिश काफी लाभदायक है। उन्होंने कहा कि बारिश खत्म हो जाने के बाद जब आसमान साफ होगा, तब ठंड का प्रकोप बढ़ सकता है और रबी की फसल खासकर कर आलू की फसल को पाला मारने की संभावना है। इसके लिए किसानों को तैयार रहना होगा।

### भदानीनगर थाना प्रभारी के खिलाफ सारे सबूत राज्यपाल को सौंपे जायेंगे : साहू

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि नैसर्गिक न्याय का तकाजा है कि पद पर बैठे कोई पदाधिकारी पर आरोप लगाया गया है तो जॉच चलने तक उस पदाधिकारी को हटा दिया जाता है। ताकि वह पदाधिकारी जॉच को प्रभावित नहीं कर सके। लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि भदानीनगर थाना प्रभारी को अब तक हटाया नहीं गया है और उन पर लगे आरोपों की जॉच की जा रही है। ऐसे में स्वाभाविक है कि सच्चाई की जॉच हो पाना संदिग्ध ही रहेगा। श्री साहु ने कहा कि जानकारी मिल रही है कि कुछ दलालों, कोयला के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों एवं क्षेत्र का एक कबाड़ी भदानीनगर थाना प्रभारी को मदद कर रहे हैं और पतरातू थाना केस न. 205/23 से जुड़े तथ्यों, लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। अगर यह सच है तो इससे आने वाले दिनों में पुलिस प्रशासन के लिए संकट ही खड़ा होगा। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की ओर से सारे सबूत के साथ राज्यपाल को एक-दो दिन के बाद पत्र सौंप कर जानकारी दी जायेगी।

---

वार्ड 22 में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

## शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित दिये गये सैकड़ों आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हिंदपीढ़ी के वार्ड नंबर 22 में आयोजित की गयी। इस शिविर में जन्म प्रमाणपत्र, वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन, सावित्रीबाई फुले, होल्डिंग टैक्स, अंचल रसीद और राशनकार्ड आदि के लिए आवेदन जमा किया गया। शिविर में आम लोगों को सभी सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। इस दौरान लगभग 200 लाभुकों के बीच कंबल एवं धोती-साड़ी का वितरण किया गया। वार्ड 22 के पार्षद प्रतिनिधि पूर्व वार्ड पार्षद मो असलम ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम चला कर सरकार जन-जन तक योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इस प्रयास से आखिरी पायदान पर खड़े लोग लाभान्वित हो रहे है। शिविर में मुख्य रूप से रांची अंचलाधिकारी मुंसीराम, नगर निगम की सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, जेएनएनयूआरएम की नीलू प्रवीण, किरण कुमारी, नगर निगम जलापूर्ति शाखा से पारस कुमार यादव, तनवीर हुसैन, होल्डिंग शाखा से पवन कच्छप, अमन यूथ सोसाइटी के अध्यक्ष दीपू गाड़ी,बदरुन निशा, फरीदा खातून सहित वार्ड क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली दुकानदार उपस्थित थे।

वेब सीरीज के लिए कांके, पुनदाग, मोरहाबादी क्षेत्र में 12 दिसंबर से होगा शूटिंग

## झारखंड में फिल्म निर्माण व स्थानीय कलाकारों को चैंबर देगा बढ़ावा




**एक्टर देवेश खान ने कहा कि झारखंड फिल्मों की शूटिंग के लिए बेहतर जगह है। यहां झरने और पहाड़ियों के बेहतर विकल्प हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड चेंबर की फिल्म, कला व उप समिति की बैठक झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स में आयोजित हुई। इस दौरान मेरी आवाज मेरी पहचान की संयुक्त टीम ने झारखंड के अंदर फिल्म निर्माण और स्थानीय नवोदित कलाकारों को आगे बढ़ाने के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता एक्टर देवेश खान और फिल्म कला उप समिति के चेयरमैन आनंद जालान ने की । वेब सीरीज के लिए कांके, पुनदाग, मोरहाबादी और रांची के आसपास के क्षेत्र में शूटिंग करने का निर्णय लिया गया। मेरी आवाज मेरी पहचान के कलाकारों के नाम की पेशकश की। शूटिंग 12 दिसंबर से की जाएगी। देवेश खान ने कहा कि स्थानीय कलाकारों के पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस उसे एक मौका चाहिए। आनंद जालान ने कहा कि हर किसी के अंदर हुनर होता है। लेकिन उन्हें उपयुक्त मंच नहीं मिलने के कारण वह अपनी प्रतिभा को आगे नहीं बढ़ा पाते है। बैठक में कुमार गहलोत, किशन अग्रवाल, शोएब उर रहमान, बुलंद अख्तर, आफताब आलम, विवेक पासवान, सुलोचना शाहदेव, कृति शाहदेव, मो परवेज और मो रिजवान आदि उपस्थित थे।

## टेबल एथिक जिंदगी में सफल होने के लिए अति आवश्यक : जे जे एडमिन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिंदगी में सफल होने के लिए टेबल एथिक अति आवश्यक है। यह बातें गुरुवार को विशप वेस्टकोट बॉयज स्कूल नामकुम में आयोजित टेबल एथिक प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य जे जे एडमिन ने कही। उन्होंने कहा कि हर स्कूल एकेडमिक शिक्षा देता है, लेकिन हम अपने स्कूल के बच्चों को ओवरऑल डेवलपमेंट के उद्देश्य से इस तरह के प्रशिक्षण शिविर आयोजित करते है। ताकि बच्चों को यह पता चल सके की टेबल एथिक्स क्या है। जब हम बाहर जाएं तो किस तरह से हमें टेबल एथिक्स को फॉलो करना है। इस मौके पर निप्स संस्थान से आए हुए प्रशिक्षक पीतांबर ने बच्चों को टेबल एथिक्स के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बच्चों ने काफी उत्सुकता दिखाते हुए कई सवाल कर जानकारी प्राप्त किए। प्रशिक्षण शिविर के समाप्ति के बाद सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ऐनटोनी, संजीव मिश्रा, रीमा एवं अंकीत आदि शामिल थे।

---

विधिक जागरूकता कार्यक्रम में आम लोगों से जुड़े कानून की दी गयी जानकारियां

## डालसा ने राहे प्रखंड मुख्यालय में ग्रामीणों के बीच चलाया जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विधिक जागरूकता अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने गुरूवार को राहे प्रखंड कार्यालय परिसर में शिविर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। डालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायामूर्ति एस चंद्रशेखर के निर्देश पर आउटरीच योजना के तहत अभियान चलाया जा रहा है। राहे प्रखंड कार्यालय परिसर में लगाये गये शिविर में एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती, पीएलवी अनिमा मल्लिक, आरती कुमारी के साथ विधि के छात्र-छात्राएं आकृत शांडिल्य, पार्वती चौरसिया, प्रतिभा प्रभा, शालिनी सिंह एवं राजा वर्मा भी शामिल रहे। एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती ने ग्रामीणों को बच्चों की सुरक्षा से और अपराध से संबंधित कानूनों के बारे जानकारी दी। एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती ने ग्रामीणों को बाल विवाह के रोकथाम के लिए कानूनी अधिकार के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बाल विवाह अधिनियम के बारे में बताया। पीएलवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाशा डाला। इसके अलावा दहेज प्रथा कानून के बारे में विस्तार से बताया।

### 9 दिसंबर के लोक अदालत भाग लेने की अपील

डालसा के पीएलवी अनिमा मल्लिक एवं आरती कुमारी ने 9 दिसंबर को आयोजित होनेवाली लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी, श्रम वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद के मामले, चेक बाउंस, वन विभाग, बिजली, ट्रैफिक चालान, भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल और विवाह से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

हाईकोर्ट में लगा ब्लड डोनेशन कैंप

## जस्टिस आनंदा सेन, रंगोन मुखोपाध्याय और महाधिवक्ता ने किया रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट में आज गुरुवार को मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। ब्लड डोनेशन कैंप की शुरूआत झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र समेत हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीशों ने की। इस मौके पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन और जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय समेत महाधिवक्ता राजीव रंजन, डीआईजी अनूप बिरथरे सहित अन्य अधिवक्ताओं, हाईकोर्ट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

**रक्त थेलेसिमिया से पीड़ित मरीजों को दिया जायेगा :** रक्तदान शिविर के उद्घाटन के मौके पर हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकार, हाईकोर्ट क न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे। ब्लड डोनेशन कैंप में जमा किया जाने वाले रक्त थेलेसिमिया से पीड़ित मरीजों को दिया जायेगा। ब्लड डोनेशन कैंप के उद्घाटन के मौके पर झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा कि रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है इसीलिए सभी स्वस्थ लोगों को रक्तदान करना चाहिए। जीवित रहते किया गया रक्तदान काफी महत्वपूर्ण होता है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

(लापता महिला रंजिता देवी, उम्र–25 वर्ष एवं दो बच्चा पियुष उम्र–07 वर्ष, आयुष उम्र–05 वर्ष)



नगरउंटारी थाना सन्हा सं0–24/2023, दिनांक–24.11.2023, में लापता 1.रंजिता देवी, उम्र–25 वर्ष, पति–राजकुमार मेहता, 2. पियुष कुमार उम्र–07 वर्ष, पिता–राजकुमार मेहता, 3. आयुष कुमार उम्र–05 वर्ष, पिता–राजकुमार मेहता, सभी सा0–कधवन, थाना–नगरउंटारी, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड, के रहने वाले है, जो दिनांक–23.11.2023 को घर से नगरउंटारी बाजार जाने की बात बोलकर निकली थी जो अबतक लापता है। लापता महिला रंजिता देवी एवं उक्त दोनों बच्चों का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला रंजिता देवी एवं उक्त दोनों बच्चों के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।
हुलिया:–1. लापता रंजिता देवी, उम्र–25 वर्ष रंग–गेहुवन, लंबाई–05 फिट।
2. लापता पियुष कुमार, उम्र–07 वर्ष, रंग–गोरा, लंबाई–2.6 फिट।
3. लापता आयुष कुमार, उम्र–05 वर्ष, रंग–गोरा, लंबाई–2.3 फिट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 312947 Police(23-24)#D

## पृष्ठ एक के शेष

**धीरज साहू के कई ठिकानों पर....**
टैक्स विभाग के अधिकारी भी हैरान रह गए। रुपयों की गिनती के लिए मशीन मंगाई गई लेकिन 50 करोड़ की गिनती के बाद मनी काउंटिंग मशीन ही बंद हो गई। इधर गुरुवार को आयकर विभाग ने उद्योगपति और कारोबारी रामचंद्र रूंगटा के रामगढ़, रांची और अन्य स्थानों पर स्थित प्लांट व कार्यालय में छापेमारी की। वहीं जमशेदपुर के व्यापारी जुगसलाई निवासी विक्की भालोटिया के घर भी इनकम टैक्स विभाग ने गुरुवार को छापेमारी की। इसके अलावा शहर में सात अन्य जगहों पर भी आईटी की छापेमारी जारी है, जिसमें एक भाजपा नेता और एक सरकारी वकील के घर भी छापेमारी की बात सामने आ रही है। वहीं व्यापारी देवेंद्र गुप्ता के घर भी आईटी ने छापेमारी की है। विक्की भालोटिया को आईटी ने कोलकाता के एक होटल से हिरासत में ले लिया है। विक्की के साथ रंजन मित्तल और एक अन्य व्यक्ति भी है। संबलपुर व कालाहांडी में भी छापेमारी सांसद व उनके परिजनों के ओडिशा के बोलांगीर, संबलपुर और कालाहांडी स्थित एक-एक ठिकाने पर छापेमारी की गई। रांची के रेडियम रोड स्थित सांसद के आवास पर काम करने के लिए पहुंचे कर्मियों को भी इनकम टैक्स विभाग के अधिकारियों ने लौटा दिया। लोहरदगा स्थित आवास पर भी आईटी की टीम ने कागजात खंगाले। इस दौरान किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। कई शराब कंपनियों द्वारा आयकर चोरी के आरोप में बुधवार देर रात तक ओडिशा के विभिन्न हिस्सों में आईटी छापेमारी चलती रही। बोलांगिर स्थित बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज को पश्चिम ओडिशा में सबसे बड़ी स्वदेशी शराब निर्माण और बिक्री कंपनियों में से एक कहा जाता है। बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर पहले आईटी ने छापा मारा था उसकी पार्टनरशिप फर्म बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज है। इनकम टैक्स की टीम ने सुंदरगढ़ के शराब कारोबारी राजकिशोर प्रसाद जयसवाल के सरगीपाली स्थित घर, ऑफिस और देशी शराब भाटी पर भी छापेमारी की गई थी। पलासपल्ली में बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के कॉर्पोरेट कार्यालय और कुछ अधिकारियों के घरों पर भी छापेमारी की गई है। तीसरी बार के सांसद हैं धीरज साहूझारखंड के लोहरदगा के रहने वाले धीरज साहू कांग्रेस के पुराने नेता हैं। 1977 में छात्र नेता के रूप में राजनीति की शुरूआत करने वाले धीरज साहू तीसरी बार के राज्यसभा सांसद हैं। इनके परिवार की कंपनियों में बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाई एश ब्रिक्स), क्वालिटी बाटलर्स प्राइवेट लिमिटेड व किशोर प्रसाद विजय प्रसाद बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। क्वालिटी बाटलर्स प्राइवेट लिमिटेड में विदेशी शराब की बाटलिंग होती है। वहीं, किशोर प्रसाद विजय प्रसाद बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड से विदेशी शराब का विपणन होता है। इनमें से कुछ कंपनियों में धीरज प्रसाद साहू भी डायरेक्टर हैं। रूंगटा के ठिकानों पर छापेमारीरामगढ़ में गुरुवार सुबह पांच बजे से रूंगटा के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापामारी चल रही है। कंपनी का रामगढ़ जिला के घुटूआ स्थित हेहल, सिरका के हेसला, कुजू के करमा और सारूबेरा में स्पंज आयरन प्लांट है। इसके घुटूआ हेहल, सिरका हेसला सहित रामगढ़ कार्यालय में छापामारी की कार्रवाई चल रही है। गेट पर अंदर से पुलिस का पहरा बैठा दिया गया है। गुरुवार को सुबह से शुरू हुई छापेमारी से हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल कोई भी कुछ बताने को आगे नहीं आया है। स्थानीय अधिकारियों को भी कोई जानकारी नहीं दी गई। मीडिया के प्रवेश पर भी अभी रोक लगा दी है। बता दें कि पहले भी कम्पनी के प्लांट और कार्यालय में कई बार छापामारी हो चुकी है। जानकारी के अनुसार बिहार और झारखंड की टीम ने रुगटा ग्रुप के प्लांट के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों को इस बात की भनक लगी थी कि रुंगटा ग्रुप के द्वारा भारी पैमाने पर इनकम टैक्स की चोरी की जा रही है। शहर के जहाज कोठी के पास स्थित उनके ऑफिस के सभी दस्तावेजों को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम कंगाल रही है। इसके अलावा कोयले के अवैध कारोबार से हुई काली कमाई पर भी यह टीम अपनी जांच कर रही है।

**झारखंड कैबिनेट की बैठक में...**
जायेगी। इसमें 25 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कैबिनेट में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा कक्षा नौ से 12 तक में अध्ययनरत सभी कोटि के छात्रों को निःशुल्क कॉपी उपलब्ध करायी जाती है। इसके लिए अधिकतम 120 पृष्ठों के लिए 30 रुपये तक प्रावधान किया जायेगा। नौ लाख से अधिक छात्रों को लाभ होगा।

**जेएमएम के फ्रंट फुट पर आने का....**
विश्लेषकों का कहना है कि इनमें से कम से कम एक राज्य में भी कांग्रेस की जीत उसे घटक दलों पर हावी होने का अवसर प्रदान करता। विशेषकर छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम ने झारखंड की राजनीति को व्यापक पैमाने पर प्रभावित किया है। तमाम एक्जिट पोलों में भी झारखंड की सीमा से सटे आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ में कांगेस सरकार की पुर्नवापसी का पूर्वानुमान जताया गया था। किंतु नतीजा ठीक उलटा रहा तथा भाजपा पूर्ण बहुमत से राजस्थान व एमपी के साथ छत्तीसगढ़ में भी सत्ता पर काबिज हो गई। इससे गठबंधन दलों के साथ सीट बंटवारे में जेएमएम निश्चित तौर पर सौदेबाजी की स्थिति में आ गई है। वहीं कांग्रेस अब बचाव की मुद्रा में रहेगी। छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य सीटों पर बीजेपी की बंपर जीत ने जेएमएम के शीर्ष नेतृत्व सहित नीति नियंताओं को भी चौकन्ना कर दिया है। पिछले विधान सभा चुनाव में आदिवासी बाहुल्य सीटों पर एकतरफा जीत से ही हेमंत को सत्ता मिली है। ऐसे में अपने गढ़ को बनाये रखने के लिए अब उन्हें नये सिरे से किलेबंदी की आवश्यकता पड़ेगी।

**पीओके छीनकर दिखाओ पूरा देश...**
जबकि पीओके शामिल होते ही मध्य एशियाई देशों से सीधा और मजबूत सड़क संपर्क भी बन जाएगा, जो श्रम-धन बचाकर अनेक देशों से व्यापारिक-सामरिक संबंधों को मजबूती भी प्रदान करेगा। दशकों से यहां चल रहे आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप खुद ही खिसक कर पाकिस्तान की हदों में पहुंच जाएंगे। संयुक्त अरब अमीरात ने भी मान लिया है कि पीओके भारत का अभिन्न अंग है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस्लामी देश भी कश्मीर मुद्दे पर अब पूरी तरह भारत के साथ खड़े हैं। पर कांग्रेस को पता है यह सब इतना आसान नहीं होगा इसलिए लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा है कि अगर हिम्मत है तो 2024 से पहले पीओके को हासिल करके दिखाओ, पूरा देश आपको वोट करेगा!

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(लापता अमरीन खातुन, उम्र–19 वर्ष)**



मेराल थाना दैनिकी सं0–11/2023, दिनांक–04.12.2023 में लापता लड़की अमरीन खातुन, उम्र–19 वर्ष, पिता–हकीम अंसारी, ग्राम–दलेली, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली है। जो दिनांक–30.11.2023 को समय करीब–07:30 बजे शाम को अपने घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई है, जो अबतक लापता है। उक्त लापता लड़की का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की अमरीन खातुन के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।
**हुलिया:**–रंग–गोरी, लम्बाई–05 फीट,
पहनावा–काला रंग का सरारा तथा पैर में सैण्डल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR312949 (Police)23-24*D

## एक नजर

### ब्लैककैप्स ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे टीम की घोषणा की

**ढाका।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बांग्लादेश के खिलाफ 17 से 23 दिसंबर तक खेली जाने वाली आगामी 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। आराम दिए गए केन विलियमसन की जगह टॉम लाथम को वनडे टीम का कप्तान चुना गया है। व्यस्त घरेलू सीजन से पहले विलियमसन, टिम साउदी , डेरिल मिचेल,मिचेल सेंटनर, ग्लेन फिलिप्स और डेवोन कॉनवे को ट्रेंट बोल्ट के साथ वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया है। लाथम और ये सभी नाम मौजूदा बांग्लादेशी टेस्ट सीरीज का हिस्सा हैं। लेग स्पिनर आदि अशोक को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है। इससे पहले वो बाल्ककैप्स की टी20 टीम का हिस्सा थे जबकि ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन और तेज गेंदबाज विल ओ'रूर्के को अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय कॉल-अप मिला। अशोक ने पहले ब्लैककैप्स के लिए एक टी20 खेला था। ईश सोढ़ी, जो ब्रेक लेने से पहले पहले टी20 के लिए उपलब्ध होंगे, उनकी जगह अशोक लेंगे। रचिन रवींद्र, जिन्हें बांग्लादेश में दोनों टेस्ट के लिए नहीं चुना गया था, टीम में दूसरे स्पिनर होंगे।

### पिस्टल नेशनल में नवीन ने व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में जीता दोहरा स्वर्ण

**नई दिल्ली/भोपाल।** आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट (एएमयू) के निशानेबाज नवीन ने पिस्टल स्पधाओं के लिए 66वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) के समापन पर पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में दोहरा स्वर्ण पदक जीता। आमीमैन ने फाइनल में 246.2 का स्कोर किया और उत्तर प्रदेश के विवेक (244.0) तथा नौसेना के उज्ज्वल मलिक (221.3) से आगे रहे। टीम प्रतियोगिता में सागर डांगी, विशाल श्रेष्ठ और नवीन की तिकड़ी ने कुल 1742 अंक जुटाकर नौसेना को पीछे छोड़ दिया, जिसके 1737 अंक थे। हरियाणा ने कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन में उच्चतम स्कोर भी सेना के निशानेबाज निशांत रावत ने दर्ज किया, जिन्होंने 589 का स्कोर बनाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की।

### अर्जेंटीना ने प्रो लीग सीजन 5 की सफल शुरूआत की

**सैंटियागो।** एफआईएच प्रो लीग 2023-24 सीजन की शुरूआत में दो अत्यधिक प्रतिस्पर्धी मैचों में अर्जेंटीना की महिला और पुरुष टीमों ने सैंटियागो डेल एस्टेरो में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ अनुकूल परिणाम हासिल किए। महिलाओं के मैच में जहां दोनों गोलकीपर शानदार फॉर्म में थे। निर्धारित समय कोई भी टीम स्कोर नहीं कर पाई। इसके बाद मुकाबला शूटआउट में गया जहां अर्जेंटीना ने 2-1 से जीत हासिल की। फिर पुरुषों के मैच में अगस्टिन मैज़िली और टॉमस डोमेन के दो विश्व स्तरीय फिनिश ने अर्जेंटीना को 2-1 से जीत और ग्रेट ब्रिटेन पर अधिकतम अंक दिलाए। अर्जेंटीना के लिए मैज़िली अगस्टिन (11') और डोमिन टॉमस (41') ने गोल किया जबकि ग्रेट ब्रिटेन के लिए सैम वार्ड (60') ने फुल टाइम बजर के अंतिम क्षणों पर टीम का एकमात्र गोल दागा।

# मो. शमी आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए शार्टलिस्ट किए गए



शमी ने 2023 विश्व कप में विकेट लेने के में शीर्ष स्थान हासिल किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, ऑस्ट्रेलिया के वनडे विश्व कप विजेता ट्रैविस हेड और ग्लेन मैक्सवेल की जोड़ी को नवंबर 2023 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। शमी ने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में विकेट लेने के चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया, और महीने के दौरान कई शानदार प्रदर्शनों के साथ भारत के गेंदबाजी आक्रमण का शानदार नेतृत्व किया, हालांकि मेजबान टीम जीत की प्रबल दावेदार होने के बावजूद उपविजेता रही। शमी को भारत की अंतिम एकादश में देर से शामिल किया गया, लेकिन उसके बाद उन्होंने बड़ा प्रभाव छोड़ा। उन्होंने नवंबर की शुरूआत मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के साथ की, जिसमें उन्होंने 5-18 के शानदार आंकड़ों के साथ बल्लेबाजी लाइनअप को तोड़ दिया, जिससे हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। हालाँकि, उनके अभियान का मुख्य आकर्षण मुंबई में उसी स्थान पर न्यूजीलैंड पर सेमीफाइनल की जीत थी, जिसमें उन्होंने 57 रन देकर सात विकेट लिए और अहमदाबाद में फाइनल के लिए मेजबान टीम का टिकट बुक किया, जो विश्व कप नॉकआउट मैच के दौरान किसी भी गेंदबाज के लिए सर्वश्रेष्ठ आंकड़े थे। कैलेंडर माह के दौरान, शमी ने 12.06 की शानदार औसत से 15 विकेट लिए। मैक्सवेल को नवंबर के शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार इस सम्मान के लिए चुना गया है, जिसमें मुंबई में अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप के शानदार प्रदर्शनों में से एक शामिल है। 91 रन सात विकेट गिरने के बावजूद जीत के लिए 292 रन का पीछा करते हुए, मैक्सवेल ने अपने पूरे शरीर में ऐंठन से पीड़ित होने के बावजूद, अपने नाबाद 201 रन में 31 चौके लगाकर ऑस्ट्रेलिया को नॉकआउट चरण में सुरक्षित प्रवेश दिला दिया। अहमदाबाद में फाइनल में तेजी से आगे बढ़ते हुए, मैक्सवेल ने फिर से महत्वपूर्ण योगदान दिया, एक अनुशासित गेंदबाजी की और विजयी रन बनाने से पहले रोहित शर्मा के खतरे को दूर किया।

मैक्सवेल ने भारत के खिलाफ बाद के टी20 मैचों में भी शानदार प्रदर्शन किया और घर लौटने से पहले गुवाहाटी में तीसरे मुकाबले में 48 गेंदों में नाबाद 104 रन बनाए। इस बीच, हेड को पहली बार महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है क्योंकि उनके मैच जीतने वाले योगदान ने ऑस्ट्रेलिया को इस साल जून में लंदन में भारत पर जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीतने में मदद की थी। ऐसी ही एक कहानी भारत में सामने आई, जिसकी परिणति नॉकआउट चरण में दो खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के रूप में हुई।



मैक्सवेल ने गुवाहाटी में 48 गेंदों में नाबाद 104 रन बनाए

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए डरबन पहुंची भारतीय टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को पहले टी-20 मैच से शुरू होने वाली आगामी बहु-प्रारूप श्रृंखला के लिए डरबन पहुंचने पर भारतीय खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने भारतीय टीम का स्वागत किया और रेनबो नेशन में उतरने पर उनके साथ तस्वीरें लीं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में खिलाड़ियों को दक्षिण अफ्रीकी



हवाई अड्डे पर पहुंचने पर होटल कर्मियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत करते देखा जा सकता है। वीडियो में मोहम्मद सिराज, मुख्य कोच राहुल द्रविड़, सूर्यकुमार यादव, रुतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर और यशस्वी जयसवाल एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिख रहे हैं। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेगी, जो रविवार, 10 दिसंबर से शुरू होगी और 14 दिसंबर तक चलेगी। इसके बाद एकदिवसीय श्रृंखला 17 दिसंबर से शुरू होगी और 21 दिसंबर तक चलेगी। इसके बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में और दूसरा टेस्ट 3 जनवरी से केपटाउन में होगा, जिसमें सीनियर खिलाड़ियों की वापसी होगी।

## आईसीसी ने टी-20 विश्व कप के लिए नए लोगों का किया अनावरण

**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए नए लोगो को अनावरण किया। यह लोगो टी20 क्रिकेट में फेंकी गई हर गेंद में निहित नाटकीयता को दशार्ता है, जो अपने तेज-तर्रार एक्शन और हाई-ऑक्टेन क्षणों के लिए प्रसिद्ध है। लोगो में विश्व कप 2024 के मेजबान देशों से प्रेरित बनावट और पैटर्न शामिल हैं, जिसमें वेस्टइंडीज के ताड़ के पेड़ों और संयुक्त राज्य अमेरिका की 'धारियों' वाला एक विशिष्ट पैटर्न शामिल है। लोगो में, बल्ले, गेंद और ऊर्जा का रचनात्मक मिश्रण है, जो टी-20 क्रिकेट के मूल तत्वों का प्रतीक है। गेंद के भीतर का स्ट्राइक ग्राफि क टी20 में अनुभव किए गए अनूठे माहौल और विद्युत ऊर्जा को दशार्ता है, जिसमें जिग-जैग पैटर्न बढ़ते उत्साह और दिल को छू लेने वाले क्षणों का संकेत देता है। आईसीसी के महाप्रबंधक (विपणन और संचार) क्लेयर फर्लांग ने कहा, ₹आईसीसी पुरुष और महिला टी20 विश्व कप विश्व स्तर पर क्रिकेट प्रशंसकों को एक शानदार अनुभव देने का वादा करता है। हमें उम्मीद है कि नया लोगो उस दृष्टि और ऊर्जा को प्रतिबिंबित करेगी।

### यूपी योद्धाज ने हरियाणा स्टीलर्स को 57-27 से हराया

**अहमदाबाद।** यूपी योद्धाज ने बुधवार रात ईकेए एरिना बाय ट्रांसस्टेडिया में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर हरियाणा स्टीलर्स को 57-27 के भारी भरकम अंतर से हरा दिया। रेडर सुरेंदर गिल (13 अंक) और परदीप नरवाल (12 अंक) के अलावा डिफेंडर सुमित (8 अंक) ने यूपी योद्धाज के लिए मैच जिताऊ प्रदर्शन किया। मैच के शुरूआती मिनटों में दोनों टीमों ने नियमित अंतराल पर अंक बटोरे। बोनस अंकों की संख्या तेजी से घटने के साथ, स्टीलर्स के आशीष ने अपनी टीम को मुकाबल में बने रहने में मदद करने के लिए प्रदीप नरवाल पर सुपर टैकल किया।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का विधायक ने किया उद्घाटन

## परिवार हो या खेल, अनुशासन जरूरी : कोचे मुंडा

**एजेंसी। खूंटी**

तोरपा प्रखंड परिसर में गुरुवार से तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने फुटबॉल में किक मारकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में तोरपा प्रखंड की सभी 16 पंचायतों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन मैच कमड़ा और तोरपा पश्चिमी पंचायत के बीच खेला गया, जिसमें तोरपा पश्चिमी की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में कमड़ा पंचायत की टीम को 2-0 से पराजित कर दिया।मौके पर विधायक ने कहा खेल हो या परिवार सबसे अनुशासन जरूरी है। अनुशासन के बिना तो खेल में जीत हासिल हो सकती है और न ही परिवार चल सकता है। खेल में एक कप्तान के निर्देश पर खेल होता और परिवार भी किसी बड़ बुजुर्ग के नेतृत्व में



चलता है। इसलिए अपने जीवन में हमेशा अनुशासन बनाये रखें। कोचे मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खेल और खिलाड़ियों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था कि अंतरराष्ट्रीय खेलों में मेडल के लिए पूरा देश तरसता था, पर जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई खेल संस्कृति विकसित की है, तब से देश में मेडलों की बरसात हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड खासकर खूंटी जिला हमेशा खेल में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। कई खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर जिला और राज्य का नाम देश-विदेश में रोशन किया है। खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए विधायक ने कहा कि जिस प्रकार महेंद्र सिंह धोनी मैदान में उतरता है, तो पूरा स्टेडियम धोनी-धोनी से गूंज उठता है, उसी प्रकार आप भी अपनी प्रतिभा का इस प्रकार प्रदर्शन करें कि जब आप मैदान में प्रवेश करें,मौके पर तोरपा प्रखंड के प्रमुख संतोष कुमार कर, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा, सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### श्रीसंत से जुड़ी घटना की आंतरिक जांच होगी

**सूरत।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) भारत के पूर्व साथियों गौतम गंभीर और एस. श्रीसंत से जुड़ी घटना में आचार संहिता के उल्लंघन की आंतरिक जांच करेगा। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि क्रिकेट जगत में जिस घटना की चर्चा हो रही है, वह आचार संहिता का उल्लंघन है और लीग की आचार संहिता और आचार समिति द्वारा बताए गए स्पष्ट नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में इंडिया कैपिटल्स और गुजरात जाइंट्स के बीच एलएलसी सीजन 2 एलिमिनेटर मैच के दौरान गंभीर और श्रीसंत के बीच तीखी बहस हो गई और अंपायरों को मामले को सभ्य बनाए रखने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा।

# जीत से अंक पाने के लिए भिड़ेंगी जमशेदपुर और चेन्नइयन एफसी

**एजेंसी। जमशेदपुर**

जमशेदपुर एफसी गुरुवार शाम अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग (2023-24) में अपने आगामी मैच में चेन्नइयन एफसी की मेजबानी करेगी। आईएसएल में हर मुकाबले की अपनी एक अनूठी कहानी होती है, और यह भी अलग नहीं है। रेड माइनर्स उस कोच का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं जो उन्हें भारतीय फुटबॉल के उच्चतम शिखर पर ले गया। ओवेन कॉयल अब मरीना मचान्स के हेड कोच हैं, लेकिन उन्होंने जमशेदपुर एफसी को 2021-22 में आईएसएल लीग विनर्स शील्ड जीतने में मदद की थी। स्कॉटिश कोच की शानदार क्षमता का सच्चा प्रमाण यह है कि उन्होंने एक हल्की सी टीम का उत्थान करके उसे



अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचाया था और मजबूत टीम मुम्बई सिटी एफसी को पछाड़कर प्रतिष्ठित शील्ड को पुनः प्राप्त करने में मदद की थी। शायद उच्च स्तर पर समाप्त करने में विश्वास रखने वाले, कॉयल ने अपने मूल स्थान क्वींस पार्क एफसी में जमशेदपुर एफसी छोड़ दिया, जहां उन्होंने एक साल के कार्यकाल पूरा किया। उसके बाद उन्होंने चेन्नइयन एफसी के रूप में एक नई चुनौती स्वीकार की, जिसके साथ जुड़ने के लिए वह 2019 में पहली बार भारत आए थे। जमशेदपुर एफसी सबसे गर्मजोशी से भरे प्रशंसकों के साथ शानदार मेजबानी करने के लिए जाना जाता है और कॉयल को उम्मीद होगी कि वे खुली बांहों से उनका स्वागत करेंगे। हालांकि, फैंस अपनी फुटबॉल के प्रति समान रूप से भावुक हैं, और इस कारण स्कॉट कूपर पर महत्वपूर्ण तीन अंक अपनी झोली में डालने का दबाव होगा। कूपर बार-बार इस बात पर जोर देते रहे हैं कि अंक तालिका यह नहीं बताती है कि इस समय सीजन में टीमें वास्तव में कहां खड़ी हैं। हालांकि, उनके दिमाग में यह बात जरूर चल रही होगी कि उनकी टीम को कहीं अधिक बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है, जितना वो इस समय कर रही है। ऐसा नहीं है कि वे अपेक्षित प्रयास करने में असफल हो रहे हैं।

### प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नाहिदा, फरगाना, सादिया का नाम

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर और फरगाना हक की जोड़ी के साथ-साथ पाकिस्तान की बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल को नवंबर 2023 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। मीरपुर में बांग्लादेश को पाकिस्तान पर 2-1 से जीत दिलाने के बाद नाहिदा को लगातार दूसरे महीने नामित किया गया है। अपने टी20 प्रयासों के लिए अक्टूबर में नामांकित इस बार वह वनडे में अपने प्रदर्शन के कारण शॉर्टलिस्ट में हैं। बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा ने तीन मैचों में 14.14 की औसत से सात विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता। पहले मैच में 30 रन देकर तीन विकेट लिए और निर्णायक अंतिम मैच में 26 रन देकर तीन विकेट लिए।

# बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित

**एजेंसी। वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के लिए अपनी 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन, तेज गेंदबाज विल ओ'रूर्के और लेग स्पिनर आदि अशोक को शामिल किया गया है। टॉम लैथम टीम का नेतृत्व करेंगे क्योंकि नियमित वनडे कप्तान केन विलियमसन के साथ टिम साउदी, डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर, ग्लेन फिलिप्स और डेवोन कॉनवे को घरेलू सत्र से पहले आराम दिया गया है। 13 सदस्यीय टीम में शामिल किए गए ऑकलैंड के 21 वर्षीय अशोक ने अगस्त में यूएई के खिलाफ अपना टी20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था और

**न्यूजीलैंड टीम**

**टॉम लैथम (कप्तान), आदि अशोक (मैच 2 और 3), फिन एलन, टॉम ब्लंडेल, मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, हेनरी निकोल्स, विल ओ'रूर्के, रचिन रवींद्र, ईश सोढ़ी ( पहले मैच के लिए), विल यंग।**

वह दूसरे और तीसरे वनडे के लिए टीम का हिस्सा होंगे, जब लेग स्पिनर ईश सोढ़ी पहले गेम के बाद नियोजित ब्रेक लेंगे। अशोक के नाम 18 लिस्ट ए मैचों में 24 विकेट हैं। 26 वर्षीय क्लार्कसन ने 68 लिस्ट ए गेम खेले हैं, जिसमें उनका बल्ले से औसत 32.37 और स्ट्राइक रेट 99.48 रहा है। एक मध्यम गति के गेंदबाज के रूप में, उन्होंने 23 पारियों में 26.55 की औसत और 5.31 की इकॉनमी से 27 विकेट लिए हैं। कैंटरबरी के 22 वर्षीय ओ'रूर्के ने 17 मैच खेले हैं और 23.25 की औसत और 5.01 की इकोनॉमी से 27 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा, ₹इस साल सर्दियों में क्रिकेट की मात्रा और तीव्रता का मतलब है कि हमें खिलाड़ियों के लिए कार्यभार के साथ संतुलन बनाने की जरूरत है, खासकर उन खिलाड़ियों के लिए जो कई प्रारूप खेलते हैं। टीम 14 दिसंबर को डुनेडिन में इकट्ठा होगी, जहां 17 दिसंबर को बांग्लादेश के

## झारखंड के खेल संघों को अनुदान देगी राज्य सरकार

**एजेंसी। रांची**

राज्य सरकार नयी खेल नीति के आधार पर झारखंड के खेल संघों को अनुदान देगी। इसके लिए खेलकूद विभाग ने अर्हता धारी खेल संघों से 15 दिसम्बर तक आवेदन मांगे हैं। झारखंड के खेल संघ अनुदान के लिए भरे हुए आवेदन और जरूरी डॉक्यूमेंट्स मोरहाबादी, रांची स्थित निदेशालय कार्यालय में 15 दिसम्बर तक जमा कर सकते हैं। खेल निदेशालय की जारी सूचना में कहा गया है कि झारखंड के वैसे खेल संघ जिनके राष्ट्रीय महासंघ की मान्यता भारतीय ओलंपिक संघ से तथा राज्य इकाई की मान्यता झारखंड ओलंपिक संघ से प्राप्त हो, उन्हें अनुदान मिलेगा।





विभागीय अधिसूचना संख्या 32, 20-12-2022 में वर्णित शर्तों, अर्हताओं को भी जो पूरा करते हों, वे भी इसका लाभ ले सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभिन्न स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन या राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदारी के पूर्व राज्य के चयनित खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए निर्धारित फॉर्मेट में अनुदान राशि के लिए आवेदन खेल संघ कर सकते हैं। यह आवेदन 10 जून, 2022 को जारी विभागीय संकल्प संख्या-4, (झारखंड खेल नीति-2022) तथा 20 दिसम्बर, 2022 को जारी विभागीय अधिसूचना संख्या-32 के आधार पर आमंत्रित किया जा रहा है।

### डब्ल्यूपीएल नीलामी के बारे में नहीं सोचा था : डैनी व्याट

**मुंबई।** 9 दिसंबर को होने वाली डब्ल्यूपीएल के दूसरे संस्करण की नीलामी से पहले इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी व्याट ने कहा कि भारत के खिलाफ टी20 ओपनर में 75 रनों की शानदार पारी खेलने के दौरान उनके मन में नीलामी के बारे में कोई विचार नहीं था। वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के लिए अपने 150वें टी20 मैच में डैनी ने सिर्फ 47 गेंदों में 75 रन बनाए। अपनी क्रीज का अच्छा इस्तेमाल करते हुए उन्होंने मैदान में चारों तरफ खेला और स्पिनरों के खिलाफ रन बनाकर इंग्लैंड को 197/6 पर पहुंचाया। जवाब में भारत यह मुकाबला 38 रनों से हार गया। डैनी का कारनामा शनिवार को डब्ल्यूपीएल नीलामी से ठीक पहले सामने आया है, जिसके लिए उन्होंने अपना नाम रखा है।

**विवाद**

## ओवल में पीएम प्लेइंग-11 के खिलाफ पाकिस्तान का अभ्यास मैच

# मैच के दौरान स्कोरबोर्ड पर नस्लवादी शब्द

**एजेंसी। कैनबरा**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मनुका ओवल में प्रधानमंत्री प्लेइंग-11 के खिलाफ पाकिस्तान के चार दिवसीय अभ्यास मैच के पहले दिन स्कोरबोर्ड पर नस्लवादी शब्द प्रदर्शित होने के बाद बुधवार को माफी मांगी है। एक स्टिकर जिसने शुरूआती दिन लोगों का ध्यान खींचा। स्कोरकार्ड पर पाक के बजाय 'पीआई' लिखा दिखाई दिया। जैसा कि 'पीआई' शब्द का प्रयोग उन लोगों को अपमानित करने के लिए किया जाता है जो मूल रूप से दक्षिण एशियाई हैं। एक ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार डैनी सईद ने तुरंत इस ओर ध्यान आकर्षित किया और स्कोरिंग को तुरंत संशोधित किया गया। सीए ने तुरंत मामले को गंभीरता से लिया और एक बयान के साथ समस्या का समाधान किया। बयान में कहा गया, ₹ग्राफिक एक ऑटोमेटिक फीड डाटा था जिसका उपयोग पहले पाकिस्तान मैच के लिए

**सीए ने मांगी माफी**



नहीं किया गया था। यह स्पष्ट रूप से गलत था। जैसे ही हमें इसके बारे में पता चला हमने तुरंत कार्रवाई की। शान मसूद की कप्तानी वाली पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया पीएम-11 के खिलाफ वार्मअप मैच में पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मसूद ने टेस्ट कप्तान के रूप में शानदार शुरूआत की और 298 गेंदों में 201 रनों की पारी खेली। हालांकि, जॉर्डन बकिंघम 81 रन देकर 5 विकेट लेकर पीएम-11 के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। पाकिस्तान ने 9 विकेट पर 391 रन बनाकर पारी घोषित की। जिसमें अन्य बल्लेबाजों जैसे बाबर आजम (40), सरफराज अहमद (41) और अब्दुल्ला शफीक (38) ने भी अपना योगदान दिया । पैट कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान की तीन मैचों की श्रृंखला की शुरूआत चार दिवसीय अभ्यास मैच के समापन के बाद 14 दिसंबर को पर्थ स्टेडियम, पर्थ में होगी।

### दिल्ली पुलिस ने अदालत में लिखित दलीलें दाखिल कीं

**नई दिल्ली।** छह महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में दिल्ली पुलिस ने बुधवार को यहां की एक अदालत के समक्ष लिखित दलीलें दाखिल कीं, जिसमें आरोपी भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के बारे में अपना पक्ष रखा। राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने पुलिस की लिखित दलीलों की प्रति आरोपियों और शिकायतकर्ताओं के वकीलों को सौंपी। यह मामला अब 20 दिसंबर को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।


### यह प्रदर्शन कर वापसी का समय : बटलर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि वह अपनी खराब फॉर्म से 'तंग' आ चुके हैं और अब समय आ गया है कि वह गुणवत्तापूर्ण बल्लेबाजी करके 'वह खिलाड़ी बनें जिसे वह जानते हैं।' बटलर पूरे वनडे विश्व कप में फॉर्म के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने सितंबर के बाद अपना पहला अर्धशतक बनाया, 45 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाकर इंग्लैंड को बुधवार को दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह विकेट से जीत दिलाई। बटलर ने 'बीबीसी' के हवाले से कहा, मैं फॉर्म की तलाश कर रहा हूं। मेरे लिए ऐसे क्षण आए हैं जब यह निराशाजनक रहा है। मैं इससे तंग आ रहा था, इसलिए अब समय आ गया है कि मैं प्रदर्शन करूं और उस खिलाड़ी के पास वापस आऊं जिसे मैं जानता हूं कि मैं हूं। बटलर दूसरे वनडे से पहले अपने पिछले आठ मैचों में पांच एकल अंकों के स्कोर पर आउट हो गए थे। हालाँकि, इंग्लैंड के कप्तान की मैच विजेता पारी ने उन्हें वनडे में 5,000 रन तक पहुंचने वाला सातवां इंग्लिश बल्लेबाज बना दिया।

## 'जॉनसन-वार्नर के बीच मतभेद सुलझाने में मदद की पेशकश'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने टीम के पूर्व साथी मिचेल जॉनसन और डेविड वार्नर से 'आमने-सामने बातचीत' करने और अपनी असहमति पर चर्चा करने का आग्रह किया है। ऑप्टस स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ अगले हफ्ते होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले क्रिकेट चर्चा पर हावी तीखी प्रतिक्रिया के बीच, पोंटिंग ने एक स्थानीय समाचार पत्र में जॉनसन ने जो हमला वॉर्नर पर किया उसको बातचीत के जरिए सही करने की पेशकश की। पोंटिंग ने नाइजीरिया टीवी शो सनराइज डेली को बताया, मुझे किसी स्तर पर इन दोनों लोगों के बीच आना होगा... मुझे लगता है कि मुझे मध्यस्थ बनने की जरूरत है और उन दोनों को एक कमरे में लाना चाहिए। मीडिया में इसे उछालने के बजाय उन्हें इसे बाहर करने देना चाहिए।'दोनों बहुत ही समझदार हैं और हम जानते हैं कि यह मुद्दा जो अब सामने आया है वह छह या आठ महीने पुराना है। ऐसा लगता है कि यह



एक ऐसा मुद्दा है जो उन दोनों में से किसी के भी बैठे और सामने आए बिना ही चल रहा है। पोंटिंग ने वार्नर का समर्थन करते हुए कहा,वह वो व्यक्ति नहीं है जो विदाई दौरे के बारे में यह सब बातें कह रहा है। वो बस अगले सप्ताह पर्थ में उस टेस्ट मैच में लाइन अप करना चाहता है और कुछ रन बनाना चाहता है। उसने स्पष्ट कर दिया है कि वह सिडनी में समापन करना चाहता है। जॉनसन ने द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन के लिए एक कॉलम में अपनी अस्वीकृति व्यक्त की और सवाल उठाया कि बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को हीरो की तरह विदाई क्यों दी जा रही है जबकि वह अभी भी 2018 बॉल-टैम्परिंग कांड में अपनी भूमिका को स्वीकार नहीं कर रहे हैं।